e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 19
रविवार
19.01.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जिंदगी जिंदगी नहीं जिम्मेदारी है,
जिसे हम जीते कम निभाते जाता है!

### स्वामित्व योजना के तहत पीएम मोदी ने 65 लाख संपत्ति कार्डों का किया वितरण

# स्वामित्व योजना से गांव व गरीब होंगे सशक्त: पीएम मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक कार्यक्रम में देश के 230 से अधिक जिलों के करीब 50,000 गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम में शामिल हुए। इस स्वामित्व योजना से 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के लाखों लोगों को फायदा होगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल, मप्र, महाराष्ट्र, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, यूपी और जम्मू- कश्मीर एवं लद्दाख के संपत्ति मालिकों को संपत्ति कार्ड जारी किए गए।

### क्या है स्वामित्व योजना ?

स्वामित्व योजना ग्रामीण भारत की आर्थिक प्रगति को बढ़ाने की दृष्टि से 24 अप्रैल, 2020 को (राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर) प्रधानमंत्री की ओर से शुरू की गई थी। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन के रिकॉर्ड को डिजिटल तरीके से तैयार किया जाता है, जिससे भूमि विवादों को कम किया जा सके। गौरतलब है कि योजना के तहत 3.17 लाख से अधिक गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, जो लक्ष्य का 92 फीसदी है। वहीं, 1.53 लाख गांवों के लिए करीब 2.25 करोड़ संपत्ति कार्ड तैयार किए गए हैं।

### 21वीं सदी में लोगों को संपत्ति का अधिकार देना एक बड़ी चुनौती

कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन देश के गांवों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ऐतिहासिक है। यह एक बड़ी समस्या थी, लेकिन राज्य सरकारों, अधिकारियों और ग्राम पंचायत के हजारों सहयोगियों की कोशिशों से लाखों लाभार्थियों को स्वामित्व योजना का लाभ मिला। पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में दुनिया के सामने कई चुनौतियां हैं, जिनमें जलवायु परिवर्तन, पानी की कमी, स्वास्थ्य समस्याएं और आपदाएं प्रमुख हैं, लेकिन दुनिया एक और बड़ी चुनौती से जूझ रही है और वो है संपत्ति का अधिकार। कई वर्ष पहले संयुक्त राष्ट्र ने एक अध्ययन किया था, जिसमें कई देशों में संपत्ति के अधिकारों का अध्ययन किया गया था। इस अध्ययन में पता चला कि दुनिया के कई देशों में लोगों के पास उनकी संपत्ति के कानूनी दस्तावेज ही नहीं हैं।

**10** राज्यों व दो केंद्र शासित प्रदेशों के लाखों लोगों को फायदा होगा।

230 से अधिक जिलों के करीब 50,000 गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए।

**21वीं** सदी में दुनिया के सामने कई चुनौतियां हैं : मोदी



### लोन लेने और सरकारी योजनाओं में मिलेगा फायदा

पीएम मोदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने साफ कहा था कि अगर गरीबी को कम करना है तो लोगों को संपत्ति का अधिकार देना बेहद जरूरी है। भारत भी इस चुनौती से अछूता नहीं है और हमारी स्थिति भी अन्य देशों जैसी ही है। गांवों में लोगों के पास लाखों-करोड़ों रुपये की संपत्ति है, लेकिन उनके पास इसके कानूनी दस्तावेज नहीं हैं। ऐसे में मालिकाना हक को लेकर विवाद होते हैं। कई जगहों पर ताकतवर लोग गरीबों की जमीनों पर कब्जा कर लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वामित्व कार्ड्स बांटने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लाभार्थियों से बात भी की। उन्होंने कहा कि इस योजना से लोगों को ऋण और सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

### स्वामित्व और भू-आधार गांवों के विकास की नींव बनेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा, पिछली सरकारों को इस संबंध में कुछ कदम उठाने चाहिए थे, लेकिन कुछ खास नहीं किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि दलित, पिछड़े वर्ग और आदिवासी इस कानून से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा, कानूनी संपत्ति अधिकार मिलने के बाद लाखों लोगों ने ऋण लिया है। उन्होंने इस पैसे का इस्तेमाल अपना कारोबार शुरू करने में किया है। इनमें से कई किसान हैं, जिनके लिए ये संपत्ति कार्ड वित्तीय सुरक्षा की गारंटी है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वामित्व और भू-आधार गांवों के विकास की नींव बनेंगे।

## झारखंड विधानसभा में 25 समितियों का हुआ पुनर्गठन

### कल्पना सोरेन बनीं महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा की 25 समितियों का पुनर्गठन किया है। इसके लिए सभापति और सदस्यों के नामों की अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार, गांडेय की झामुमो विधायक कल्पना सोरेन को महिला एवं बाल विकास समिति का सभापति बनाया गया है। बरही के भाजपा विधायक मनोज कुमार यादव को लोकलेखा समिति की जिम्मेदारी दी गई है। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो विशेषाधिकार समिति, नियम समिति और याचिका समिति के सभापति होंगे। इसी तरह विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी सामान्य प्रयोजन समिति,हेमलाल मुर्मू प्राक्कलन समिति, निरल पूर्ति सरकारी उपक्रम समिति, अरूप चटर्जी सरकारी आश्वासन समिति,बसंत सोरेन प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति, प्रदीप यादव जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति, रामेश्वर उरांव आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति,उमाकांत रजक निवेदन समिति,स्टीफन मरांडी अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति, रामचन्द्र सिंह सदाचार समिति, नीरा यादव पुस्तकालय विकास समिति, उदयशंकर सिंह पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति, चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह विधायक निधि अनुश्रवण समिति, भूषण तिर्की शून्यकाल समिति, राज सिन्हा गैर सरकारी संकल्प समिति, सुरेश पासवान अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति,सविता महतो युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति, दशरथ गगराई आवास समिति,सरयू राय प्रत्यायुक्त समिति और विकास मुंडा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले समिति के सभापति होंगे।

**बरही के भाजपा विधायक मनोज कुमार यादव को लोकलेखा समिति की जिम्मेदारी दी गई है। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो विशेषाधिकार समिति, नियम समिति और याचिका समिति के सभापति होंगे।**

## क्विक न्यूज

### भारत एक महान राष्ट्र है और यह हम सभी का है : फारूक

**श्रीनगर :** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की 'भारत की आजादी' वाली टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी।उन्होंने कहा कि भारत एक महान राष्ट्र है और यह हम सभी का है और हमने बडी मेहनत से आजादी हासिल की है। हमें इस आजादी को बनाए रखने के लिए भाईचारा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि मोहन भागवत और सभी लोग एक ऐसा भारत बनाएंगे जिसमें हम सद्भाव और प्रगति के साथ रह सकें। हम सभी ऐसा भारत चाहते हैं।बता दें कि सोमवार को मोहन भागवत ने कहा था कि भारत ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन सच्ची आजादी देखी। मध्य प्रदेश के इंदौर में एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि भारत की सच्ची आजादी जिसने कई शताब्दियों तक उत्पीडन का सामना किया, राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन स्थापित हुई।

### रोजगार मेला में 716 युवकों को मिली नौकरी

**भागलपुर :** बिहार में युवाओं को रोजगार देने के लिए बिहार सरकार की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत शनिवार को श्रम संसाधन विभाग के नियोजन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अवर प्रादेशिक नियोजनालय द्वारा भागलपुर में एक दिवसीय नियोजन सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र के 35 नियोजकों ने आपकी सहभागिता दर्ज कराई। जिसमें 716 रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। जिसके लिए जिले के विभिन्न जगहों से बेरोजगार लोग मेला में एकत्रित हुए और नौकरी प्राप्त की है। मेला के दौरान विभिन्न कंपनियों के 30 से स्टॉल लगाए गए थे।मेला का उद्घाटन उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह और श्रम संसाधन विभाग के उपनिदेशक नियोजन के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

### विश्व शांति दिवस के रूप में योग-साधना के साथ मनाई ब्रह्मा बाबा की 56वीं पुण्य तिथि

**सिरोही :** ब्रह्माकुमारी संस्थान के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की 56वीं पुण्य तिथि शनिवार को विश्व शांति दिवस के रूप में मनाई गई। देश-विदेश से पहुंचे 15 हजार से अधिक भाई-बहनों ने ब्रह्ममुहूर्त से योग-साधना के माध्यम से बाबा के प्रति अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। डायमंड हाल में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ बीके सदस्यों ने बाबा की विशेषताओं, गुणों के बारे में बताया। अलसुबह तीन बजे से ही हर कोई बाबा की याद में रमा नजर आया। मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी ने माउंट आबू में पांडव भवन में बाबा की स्मृति में बने शांति स्तंभ पर पहुंचकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर सभी वरिष्ठ दीदियां और भाई मौजूद रहे।

### वन विभाग ने 32 कोयला खदान को किया सील

**हजारीबाग** : जिले में अवैध कोयला खनन के खिलाफ वन विभाग ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने 32 अवैध कोयला खदानों के मुहानों को डोजर से बंद कर दिया है। इन खदानों से स्थानीय लोग जान जोखिम में डालकर अवैध रूप से कोयला निकाल रहे थे। जानकारी के अनुसार, बड़कागांव क्षेत्र में कई जगहों पर छोटे-छोटे मुहाने बनाकर अवैध खनन किया जा रहा था।स्थानीय लोग इन खदानों से कोयला निकालकर जिले के विभिन्न फैक्ट्रियों और ईट भट्ठों को सप्लाई करते थे। खनन के दौरान जब खदानों में पानी भर जाता था, तो उसे निकालने के लिए पंप का भी इस्तेमाल किया जाता था। वन विभाग के बडा बाबू एके परमार ने बताया कि कोयला परिवहन के लिए ट्रैक्टरों का उपयोग किया जाता था और जंगल में नए रास्ते बनाने के लिए पेड़ों की अवैध कटाई भी की जा रही थी।


### राष्ट्रीय खेलों के आयोजन स्थलों की दीवारों पर उकेरी जाएगी उत्तराखंड की संस्कृति

**देहरादून :** 38वें राष्ट्रीय खेलों को ऐतिहासिक बनाने में उत्तराखंड सरकार जुटी हुई है। खेलों के लिए राज्य की संस्कृति को आयोजन स्थलों की दीवारों पर उकेरा जाएगा। खेल मंत्री रेखा आर्या का कहना है कि राष्ट्रीय खेलों के ऐतिहासिक और सफल आयोजन से देशभर में नजीर पेश करेंगे। आयोजन के लिए प्रदेश पूर्ण रूप से तैयार है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $24^0$ |
| न्युनतम | $13^0$ |

## आरजी कर रेप-हत्या मामले में आरोपी संजय रॉय दोषी करार



- संजय रॉय को बीएनएस के सेक्शन 64, 66 और 103(1) के तहत दोषी करार दिया गया है।
- सजा का ऐलान सोमवार को होगा।

**एजेंसी**

**कोलकाता :** कोलकाता के चर्चित आरजी कर रेप-हत्या मामले में जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। कोर्ट ने इस मामले में आरोपी संजय रॉय को दोषी करार दिया है। उसकी सजा का ऐलान सोमवार को होगा। संजय रॉय को बीएनएस के सेक्शन 64, 66 और 103(1) के तहत दोषी करार दिया गया है। संजय रॉय ने कोर्ट में खुद को निर्दोष बताया। जज ने संजय से कहा कि आप पर आरोप लगाया गया है कि 9 अगस्त को आप आरजी कर में दाखिल हुए और आपने डॉक्टर पर हमला किया और उनकी मृत्यु हो गई और आपने उनके साथ यौन उत्पीड़न किया। इन सबके विरुद्ध धारा 64,66 और धारा103(1) दी गई है। अपराध सिद्ध हो गया है और आप दोषी पाए गए हैं। जज ने कहा कि धारा 64 यानी 10 वर्ष से कम नहीं और धारा 66 यानी 25 वर्ष या आजीवन कारावास की सजा या मृत्युदंड। और जिस तरह से तुमने पीड़िता का गला दबाया, तुम्हें मौत या कारावास की सजा दी जा सकती है। सोमवार को क्वांटम की जानकारी दी जाएगी। मेरा अवलोकन सीबीआई द्वारा दिए गए साक्ष्यों से है। तुम्हें आज जेल भेजा जाता है। इस पर संजय ने कहा कि मुझे झूठा फंसाया गया है।

## चुनाव जीतने पर किराएदारों को देंगे फ्री बिजली-पानी: केजरीवाल

**केजरीवाल का कहना है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद हम ऐसी योजना लेकर आएंगे जिससे किराएदारों को भी फ्री बिजली और पानी का फायदा मिल सके।आप ने दिल्ली पुलिस पर कथित तौर पर अरविंद केजरीवाल से जुड़ी एक डॉक्यूमेंट्री चलाने पर रोक लगाने का दावा किया है।**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए एक और बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि आप सरकार दिल्ली में किराएदारों को फ्री बिजली और पानी देगी। केजरीवाल का कहना है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद हम ऐसी योजना लेकर आएंगे जिससे किराएदारों को भी फ्री बिजली और पानी का फायदा मिल सके।आप ने दिल्ली पुलिस पर कथित तौर पर अरविंद केजरीवाल से जुड़ी एक डॉक्यूमेंट्री चलाने पर रोक लगाने का दावा किया है।

आप का कहना है कि भाजपा के कहने पर दिल्ली पुलिस ने डॉक्यूमेंट्री अनब्रेकेबल की स्क्रीनिंग पर रोक लगाई है। यह डॉक्यूमेंट्री अनब्रेकेबल आप नेताओं के जेल जाने को लेकर बनी है। शनिवार को प्यारे लाल भवन में डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग होनी थी। अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, आज भाजपा की साजिशों और षड्यंत्रों का पर्दाफाश करने वाली फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई थी। इसमें आप के नेताओं को फर्जी तरीके से जेल भेजने की भाजपा की साजिशों को दिखाया गया। यह स्क्रीनिंग प्राइवेट थी। इसका चुनाव से कोई संबंध नहीं था, लेकिन भाजपा ने दिल्ली पुलिस को भेजकर स्क्रीनिंग रुकवा दी।केजरीवाल इससे पहले दिल्ली की जनता से कई वादे कर चुके हैं। महिला सम्मान योजना के तहत महिलाओं के लिए पहले हर महीने 2100 रुपये देने का वादा किया है। महिलाओं को डीटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा जारी रखने की बात भी कही गई है।

## महाकुंभ में रामचरितमानस बनी श्रद्धालुओं की पहली पसंद



**एजेंसी**

**महाकुंभ नगर :** विश्व का सबसे बडा मेला इन दिनों संगम नगरी प्रयाग में चल रहा है। प्रतिदिन लाखों यात्री और श्रद्धालु संगम में पवित्र डुबकी लगाने और साधु संतों के दर्शन की अभिलाषा से पहुंच रहे हैं। मेला क्षेत्र में चारों ओर अध्यात्म, भक्ति और ज्ञान की त्रिवेणी भी हिलोरे मार रही है। मेला क्षेत्र में धार्मिक पुस्तकों की बिक्री के स्टाल और दुकानें सजी हैं। मेले में सबसे ज्यादा गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरितमानस को पसंद किया जा रहा है। खास बात यह है कि युवा हों या बुजुर्ग सभी की रूचि रामचरितमानस को लेकर काफी देखी जा रही है। इस ग्रंथ के अलावा अन्य धार्मिक पुस्तकों की तरफ भी लोगों की रूचि देखने को मिल रही है। बाल्मीकि रचित रामायण और श्रीमदभगवद् गीता को लोग खरीद रहे हैं। धार्मिक पुस्तकों के बडे प्रकाशकों में से एक गीता प्रकाशन से जुडे कमल पटेल कहते हैं, महाकुंभ में स्नान के बाद प्रयाग की पवित्र भूमि से अपने साथ धार्मिक पुस्तकें घर ले जाने की परंपरा है। श्रद्धालु रामचरित मानस की सबसे ज्यादा मांग कर रहे हैं। गोस्वामी तुलसीदास की रामचरित मानस के साथ साथ वाल्मीकि रचित रामायण भी लोगों को खूब भा रहा है। उन्होंने बताया कि, 'हमारे यहां 70 रुपये से लेकर 1600 रुपये तक की रामचरितमानस विभिन्न साइज में उपलब्ध है। हालांकि सबसे ज्यादा 400 और 500 रुपये वाली प्रतियां बिक रही हैं। दुर्गासप्तशती, विष्णु सहस्त्रनाम, सत्य नारायण व्रत और नित्यकर्म गीता की भी डिमांड है। महाकुभं मेले में पहुंचे श्रद्धालु श्रीरामचरितमानस को घर ले जा रहे हैं। महाकुंभ आए श्रद्धालु कहते हैं कि, 500 रुपये वाली रामचरित मानस खरीदी है। काफी दिनों से रामचरित मानस खरीदने की सोच रहा था। प्रयाग से अच्छा कोई दूसरा स्थान नहीं हो सकता।

## जमीन विवाद में एक की हत्या, तीन घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिले के समिति बाजार गेट के पास जमीन विवाद में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के इंदिरा गांधी रोड निवासी छोटू रंगसाज के रूप में हुई है. इस घटना में साई मोहल्ला निवासी इरशाद रंगसाज (40 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. वहीं, दूसरे पक्ष के दो लोग भी गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने छोटू रंगसाज को मृत घोषित कर दिया. पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है. घायल इरशाद ने बताया कि वह और छोटू बाजार गेट के पास बैठे थे. इसी दौरान करीब 10 लोग लोहे की पाइप लेकर वहां पहुंचे और दोनों पर हमला कर दिया. जब तक छोटू और इरशाद कुछ समझ पाते, तब तक उनको गंभीर चोटें आ चुकी थी. अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने छोटू को मृत घोषित कर दिया.घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ नीरज कुमार और थाना प्रभारी बृज कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की.

असर्फी हॉस्पिटल,धनबाद
सतर्क रहे! ठंड में हार्ट अटैक का खतरा 30% ज्यादा होता है
आज ही हमारे हृदय रोग विशेषज्ञ से मिले
7808368888 www.asarfihospital.com Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

# पीएम कुसुम योजना को लेकर डीसी ने की बैठक

## 100 योग्य लाभुकों की सूची को किया गया अनुमोदित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को उनके कार्यालय कक्ष में पीएम कुसुम योजना अंतर्गत सोलर पंप सेट वितरण और इंस्टॉलेशन के लिए लाभुकों के चयन समिति की बैठक आयोजित की गयी। इसमें जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा 100 योग्य लाभुकों की सूची को अनुमोदित करते हुए ज्रेडा के निदेशक को भेजने का निर्णय लिया गया।विदित हो कि वर्ष 2024 अंतर्गत ज्रेडा निदेशक द्वारा प्राप्त कुल 171 ऑनलाइन आवेदनों में से जिला स्तर पर कुल 119 ऑनलाइन आवेदन को सही पाया गया। इसके बाद जांच हेतु सभी 119 आवेदनों को ब्लॉक भेजा गया जिसके पश्चात अंतिम रूप से 100 योग्य किसानों/लाभुकों के आवेदन को आज की बैठक में अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला कल्याण पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, विद्युत विभाग एवं लघु सिंचाई प्रमंडल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**क्या है पीएम कुसुम योजना**

प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत छोटे किसानों जिनके पास ढाई एकड़ से अधिक ज़मीन हो उन्हें सोलर पंप लगाने के लिए आर्थिक मदद दिया जाता है।इस योजना के तहत वैसे किसानों का चयन किया जाता है जिनके खेत में ग्रिड कनेक्टिविटी की सुविधा न हो।चयन के उपरांत सभी किसानों को सिंचाई कार्य हेतु 2 एचपी,3 एचपी एवं 5 एचपी सोलर पंप के लिये क्रमशः 5, 7, व 10 हज़ार रूपये की राशि देनी होती है बाकी सभी शेष राशि अनुदान स्वरूप सरकार द्वारा वहन किया जाता है। किसी भी किसान द्वारा इस योजना का लाभ हेतु pmkusum.jharkhand.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

# जेएनवी प्रवेश परीक्षा कदाचारमुक्त सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** भारत सरकार द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय पलामू 02 के कक्षा 6 में प्रवेश परीक्षा हुसैनाबाद में कदाचारमुक्त कराया गया, इस परीक्षा को सफल बनाने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त दिखी सभी केंद्रों पर एसडीएम स्तर से मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था साथ अनुमण्डल पुलिस स्तर से सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। हुसैनाबाद जिले के कुल ग्यारह प्रखण्डों से 1753 परिकक्षार्थियो का था पंजीकृत लेकिन इसमें कुल 1377 ही उपस्थित थे शेष 376 अनुपस्थित रहें। इधर परीक्षा को सफल बनाने में नवोदय विद्यालय के प्राचार्य अशहर रूमी, नामांकन प्रभारी सह लाइब्रेरी आशमुनि प्रसाद, अभिषेक कुमार, नसीम मालिक, शालिनी तिग्गा, नितिन पाण्डे, आदि सभी कर्मियों ने परीक्षा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, वंही हुसैनाबाद प्रखण्ड के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र +2बालिका उच्च विद्यालय में प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट अंचलाधिकारी पंकज कुमार, थाना के एसआई नर्मदेश्वर सिंह, स्कूल के प्राचार्य प्रेम प्रकाश कुमार सिंह ने अपने अपने कार्यो में तैनात दिखे, वंही अनुमण्डल पदाधिकारी गौरांग महतो ने सभी केन्द्र पर जाकर स्वेम निरीक्षण किया साथ ही साथ क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कौलेश्वर दास, बीईओ रामनरेश राम शंकर राम गिरवर राम ने भी निरीक्षण किया।

# यज्ञ के चौथे दिन माता रानी का हुआ महास्नान व पूजन



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान स्थित मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ के चौथे दिन माता की प्रतिमा का महास्नान व पूजन कर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान की शुरुआत कर दी गई। महायज्ञ के चौथे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा की। पूर्व मंत्री भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह, अजीत सिंह ने भी यज्ञशाला की परिक्रमा कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर से वैदिक मंत्रोचारण के साथ माता का डोला उठाया गया। डोला को नगर भ्रमण के उपरांत पुनः मंदिर परिसर लाया गया। मंदिर निर्माण व पांच दिवसीय महायज्ञ भाजपा नेता सह पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कराने का प्रण लिया था। उसे पूरा किया है। यज्ञ के यजमान चंदन कुमार सिंह एवं ज्योत्सना सिंह हैं। यज्ञशाला की परिक्रमा में बड़ी संख्या में शामिल महिला पुरुष ने अनुमंडल मैदान में लगे मेला का भी आनंद लिया। रविवार को भंडारा के साथ यज्ञ कार्यक्रम संपन्न हो जाएगा। दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ के चौथे दिन पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि सृष्टि को चलने वाले के प्रति आस्था सभी को होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने मंदिर निर्माण कर माता की भव्य प्रतिमा स्थापित करने का जो प्रण लिया था, उसे माता ने पूरा कराया। उन्हें काफी खुशी है। उन्होंने राज्य व पलामू वासियों की खुशहाली की कामना माता रानी से की। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद शहर में माता का भव्य मंदिर बन जाने से आम लोगों को पूजा पाठ करने में सुविधा होगी। उन्होंने भंडारा में क्षेत्र वासियों को आमंत्रित करते हुए उन्हें मंदिर परिसर पहुंचने का आग्रह किया है। इस मौके पर मां तारा शक्ति मंदिर महायज्ञ कमेटी के संरक्षक, भाजपा नेता सह पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह,भाजपा नेता सह पूर्व मुखिया राम प्रवेश सिंह, मिथलेश पाठक, अध्यक्ष प्रकाश लाल अग्रवाल, सचिव चंदन सिंह, कोषाध्यक्ष पवन अग्रवाल एवं रतन लाल, मीडिया प्रभारी प्रिंस शर्मा, उपाध्यक्ष राम प्रवेश सिंह (मास्टर साहब), रणजीत पासवान, संजय सिंह, रामराज मेहता, विमलेश सिंह, सह सचिव अजय गुप्ता, मनु सिंह, विनय पासवान, व्यवस्थापक, सुधीर सिंह, बलराम मेहता, बसंत चौहान, दुर्गा शर्मा, लल्लू, सीबी रमन सिंह, हंसराज सिंह, चिराग पासवान, व्यवस्थापक उदय विश्वकर्मा, रविन्द्र कांस्यकर, पूजा प्रमुख, बीटू बाबा, विपुल बाबा, अखिलेश बाबा, केएन गिरी, जयप्रकाश के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

# रोटरी स्कूल में परीक्षा केन्द्र पर शांति पूर्ण जेएनवी प्रवेश परीक्षा सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत रोटरी स्कूल में शनिवार को परीक्षा केन्द्र पर जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु तीन प्रखंडों के लिए 662 परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस परीक्षा केन्द्र पर चैनपुर प्रखंड के 223 व रामगढ़ प्रखंड के 80 तथा लेस्लीगंज प्रखंड के 359 छात्र छात्राओं के लिए परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। विद्यालय के केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य अश्लेष कुमार पाण्डेय ने बताया कि चैनपुर प्रखंड के 223 विद्यार्थियों में 142 विद्यार्थी एवं रामगढ़ प्रखंड के 80विद्यार्थियों में 38विद्यार्थी एवं लेस्लीगंज प्रखंड के 359विद्यार्थियों में 314 विद्यार्थी उपस्थित हुए। परीक्षा शान्ति पूर्ण कदाचार मुक्त ससमय सम्पन्न कराई गई।ज्ञातव्य हो कि रोटरी स्कूल चैनपुर को विगत 7 वर्षो से जेएनभी प्रवेश चयन परीक्षा का केन्द्र बनाया जा रहा है। इस प्रवेश परीक्षा का संचालन केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा किया जाता है। इस चयन परीक्षा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभा शाली बच्चों को पढ़ाई हेतु सुविधा प्रदान करना है ताकि प्रतिस्पर्धा की भावना बनी रहे। इस परीक्षा केन्द्र पर दंडाधिकारी अभिषेक पासवान कनीय अभियंता चैनपुर, जेएनभी पलामू-1 की ओर से केंद्र पर्यवेक्षक के रूप में ब्रजेश कुमार, आरके राणा, बीके सिंह ने अपना योगदान दिया। मौके पर सत्येंद्र प्रसाद, पूनम कुमारी, स्मिता सिंह, श्याम बिहारी गुप्ता, उमा कांत मिश्र, गौरी शंकर मिश्र, नम्रता पाण्डेय हर्षाबाला, सुषमा कुमारी, अरबिंद पाण्डेय सहित दर्जनों शिक्षकों ने विक्षक के रूप में अपना योगदान दिया।

# एके सिंह कॉलेज जपला में भाषण एवम निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** एके सिंह कॉलेज जपला के द्वारा राष्ट्रीय युवा सप्ताह अंतर्गत स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और विचार विषय पर भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य सूर्यमणि सिंह की अध्यक्षता में किया गया। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में संचालित कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, प्रो0 रामसुभग सिंह, प्रो0 अरुण कुमार सिंह,प्रो0 शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो राहुल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। भाषण प्रतियोगिता में कई छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और विचार विषय पर अपना अपना विचार व्यक्त किया। संभाषण के लिए रिंकी कुमारी को प्रथम स्थान, राखी मेहता को द्वितीय तथा बीरबल कुमार को तृतीय स्थान के लिए चयनित किया। जबकि निबंध प्रतियोगिता में मूल्यांकन के पश्चात प्रथम स्थान पर रिंकी कुमारी, द्वितीय स्थान पर प्राजक्ता कुमारी तथा तृतीय स्थान पर राखी मेहता को चयनित किया गया।छात्र-छात्राओं के संबोधन के पश्चात हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ आलोक रंजन, शिक्षक प्रतिनिधि डॉक्टर आनंद कुमार सिंह, शैक्षणिक प्रभारी प्रोफेसर डॉ राम सुभग सिंह ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश का भविष्य युवा शक्ति के ऊपर निर्भर है। युवा शक्ति सबल और सशक्त होगा तभी स्वामी विवेकानंद के बताए संदेश को आत्मसात कर युवा देश के विकास में सकारात्मक भूमिका निभा सकता है।

# अवैध बालू ढुलाई करते हुए पकड़े गये 2 ट्रैक्टर

**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंचलाधिकारी शंभू राम ने बालू लदे दो ट्रैक्टर को पकड़ कर स्थानीय थाना को सुपूर्द किया है। भवनाथपुर क्षेत्रों में बालू के अवैध कारोबार का सिलसिला जारी है। बीते दिनों अखबार में खबर प्रकाशित किया गया था। इस मामले में सूचना मिलते ही अंचल अधिकारी शंभू राम ने शनिवार को केतार की तरफ से बालू लेकर आ रहे दो ट्रैक्टर को रोक कर जांच पड़ताल किया। जांच पड़ताल के दौरान चालक ने चलान दिखाया जिसमें खोखा से बरडीहा का था। ट्रैक्टर केतार प्रखंड के पाचाडुमर मुखिया श्यामसुंदर बैठा तथा केतार पंचायत के उप मुखिया संजय पाल का बताया जा रहा है। जिसके बाद चालान से संतुष्ट नहीं होने पर दोनों ट्रैक्टर को थाना को सुपूर्द कर दिया। इस संबंध में अंचलाधिकारी शंभू राम ने बताया कि अवैध बालू कारोबार की सुचना के आलोक में कारवाई किया गया है। चलान खोखा से बरडीहा का है तो भवनाथपुर में ट्रैक्टर बालू लेकर क्या करने आया था, जो जांच का विषय है। जिला खनन पदाधिकारी को इस संदर्भ में लिखा जायेगा। इस बाबत थाना प्रभारी रंजनी रंजन ने बताया कि अंचलाधिकारी ने ट्रैक्टर पकड़ कर सुपुर्द किया है। इसकी इंट्री थाना में किया जायेगा। अंचलाधिकारी के आदेश पर आगे कार्रवाई किया जायेगा।

# हुसैनाबाद प्रखण्ड कार्यालय भगवान भरोसे संचालित

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड के पतरा खुर्द पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमार पासवान ने कहा कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजना अबूआ आवास के प्रखंड समन्वयक को विगत तीन माह पहले कार्य मुक्त कर दिया जा चुका है जबकि आज तक दूसरे अधिकारी से अतिरिक्त प्रभार देकर काम करवाया जा रहा जिसके चलते आवास समन्वयक का कार्यालय अधिक दिन बन्द मिलता है। इससे हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में दूर-दूर से आए हुए व्यक्तियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। वही प्रखण्ड समन्वयक पंचायती राज हुसैनाबाद राजू जी को भी जिला कार्यालय बुलाकर काम करवाया जा रहा है जिसके चलते यह भी कार्यालय बंद पड़ा मिलता है। मैं झारखंड सरकार एव उपयुक्त महोदय से मांग करता हूं की अभिलंब हुसैनाबाद प्रखंड में प्रखंड समन्वयक के अस्थाई रूप से पद स्थापित कर आवास कार्य को गति देने का कृपा करें।

# डिग्री कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती महोत्सव सह खेलकूद का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** अनुमंडल स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज, सड़मा, छतरपुर मे स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा महोत्सव चक समापन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य प्रो राजकिशोर लाल ने कहा कि कलकत्ता के एक कुलीन बंगाली कायस्थ परिवार में जन्मे विवेकानंद का नाम नरेंद्रनाथ दत्त था, जिनका जन्म 12 जनवरी, 1863 को हुआ था। वे शुरू से ही आध्यात्मिकता की ओर झुकाव रखते थे।वे पश्चिमी दुनिया में वेदांत और योग के भारतीय दर्शन को पेश करने में एक प्रमुख व्यक्ति थे। उन्होंने औपनिवेशिक भारत में ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ लड़ने के लिए एक उपकरण के रूप में भारतीय राष्ट्रवाद की अवधारणा में योगदान दिया। विवेकानंद ने रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। उन्हें शायद अपने भाषण के लिए सबसे ज्यादा जाना जाता है वहीं प्रो अखिलेश सिंह एवं अमित कुमार सिंह ने भी उनकी जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कॉलेज के खेल विभाग द्वारा वार्षिकोत्सव खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमे लुड्डो, कैरम तथा चेस का खेल विधार्थियो के बीच खेल कराया गया। मंच का संचालन योगेंद्र विश्वकर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो मुन्नी देवी ने किया। मौके पर कॉलेज कर्मियों सहित सैकड़ो विधार्थी उपस्थित रहें।

# मंईया सम्मान योजना के लिए ब्लॉक के चक्कर काट रही है महिलाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाज़ार (पलामू) :** पलामू जिले के अंतर्गत नौड़ीहा बाजार प्रखंड कार्यालय में हर दिन दर्जनों महिलाएं मईया सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए ब्लॉक के चक्कर काट रहीं हैं। परन्तु सरकार के ओर से अभी पोर्टल बंद होने से हर रोज सभी महिलाएं निराशा लेकर घर लौट रही हैं। आज भी ब्लॉक परिसर में ऑनलाइन किया हुआ आवेदन लेकर घूमते दिखी दर्जनों महिलाएं उन्होंने बताया कि हम सभी मईया सम्मान योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन करवाएं परंतु एक भी किस्त अभी तक नहीं आया। हम सभी को आए कई घंटा हो गया कोई पदाधिकारी सुधी लेने को भी तैयार नहीं है। मुनिया देवी, कंचन कुमारी, रिंकी देवी पिंकी देवी, कमला देवी, सोनी देवी, आंचल देवी, अनीता देवी सहित कई महिलाएं प्रखंड कार्यालय में भटकती रही।

# लोहरदगा जिला की विकास मेरी पहली प्राथमिकता होगी : शिल्पी नेहा तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को राज्य के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री माननीय शिल्पी नेहा तिर्की का लोहरदगा जिला के विभिन्न क्षेत्रों में विभाग से संबंधित औचक निरीक्षण के लिए आए थे। इसी क्रम में लोहरदगा जिला के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए लोहरदगा परिषद भवन पहुंचे। जहां लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखेर भगत के नेतृत्व में मंत्री महोदया का जोरदार स्वागत किया गया। संगठन के विभिन्न प्रकोष्ठों से आए कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया। बारी-बारी से लोगों ने मंत्री को बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मंत्री महोदया ने कांग्रेसी नेताओ एवं कार्यकर्ताओं से संगठन के संदर्भ में विशेष चर्चा किये और उन्होंने आस्वस्त किया कि लोहरदगा क्षेत्र का जो भी समस्या होगा उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। और उन्होंने कहा की संगठन के कार्यकर्ताओं के लिए मैं हमेशा तत्पर रहूंगी, और इस क्षेत्र के विकास के लिए भी मैं प्रतिबद्ध हूं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुखेर भगत,प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद,प्रदेश सचिव जगदीप भगत एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उपाध्यक्ष विनोद उरांव, जिला महासचिव सनियारो उरांव, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव फहद खान, सदरुल अंसारी, जुगल भगत, अनिल उरांव, विनोद सिंह खैरवार, किस्को प्रमुख सुचित्रा भगत, पेशरार प्रमुख सीता देवी, सिंह प्रमुख फुलझरी देवी, सुशीला देवी, अमृता उरांव, राजमणि उरांव, संगीता उराव, सुनीता उरांव, अनिमा कुजूर, प्रदीप विश्वकर्मा, गुलाम जिलानी, सैफ अहमद, इमरान आजाद अंसारी, नंदकिशोर शुक्ला,गुलाम मुर्तुजा, दीपक ठाकुर, मुनीम अंसारी, तबरेज मिर्धाहा, सोहराय उरांव, विजय उराव, मनौवर आलम, शुभम सहदेव, हरि उरांव, सुखदेव उरांव उपस्थित थे।

# ऑडियोलॉजिस्ट धनंजय कुमार जयसवाल की पुत्री का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर के ऑडियोलॉजिस्ट धनंजय कुमार जयसवाल के पुत्री नित्या कुमारी का चार वर्ष पूरा होने पर शुक्रवार को मेदिनीनगर शहर के होटल ग्लैक्सी इन में नित्या का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।ऑडियोलॉजिस्ट धनंजय जायसवाल ने अपनी पुत्री की जन्मदिवस के विशेष अवसर पर उसे शुभकामनाएं व ढेर सारा आशीर्वाद दिया।उन्होंने कहा की नित्या तुम अपने नाम की तरह ऐसे ही मुस्कुराते रहो। तुम्हारे जीवन की हर राह खुशियां और सफलताओं से भरी हो तथा ईश्वर की कृपा सदैव तुम पर बनी रहे। वही नित्या की मां तन्नू जायसवाल ने बेटी नित्या की जन्मदिन पर उसे ढेर सारी शुभकामनाएं दी। तन्नू जयसवाल ने कहा कि केवल बेटी को जन्म देना ही पर्याप्त नहीं है, उसे जीवन में काबिल बनाना भी हम सबका कर्तव्य है। हमें आज के समय में बेटियों को किसी भी क्षेत्र में कम नहीं आंकना चाहिए। कन्या भ्रूण हत्या एक बहुत ही घिनौना अपराध है, हम सभी को इस बुराई को जड़ से मिटाने का संकल्प लेना होगा ताकि एक स्वच्छ समाज का निर्माण हो सकें। वही जन्मदिन के शुभ अवसर पर धनंजय कुमार जायसवाल के छोटे भाई अमित कुमार जयसवाल, कुमार गौरव, अमन जयसवाल, अमित यादव, विकाश कुमार, मुन्ना कुमार, उमेश कुमार, अभिमन्यु कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य लोगो ने नित्या कुमारी को जन्मदिन की शुभकामनाएं और बधाई दिया। वही जन्मदिन के शुभ अवसर पर नित्या के रिश्तेदारों ने फेसबुक और व्हाट्सएप पर भी नित्य को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी।

# अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया समीक्षा बैठक का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** गढ़वा जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस कमिटी डिसॉल्व होने के बाद कॉग्रेस नेताओ का सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक आयोजित किया गया।जिसमें प्रदेश द्वारा नियुक्त पलामू प्रमंडल के प्रभारी अरशदुल कादरी और मो गुलरेज अख्तर अंसारी मौजूद थे। बैठक में अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला कमिटी तथा प्रदेश कमिटी पे चर्चा किया गया, जिसमें मौजूद तमाम लोगों ने आपसी सहमति से एक सुर में पूर्व जिलाध्यक्ष ई0 खुर्शीद आलम को पुनः जिलाध्यक्ष बनाए जाने का किया समर्थन। वहीं बैठक में शामिल लोगों ने ई0 खुर्शीद आलम को मिले अल्पसंख्यक कार्यकाल का सराहना करते हुए दुबारा जिलाध्यक्ष पद के लिए नाम चयन किया। साथ ही लोगों ने कहा कि ई0 खुर्शीद आलम के अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष बनने से जिले में संगठन को मजबूती मिलेगी। बैठक में प्रभारी जनाब गुलरेज अख्तर ने कहा कि अल्पसंख्यक की मजबूती के लिए एक साथ आने का अपील किया, साथ ही प्रभारी जनाब अरशदुल कादरी ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज में अपनी भागीदारी को पहचाने और अपनी कयादत बनाए। गढ़वा जिला कांग्रेस अध्यक्ष ई0ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा अल्पसंख्यकों को हक व हुकूक सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस ही करती है बाकी पार्टियां अल्पसंख्यकों के साथ छलावा एवं दिखावा करती है समीक्षा बैठक का नेतृत्व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ई0खुर्शीद आलम ने किया, श्री आलम ने बैठक में आए सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। इस समीक्षा बैठक में शामिल हुए। मौके पर समाज सेवी मुख्तार अंसारी, पूर्व विधायक प्रत्याशी सुजाउद्दीन अंसारी, मो0 संजर अंसारी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ऋषभ चंद्रवंशी, एनएसयूआई प्रदेश सचिव हसनैन रज़ा, एनएसयूआई महासचिव इजहार अंसारी, शाहिद रज़ा, खुर्शीद आलम, प्रो0जमील अहमद, बशीरुद्दीन अंसारी, डा0 महताब आलम, शमशाद आलम, करार हुसैन, जमशीद आलम, कलीमुद्दीन अंसारी, अब्दुल रज्जाक खान, फिरोज अंसारी, जफर इकबाल, मो कयामुद्दीन, मंसूर अंसारी, अनवर आलम, आबिद हुसैन, यूसुफ अंसारी, प्रो0शमीम अंसारी, प्रो0मोहसिन जलाल अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

उत्तराखण्ड शासन

देवभूमि रजत उत्सव


युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS

UTTARAKHAND

INDIA

38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड 25 रजत जयंती वर्ष





## 38वें राष्ट्रीय खेल

# उत्तराखण्ड में आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**28 जनवरी-14 फरवरी, 2025**

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## इन स्थानों पर होंगे नेशनल गेम्स

**देहरादून:** स्क्वॉश, तीरंदाजी, शूटिंग पिस्टल और राइफल, 5 गुणा 5 और 3 गुणा 3 बास्केटबॉल, जिम्नास्टिक, नेटबॉल, वुशु, जूडो, रग्बी सेवन्स, लॉन बॉल, एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, टेनिस।

**ऋषिकेश टिहरी:** इक्सट्रीम सलालम, कैनोई सलालम, बीच हैंडबॉल, बीच वॉलीबॉल, बीच कबड्डी।

**ऊधमसिंह नगर:** साइकिलिंग ट्रैक, साइकिलिंग रोड, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, शूटिंग ट्रैप, स्केट, मलखंब।

**हल्द्वानी:** फुटबॉल, खो-खो, ताइक्वांडो, मॉडर्न पैंटॉथालान, स्वीमिंग, फेंसिंग, ट्रायथलॉन।

**हरिद्वार:** हॉकी, कबड्डी, कुश्ती, कलारीपयट्टू।

**नई टिहरी:** क्याकिंग और कैनोइंग (स्प्रिंट), रोइंग।

**नैनीताल(भीमताल):** साइकिलिंग एमटीबी।

**अल्मोड़ा:** योगासन।

**पिथौरागढ़:** बॉक्सिंग।

**चंपावत:** रॉफ्टिंग।

## संकल्प से शिखर तक

देशभर के करीब 10,000 खिलाड़ी अपना हुनर दिखाएंगे

राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से उत्तराखण्ड की खेल प्रतिभाओं को एक नया मंच मिलेगा

35 खेल स्पर्धाओं में दमखम दिखाएंगे देशभर के खिलाड़ी


योग व मलखंब को किया गया है राष्ट्रीय खेलों में शामिल




तेजस्विनी (मशाल)

मौली (मैस्कट)







अधिक जानकारी के लिए लॉगइन करें:-
https://38nguk.in/

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

RO2025011723975

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा पंचायत विसरिया के वार्ड न. 9 कुटाम में कम्बल वितरण किया गया



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा पंचायत विसरिया के वार्ड न. 9 कुटाम में कांग्रेस नेता शमशेर आलम के अगुवाई में जरूरतमंदो के बीच कम्बल वितरण किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में मुख्यरुप से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नगेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला सचिव मंजूर मोमिन, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला महासचिव रमजान अंसारी, महताब अंसारी,दशरथ कुम्हार इत्यादि कांग्रेस जनों की गरिमायी उपस्थिति रही। इस सफल कार्यक्रम के लिए सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने कांग्रेस नेतागण का आभार जताया।

## नीलगिरी मेला धूमधाम से सम्पन्न



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत छोटा चांगडु के नीलगिरी पहाड़ में टुसू मेला धुमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। मेले का संचालन त्रिलोचन बड़ाइक ने किया। मेले में टुसू (चौड़ाल) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दुर दराज से ग्रामीण महिलाएं टुसू लेकर मेले में पहुंचे। मेले में काफी भीड़ जमी रही।सुबह से ही नीलगिरी पहाड़ में श्रद्धालुओं की भीड़ जमी रही एवं मंदिर में पुजा अर्चना किया। धीरे धीरे भीड़ मेले में तब्दील हो गई। मेले में खाने पिने के साथ और भी कई प्रकार के स्टाल लगाए गए थे। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली विधायक अमित महतो शामिल हुए।साथ ही सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दिए। साथ ही जिला परिषद लक्ष्मी देवी, जिला उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, ने सभी को नववर्ष एवं मेले को लेकर हार्दिक शुभकामनाएं दिए। टुसू प्रतिभागि विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा करियाडिह निवासी ललीता देवी,को प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया मेले में बच्चों के लिए सेल्फी पांइट भी लगाया गया था। मेले को सफल बनाने में निलगिरी मेला समिति का काफी सरहानिय योगदान रहा।

## महावीरनगर में जरूतरमंदों के बीच बांटा गया कंबल



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बुकबुका पंचायत महावीरनगर में जरूतरमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया. जिप सदस्य सरस्वती देवी के प्रयास से उपलब्ध कराए गए कंबल को भाजपा नेता अरविन्द सिंह सहित अन्य लोगों ने जरूरतमंद विधवा व वृद्ध लोगों को दिया. पंचायत के अमृत नगर, कमाती धौड़ा, पहाड़ी मंदिर पश्चिम साइड के लोग, डहु कोचा, महावीर नगर नीचे धौड़ा के 45 जरूरतमंदों को कंबल दिया गया. इस मौके पर शत्रुंजय सिंह, भरत प्रजापति, निरंजन केशरी, दिलीप मेहता, उमेश कशरी, संतोष मेहता गुड्डू, दयानंद गुप्ता, छोटू आदि उपस्थित थे.

## भेलवा टुंगरी सह स्मृति स्व काशीनाथ महतो मेला की तैयारी पूरी, सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड के मोदीडीह गांव के समीप भेलवा टुंगरी के पास आगामी 21जनवरी को होने वाली भेलवा टुंगरी सह स्मृति स्व काशीनाथ महतो मेला सिल्ली की तैयारी को लेकर शनिवार को बैठक लालू राम उरांव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक का संचालन फारूक मोमिन ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन धनेश्वर बेदिया ने किया।मेला में टुसू प्रदर्शनी,महिला, पुरूष फुटबॉल,क्रिकेट प्रतियोगिता,महिला पांता नाच, मुर्गा लड़ाई,का आयोजन किया गया।सभी कार्यक्रम को सफल संचालन के लिए कमिटी के सदस्यों को जिम्मेदारियां दी गई। इस मौके पर अध्यक्ष विकास महतो, सचिव लक्ष्मण महतो,मनोहर महतो ,हराधन महतो कैलाश महतो सुभाष महतो, विशाल महतो, शिशुपाल महतो,जितेंद्र महतो, बिंदेश्वर महतो ,सनातन महतो बंशीधर उरांव,राजेंद्र महतो,जीतू महतो,मुकेश महतो,दिलीप मिंज, हरेंद्र उरांव,लोबिन महतो,मुकेश महतो सुमित काफी संख्या में लोगों उपस्थित थे।

## डॉक्टर प्रदीप वर्मा फाउंडेशन के द्वारा किया गया कंबल का वितरण



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ प्रदीप बर्मा फाउंडेशन की ओर से भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष माननीय श्री विनय महतो (धिरज) की अगुवाई में 100 कम्बलों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष श्री राजेन्द्र महतो , महामंत्री श्री अमित मिश्रा, मंत्री श्री नागेश्वर महतो, सांसद प्रतिनिधि श्री मनेश महतो, टाटी पूर्वी मुखिया श्री कृष्णा पहान के साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# चिरैयाटांड मे ग्रामीणो ने नो इंट्री में ट्रको के परिचालन पर कसी नकेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** पिपरवार टंडवा सड़क मार्ग स्थित चिरैयाटांड में निर्धारित नो एंट्री के समय में भारी वाहन और तेज रफ्तार एवं ओवरलोड होकर वाहनो के दौड़ते देख स्थानीय ग्रामीणों ने इन वाहनों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है । दोपहर 2 बजे शाम 6 तक नो एंट्री रहने के बावजूद भी बेकाबू तेज रफ्तार वाहनों के परिचालन से मार्ग में स्कूल के बच्चों और अन्य स्थानीय निवासियों के लिए काफी संवेदनशील हो जाता है ।जबकि चतरा पुलिस प्रशासन के द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि फ्लाई एस, कोयला वाहन और अन्य निर्माण सामग्री से लदे ट्रक और डंपर इस मार्ग पर प्रातः 7 बजे से दिन के 10 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक इस मार्गो पर वाहनों का परिचालन बंद रहेगा । जिससे सुबह के व्यस्त समय में एवं दोपहर स्कूली बच्चों के छुटी के दौरान व्यस्त समय में कोई हादसा ना हो । लेकिन नियमों का उल्लंघन करते हुए एनटीपीसी टंडवा से कई भारी वाहन लगातार नो एंट्री के दरमियान में भी इस सड़क मार्ग पर तेज गति से चल रहे थे । शनिवार दोपहर 2 बजे करीब एक दर्जन हाइवा डंपर और ट्रक इस मार्ग पर चलते देखे गए । इससे गुस्साए चिरैयाटांड के ग्रामीणों ने सड़क पर वाहनों को रोका और इसकी सूचना पिपरवार पुलिस को दी । इसके पश्चात पिपरवार की गश्ती पुलिस ने वाहन चालकों को फटकार लगाते हुए नो एंट्री में वाहन नहीं चलाए जाने के सख्त निर्देश दिए । इस संबंध में स्थानीय ग्रामीण नागो महतो ने कहा कि चतरा पुलिस प्रशासन के द्वारा नो एंट्री के दौरान इन सड़क मार्गो पर हाइवा डंपर एवं ट्रको का परिचालन के दौरान ओवरलोड हाईवा डंपर और ट्रको के अन्य वाहनों से ओवरटेक किया जाने के दौरान कई ग्रामीण काल की गाल में समा चुके हैं । इन मार्गो में भारी वाहनों के नो एंट्री के दौरान अनाधिकृत प्रवेश और माल ढुलाई के कारण समस्या काफी बढ़ गई है । सन 2024 के नवंबर एवं दिसंबर माह में यहां के निवासियों ने विरोध जताया था और पिपरवा टंडवा मुख्य सड़क मार्ग पर धरना देकर जिला प्रशासन से नो एंट्री लगाए जाने की मांग की थी । इधर चिरैयाटांड़ के ग्रामीणों ने अपनी मांगों को स्पष्ट करते हुए कहां की इस तरह के नियम तोड़ने वाले वाहनो पर सख्त कार्रवाई करते हुए पिपरवार पुलिस प्रशासन को नो एंट्री के दौरान समय-समय पर इन सड़क मार्गों का निरीक्षण भी करना चाहिए।इस दौरान नागो महतो, महेश महतो,संतोष महतो,रामलाल महतो,सहित काफी संख्या में आसपास के ग्रामीण मौजूद थे।

# नशामुक्त झारखंड के तहत पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रधानों का जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**खूंटी :** वंदना डाडेल, प्रधान सचिव, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड की अध्यक्षता में टाउन हॉल के सभागार में नशामुक्त झारखंड के तहत अफीम मुक्त, खूंटी को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रधानों का जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिलेश कुमार झा, पुलिस महानिरीक्षक, दक्षिणी छोटानागपुर, अबू बकर सिद्दिकी, सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहाकारिता सचिव, झारखंड, लोकेश मिश्र, उपायुक्त, खूंटी, एसपी अमन कुमार, दिलीप कुमार यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी, खूंटी सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर खूंटी को अफीम की खेती से मुक्त करने की शपथ दिलाई गई। वंदना डाडेल, प्रधान सचिव, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड ने जिला प्रशासन, खूंटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि वह जिला के कर्रा प्रखंड अंतर्गत कच्चाबारी से हैं। खूंटी जिला से उनकी सुंदर यादें जुड़ी हैं। पर, अब खूंटी जिला अफीम की खेती के लिए बदनाम हो गया है। नक्सलवाद की पीड़ा से निकले खूंटी के संबंध में अखबारों में अफीम की खेती से संबंधित खबरें पढ़कर उनके मन में बहुत ही पीड़ा होती है। उन्होंने कहा कि अगर ईमानदारी से सामुहिक रुप से कार्य किया जाए तो जिले को अफीम की खेती से जड़ से मुक्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अवैध पोस्ते एवं अफीम की खेती को रोकने के लिए सभी विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रहे हैं। तथापि ग्रामीण जनप्रतिनिधि एवं ग्राम प्रधानों की सहभागिता के बगैर अफीम की खेती को जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता है। अब अफीम की खेती का विनष्टिकरण के साथ दोषियों के विरुद्ध एफआईआर किया जा रहा है। लोग गिरफ्तार किये जा रहे हैं। साथ ही सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने अफीम की खेती को बंद करने हेतु सारे समाज को आगे आने का आह्वान करते हुए पंचायतों के मुखिया को लोगों को जागरुक करने की अपील की।

# एबीवीपी ने छात्रों को दिलाया हक : सकलदीप भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**खूंटी :** बिरसा कॉलेज में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद होने के बाद छात्रों के सामने एक बड़ी समस्या खड़ी हो गई थी। एबीवीपी के नेतृत्व में छात्रों ने आंदोलन कर इस समस्या को उठाया और कॉलेज प्रशासन से इंटर में एडमिशन लेने की मांग की। हालांकि, एडमिशन लेने के बाद भी छात्रों का रजिस्ट्रेशन रोक दिया गया था। इस मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के खूंटी जिला संयोजक प्रकाश टूटी के नेतृत्व में छात्रों ने झारखंड हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। लगातार प्रयासों के बाद हाई कोर्ट ने छात्रों के हित में फैसला सुनाया है। अब छात्र रजिस्ट्रेशन फॉर्म भर सकते हैं और इंटरमीडिएट की पढ़ाई जारी रख सकेंगे। हाई कोर्ट के इस फैसले से छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इसी क्रम में मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर के निदेशक सकलदीप भगत ने इस जीत का पूरा श्रेय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक प्रकाश टूटी एवं उसकी टीम को दिया। उन्होंने जिला संयोजक एवं उनकी टीम को पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया और जिले के लिए उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव छात्र हित में कार्य करते रहती है गांव के गरीब छात्र-छात्राओं को हक दिलाकर एबीवीपी ने अपने कार्यो को चरितार्थ किया है। छात्र हित में किए गए उनके योगदान को विद्यार्थी कभी नहीं भूल पाएंगे।

## संविधान गौरव अभियान जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिलवे -संविधान निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने पर भाजपा झारखंड प्रदेश के निर्देश पर जिला स्तरीय कार्यशाला ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज की अध्यक्षता में शनिवार को महिलोंग स्थित सभागार में संपन्न हुई। कार्यशाला का प्रारंभ पार्टी के महापुरुषों एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रामाकांत महतो शामिल हुए ।श्री महतो ने कहा कि संविधान एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के अतुलनीय योगदान के बारे में विस्तृत चर्चा की।भारतीय संविधान देश की आत्मा है। भव्य भारत की मजबूत बुनियाद है जिस पर हमारी व्यवस्थायें टिकी हैं। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी भारतीय संविधान के शिल्पकार थे। यह उनके ज्ञान, दूरदृष्टि और समर्पण का परिणाम है कि हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा और सशक्त लोकतंत्र है। विशिष्ट अतिथि एस सी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश राम ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब को अपमानित करने का काम किया है. बाबा साहब के मरणोपरांत उन्हें दो गज जमीन अंत्येष्टि के लिए कांग्रेस ने नहीं दी. जिन्होंने बाबा साहब को भारत रत्न देने का काम नहीं किया और दो-दो बार उन्हें हराने का षड्यंत्र रचा. उस कांग्रेस को बाबा साहब को लेकर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। ज्ञात हो कि यह अभियान 25 जनवरी तक चलेगा जिसमें मंडल के सभी बस्ती तक बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों और देश में उनके योगदान को ले जाने का प्रयास होगा.

## रनिया के बलंकेल में बजरंगबली मंदिर का पहली वर्षगांठ 22 को

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रनिया के बलंकेल में शनिवार को बजरंगबली मंदिर की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए मंदिर प्रांगण में पदाधिकारी व ग्रामीण की बैठक हुई इसमें प्रथम वर्षगांठ 22 जनवरी दिन बुधवार को सुबह 7:00 बजे मंदिर परिसर से कलश यात्रा एवं 11:00 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ होगी वही दिनांक 22 दिन गुरुवार को अखंड हरी कीर्तन संपन्न पूर्णा हुति के साथ संपन्न के पश्चात सरगम म्यूजिकल वह टिंकू ग्रुप के कलाकार पूनम खालखो सुहाना देवी रूपेश बड़ाईक सहित अन्य कलाकारों द्वारा 12:00 से सांस्कृतिक कार्यक्रम होगी इसके लिए समिति गठित की गई है जिसमें मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष सीताराम नाग सिकंदर नाग सचिव धर्मेंद्र नाग कोषाध्यक्ष अनिल नाग उपाध्यक्ष शिवचंद लोहार रामप्रसाद नाग सुरेश नाग संरक्षक कुलदीप नाग राज किशोर सिंह भुइया बालचंद काशी सिलवाहन नाग सदस्य बलराम काशी प्रदीप नाग दीपक नाग राजकुमार नाग विनोद नाग नंदकिशोर नाग सुदर्शन बरला जयकन कंडुलना सहित अन्य सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शोकसभा का हुआ आयोजन




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को शोकसभा का आयोजन किया गया।इस शोकसभा मे डीएवी एनटीपीसी टंडवा के प्राचार्य और डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा के एलएमसी सदस्य राजेश्वर सिंह के निधन पर शोक प्रकट किया गया।इस मौके पर शोकसभा में उपस्थित स्कुल के शिक्षकों सहित बच्चों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर आर चौधरी ने कहा कि राजेश्वर सिंह का निधन डीएवी परिवार के लिए अपुर्णीय क्षति है।ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिजन को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति उनके योगदान को डीएवी परिवार कभी भी भूला नहीं सकता है।स्कूल के प्रार्थना सभा के दौरान स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे मौजूद थे।

## प्रखंड का प्रथम शिशु घर सह पलना घर का किया गया उद्घाटन



**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन व आशा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में इटकी प्रखंड का प्रथम और राज्य का 31 वा क्रेच सेंटर (शिशु घर) का उद्घाटन बारीडीह गांव में शनिवार को थाना प्रभारी अभिषेक कुमार , बीपीआरओ रईस मलिक ने संयुक्त रुप से किया। मौके पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के राज्य प्रमुख कैलाश कांडपाल ने बताया कि राज्य के गुमला, सिमडेगा और पाकुड़ जिले सहित रांची जिले के बुण्डु, बेड़ो व इटकी प्रखंड में शिशुघर सह पलनाघर खोला जा रहा है और आने वाले दिनों में इटकी प्रखंड के बीस स्थानों पर पलना घर स्थापित कि जाएगी। हर केंद्र में छः माह से तीन वर्ष के बच्चे का नामांकन किया जायेगा और उन्हे प्रतिदिन प्रातः नौ बजे से अपराह्न तीन बजे तक जिम्मेदारी और सुरक्षा के साथ रखने व पौष्टिक भोजन अंडा व दुध खिलाने की व्यवस्था की गयी है। साथ ही केद्र पर उन्हें छोटे एवं आकर्षक खिलोने से खेलाने तथा एक -डेढ़ घंटे सुलाने की भी व्यवस्था है। इनके देखभाल के लिए केद्र में उसी गाँव की दो योग्य केयर टेकर महिला का भी चयन किया गया है। मौके पर आशा संस्था के प्रमुख अजय जायसवाल, सह संस्थापक पुनम टोप्पो, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के राजेश कुमार, साकेत सिंह,ग्राम प्रधान, आंगनवाड़ी सेविका और पेंशनर समाज के पदाधिकारी सहित दर्जनों ग्रामीण महिला पुरूष उपस्थित थे।

## कलश यात्रा के साथ महाकाली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की आज होगी शुरुआत



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चूरी कॉलोनी में चार दिवसीय श्री श्री महाकाली मंदिर निर्माण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरुआत रविवार से कलश यात्रा के साथ शुरू की जाएगी. इसके लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है. मंदिर के भवन को तैयार कर लिया गया है. मंदिर परिसर को आकर्षक लाइट और पताके से सजाया गया है. सुबह 9 बजे गाजे बाजे के साथ मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली जाएगी. 19 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक चलने वाले चार दिवसीय यह महायज्ञ यगाचार्य रमाकांत पंडित की देखरेख में संपन्न कराया जाएगा. नवनिर्मित मां काली की मंदिर में मां काली की स्थाई मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा. 19 जनवरी को कलश यात्रा से महायज्ञ की शुरुआत होगी. 21 जनवरी को मां काली की प्रतिमा का गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया जाएगा. वही 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा.

# कम कपड़ा छोटा मकान में रह सकते है पर बगैर भोजन के नहीं : शिल्पी नेहा तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**चान्हो :** अमर शहीद वीर बुधु भगत की जन्म स्थली चान्हो के सिलागाई में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल का किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया . कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता के द्वारा आयोजित प्रमंडल स्तरीय किसान मेला में पांच जिलों के किसान शामिल हुए . किसान मेला सह प्रदर्शनी का उदघाटन विभागीय मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की . किसान मेला में लगे 50 से ज्यादा स्टॉल का निरीक्षण करते हुए किसानों से उनके उत्पाद की जानकारी ली . इससे पहले अमर शहीद वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर मंत्री सहित दूसरे अतिथियों ने माल्यार्पण किया गया . इस मौके पर विभाग के द्वारा किसानों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया . किसान मेला सह प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जब मंत्री पद की जिम्मेदारी मिली , तो कुछ लोगों ने कहा कि उन्हें शिक्षा मंत्री बनना चाहिए था , तो कुछ ने कहा कि उन्हें स्वास्थ्य मंत्री बनना चाहिए था . लेकिन मैं जानती हूं मांडर कृषि बहुल क्षेत्र है इसके विकास का ये बेहतर अवसर और विभाग है . इस विभाग से क्षेत्र और राज्य की जनता का ज्यादा से ज्यादा सेवा कर सकती हूं . किसानों से सीधा संपर्क कर , उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का काम करूंगी . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि गुमला ड्ड लोहरदगा ड्ड खूंटी ड्ड के किसान बेहतर काम कर रहे है . यहां की दीदियां बहुत मेहनती है लेकिन मांडर पीछे है . विभाग के अधिकारी मांडर को रांची और शहर का हिस्सा मान कर योजना नहीं बनाते है . किसानों को आपस में संवाद करना जरूरी है .


# इलाही पंचायत के लोगो ने कांके विधान सभा के विधायक सुरेश कुमार बैठा को सम्मान समारोह में किया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ईलाही पंचायत ईलाही बख्श कॉलोनी खोरहा टोली कोकर द्वारा कांके विधान सभा के माननीय विधायक श्री सुरेश कुमार बैठा जी का सम्मान समारोह इलाही बख्श कॉलोनी में ही आयोजित किया गया । जिसमें माननीय विधायक एवं उनके नेतागण द्वारा इस आयोजन में शिरकत की गयी । इस कार्यक्रम में एक खास बात ये भी रही कि संबंधित पंचायत के थाना प्रभारी एवं उनके साथियों ने भी उसमें शिरकत कर इस समारोह को बेहद सफल बनाया । श्री कुलदीप कुमार थाना प्रभारी सदर द्वारा कॉलोनी में हो रहे अनावश्यक बैठक नशेबाजी और बढ़ते अपराध को देखते हुए एक जागरूकता भाषण भी दिया गया जो कि बेहद सराहनीय रहा । इस पूरे आयोजन में वार्ड 12 के निवर्तमान पार्षद श्री कुलभूषण डुंगडुंग एवम पंचायत के सदर राजा भाई, सेक्रेटरी मो एहतेशाम रज़ा और पंचायत सदस्य मो आफताब, मो आफताब, मो फिरोज़, मो मिस्टर भाई और भी सारे सदस्य शामिल होकर माननीय विधायक जी और थाना प्रभारी का खूब अभिनंदन किया। कार्यक्रम के अंत में मोहल्ले वासियों द्वारा इलाही बख्श कॉलोनी में जर्जर रोड एवं नालियों के निर्माण और मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट जैसी मुख्य समस्याओं की बात रखी गई जिसके बाद श्री सुरेश बैठा जी द्वारा आश्वाशन दिया गया कि मार्च के बाद सारे काम को अपने फंड एवं जिला फंड को इस्तमाल कर सारे लंबित कार्य कराए जाएंगे ।

## पीएच.डी. उपाधि



कुलपति राधा गोविन्द विश्वविद्यालय रामगढ़, झारखंड के आदेशानुसार के.एम. प्रतिभा एमफिल -2015 डॉ सी वी रमन विश्व विद्यालय छत्तिसगढ़, पिता- नागेन्द्र प्रसाद, क्वाटर नं.- A/371, सेक्टर-IV, संत थोमस स्कूल के नजदीक धुर्वा, रांची-834004 (झारखंड) को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय रामगढ़, के द्वारा हिन्दी विषय (मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय) में डॉक्टर ऑफ फिलासफी उपाधि दि गई जिसका सत्र 2020 से 2024 रहा उन्होंने डॉ सत्येन्द्र कुमार, सहायक प्राध्यापक स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग, राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के निर्देशन में **'ममता कालिया की कहानियों में स्त्री चेतना'** विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया है. इन्होंने इसका श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।

## जमशेदपुर डेयरी में संक्रांति पर मिलन समारोह सह चूड़ा-दही भोज का आयोजन



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । औद्योगिक क्षेत्र स्थित जमशेदपुर डेयरी में संक्रांति पर मिलन समारोह सह चूड़ा-दही भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर डेयरी के सभी कर्मचारी और वितरक उपस्थित थे। इस मौके पर डेयरी के मुख्य कार्यपालक दिनेश कुमार शर्मा ने कई नए उत्पादों और योजनाओं की घोषणा किया। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही जमशेदपुर डेयरी अपने अन्य गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के साथ बाजार में दिखेगी। इस दौरान उन्होंने कई नए उत्पादों की विस्तृत जानकारी भी दिया। इस मौके पर आयोजित चूड़ा-दही भोज का कर्मचारियों और वितरकों ने भी काफी आनंद लिया। इस मौके पर विपणन पदाधिकारी डी कुंडू, प्रोसेसिंग प्रभारी नित्यानंद, एकाउंट्स अधिकारी राजेश्वर राम, अभियंत्रण शाखा के राम नरेश प्रसाद समेत सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## अनियंत्रित बाइक से गिरे दो युवक, स्थिति गंभीर



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के मिलन चौक सालुकडीह सड़क पर शनिवार को अनियंत्रित बाइक सवार केनाल के अंदर जा गिरा, जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से माधुरी नर्सिंग होम ले जाकर भर्ती कराया, जहां दोनों घायलों का इलाज किया जा रहा है । घटना कि सूचना पर ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और जायजा लिया। थाना के एस आई गुलशन भगत ने बताया कि झाड़ूवा निवासी अमित तांती एवं आदारडीह निवासी विष्णु तांती दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि दोनों का स्थिति गंभीर है। बाइक को पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया है।

## बिष्टुपुर में 1501 निशान के साथ निकली शोभा यात्रा में झूमते रहे श्रद्धालु



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । श्री श्याम सेवा समिति की ओर से श्री सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर विष्टुपुर में चल रहे श्री श्याम बाबा का पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के चतुर्थ दिन शनिवार की सुबह देवता का पूजन, महास्नान, हवन, एवं शैयाधिवास धर्मानुष्ठान हुआ। शनिवार संध्या 4.31 बजे से गाजे बाजे के साथ श्री श्याम प्रभु के शीश का नगर भ्रमण एवं भव्य निशान पद यात्रा मंदिर परिसर से निकली। बिष्टुपुर मेन रोड का भ्रमण कर पुनः मंदिर पहुँची। मुख्य यजमान रेखा-मुकेश अगीवाल ने शाम को निशान की पूजा सहित सुबह के सभी धर्मानुष्ठान को संपन्न कराया। सभी धर्मानुष्ठान पांच पुरोहितों पंडित संजय शर्मा, कमल शर्मा, मनीष शर्मा, बजरंगलाल शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। यात्रा में सबसे आगे बैडबाजा समेत एक वाहन पर सजा श्री श्याम प्रभु के शीश का दरबार एवं दो घुड़सवार के साथ बाबा श्याम और हनुमान जी का बड़ा ध्वजा लिये भक्त चल रहे थे। 1501 भक्त निशान लिये चल रहे थे, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। शोभा यात्रा के दौरान श्याम प्रभु के लगते जयकारे वातावरण को श्याममय कर रहे थे। खाटू से शहर पहुँचे चौहानः- प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए राजस्थान के खाटू धाम से पृथ्वी सिंह चौहान (मंत्री, श्री श्याम मंदिर कमिटी खाटू) शनिवार को शहर पहुँचे। सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर कमिटी द्वारा पृथ्वी सिंह चौहान का स्वागत किया गया। चौहान भी शोभायात्रा में शामिल हुए। कल का अनुष्ठानः- पांचवें दिन रविवार 19 जनवरी की सुबह 11.37 बजे से देवता का पूजन, श्री श्याम प्रभु का प्रथम श्रृंगार, प्राण प्रतिष्ठा एवं आरती के दर्शन तथा संध्या 7.31 बजे से भव्य कीर्तन का आयोजन होगा।

## फुटबॉल टूर्नामेंट के जरिए सड़क सुरक्षा अनुपालन की अपील



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के पिलीद स्टेडियम में शनिवार को सड़क सुरक्षा माह के उपलक्ष्य में एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता में चार दलों ने भाग लिया। फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो, अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद,ईचागढ़ बीडीओ एकता वर्मा,कुकड़ु बीडीओ राजश्री ललिता, मुखिया लक्ष्मी देवी ने संयुक्त रूप से किक मारकर किया। नवयुवक संघ चोगा ने स्टेडियम क्लब टीम को पछाड़ कर प्रथम पुरस्कार पर कब्जा जमाया। परिवहन विभाग की ओर से मोमेंटो, कप, फुटबॉल व जर्सी देकर पुरस्कृत किया गया। पत्रकारों को ट्रैक सुट, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो ने सड़क सुरक्षा की नियमों को कड़ाई से अनुपालन करने आ अपील किया। मौके पर मोटर विकल इंस्पेक्टर दिलीप कुमार, रवि कुमार,सड़क सुरक्षा प्रवंधक कुंदन कुमार वर्मा, रोड सेफ्टी अभियंता आषुतोष कुमार, धृत कुमार, राम प्रसाद महतो, उमाकांत महतो, लालू प्रामाणिक, भोलानाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## मीशो ने ज्यादा निष्पक्षता के लिए सप्लाई चेन प्रक्रियाओं को किया मजबूत

**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स बाजार, मीशो ने अपने दावे की प्रक्रियाओं में परिवर्तन किया है, जिससे विक्रेताओं को सशक्त बनाने और पारदर्शिता लाने के की इसकी प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। इन परिवर्तनों द्वारा तेजी से शिकायत निवारण, विकसित जाँच, और सक्रिय उपाय संभव हो सकेंगे, जिससे विक्रेता समुदाय में विश्वास स्थापित होगा। मीशो ने मई, 2024 से अपनी क्लेम अनुमोदन प्रक्रिया में काफी सुधार किया है, जिससे ज्यादातर मामलों में शिकायत निवारण में लगने वाला समय 70 प्रतिशत कम हो गया है। इस सुधार से विक्रेताओं को ज्यादा तेजी से समाधान मिले हैं, और 3.4 मिलियन वास्तविक दावों को मंजूरी मिल गई है। इससे सभी हितधारकों के लिए एक ज्यादा प्रभावशाली एवं सहयोगपूर्ण प्लेटफॉर्म का निर्माण करने की मीशो की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। नकली रिटर्न को कम करने व जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मीशो ने अपनी सप्लाई चेन में वैरिफिकेशन की एक मजबूत प्रक्रिया शुरू की है। मीशो द्वारा सप्लाई चेन ऑपरेशंस में सुधार लाने के लिए जेनरेटिव एआई का उपयोग किया जा रहा है। मीशो ने मई, 2024 से ही एडवांस्ड एनालिटिक्स की मदद से सप्लाई चेन में अनुपालन न करने वाले 15,000 फील्ड एग्ज़िक्यूटिव्स (एफई) की पहचान करके उन्हें हटाया है।

### जिला कांग्रेस मुख्यालय तिलक पुस्तकालय के नवनिर्मित भवन का भव्य उद्घाटन

# नवनिर्मित भवन से कांग्रेस संगठन को मिलेगी मजबूती : प्रदेश अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस मुख्यालय तिलक पुस्तकालय का नवनिर्मित भवन का भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। नवनिर्मित भवन का उद्घाटन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के कर कमलों से एवं बन्ना गुप्ता पूर्व मंत्री झारखंड सरकार डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू पूर्व सांसद राज्यसभा के गरिमामयी उपस्थिति में फीता काटकर सम्पन्न हुआ। कांग्रेस कार्यालय के सभागार में सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने भव्य भवन निर्माण के लिए जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे एवं जिला पदाधिकारी को बधाई दिया। कहा इस भवन का निर्माण 1923 में हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के सेनानियों के सहयोग से निर्मित हुआ था। जो विगत कई वर्षो से जर्जर अवस्था में थी। नवनिर्मित भवन से कांग्रेस संगठन को अवश्य मजबूती मिलेगी। बन्ना गुप्ता ने कहा कि यहाँ से कांग्रेस कार्यकर्त्ता 140 वर्ष पुरानी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नीति सिद्धांत को सीखेंगे और देश एवं समाजहित के कार्य को आगे बढ़ाएंगे। समारोह को डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू पूर्व सांसद राज्यसभा ने भी जिलाध्यक्ष एवं कमिटी के पदाधिकारी धन्यवाद के पात्र है। जिलाध्यक्ष ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत शॉल प्रदान कर किया। उद्घाटन समारोह का संचालन एवं प्रबंधन कार्य संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी अमित श्रीवास्तव सनी सिंह ने संपादित किया। आज के कार्यक्रम समारोह में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद, रविंद्र कुमार झा, विजय कुमार खान, कोषाध्यक्ष सलीम खान, रांची से पधारे कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू, राकेश, किरण, शांतनु, अशोक, खगेन चंद्र, अखिलेश्वर, राकेश कुमार, सफी अहमद, अवधेश, रियाजुद्दीन, धर्मेन्द्र सोनकर, के के शुक्ल, कमर राजा खान, सामंत कुमार, प्रिंस सिंह, अतुल गुप्ता, सहित 500 कांग्रेस कार्यकर्तागण शामिल हुए।

## कुचाई व खरसावां में 400 बैकयार्ड लेयर चूज़ा का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत शनिवार को कुचाई में शत प्रतिशत अनुदान पर वैशनवी इंटरप्राइजेज रांची के द्वारा कुचाई के दो किसानों के बीच 400 बैकयार्ड लेयर चूजों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कुचाई प्रमुख गुडडी देवी, प्रखंड बिकास पदाधिकारी साधु चरण देवगम,जिला परिषद सदस्य जींगी हेम्ब्रम एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी दीपनाथ मार्डी ने संयुक्त रूप से वितरण किया। दौरान मुख्य रूप से प्रमुख गुडडी देवी,बीडीओ साधु चरण देवगम,जिप जींगी हेम्ब्रम,प्रखंड कल्याण पदाधिकारी दीपनाथ माडी,सतन साहु,कमल रजक,सन्नी कुमार आदि उपस्थित थे।

## रोटरी क्लब के 'पंख' कार्यक्रम में नेतृत्व, करुणा और सामुदायिक सेवा पर विशेष सत्र आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर ।** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड (आरवाईएलए)' के तहत 'पंख' कार्यक्रम का दूसरे दिन शनिवार 18 जनवरी को नेतृत्व, करुणा और सामुदायिक सेवा के प्रेरणादायक सत्रों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। दिन की शुरुआत सुबह 7 बजे सोल नेचर वॉक से हुई, जिसका नेतृत्व प्रतिभा टुडू ने किया। इस सत्र ने प्रतिभागियों को आत्मशांति और विचारशीलता के महत्व से परिचित कराया। इसके बाद रोटरी अध्यक्ष डॉ. अमित मुखर्जी ने 'लाइफ बैलेंस शीट' पर प्रेरणादायक सत्र लिया, जिसमें आत्ममंथन और व्यक्तिगत विकास पर जोर दिया गया। टाटा स्टील के चीफ लॉजिस्टिक्स आरटीएन जगजीत सिंह ने 'लीडरशिप एंड कंपैशन' पर सत्र लिया, जिसमें नेतृत्व और करुणा के महत्व को रेखांकित किया। वहीं, पीडीजी आरटीएन संदीप नारंग ने 'गोल्स - वेन आर यू गोना स्टार्ट' पर चर्चा कर युवाओं को अपने लक्ष्यों के प्रति प्रेरित किया। प्रतिभागी खरसावां के मुर्गा गुटू गांव का दौरा करने गए, जहां रोटरी संचालित स्कूल में श्रमदान के जरिए सड़क निर्माण और ग्रामीण जीवन की चुनौतियों को समझा। इस दौरान झारखंड के पारंपरिक नृत्य और संस्कृति से रूबरू होने का अवसर भी मिला। कार्यक्रम के अगले सत्र में सामूहिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का संचालन सुचंदा बनर्जी, अभिजीत मुखर्जी, वीना मुंद्रा और सुनीत कुमार ने किया।

## अनियंत्रित टाटा मैजिक पलटा, एक मासूम बच्चे की मौत, दर्जनों हुए घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खरसावां :** दलभंगा के कोपलोंग चौक पर टुसू मेला देखने जा रहे ग्रामीणों से भरा टाटा मैजिक आइरिस वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई और कई घायल हो गए। शनिवार को सुबह 11 बजे कुचाई थाना क्षेत्र के डांगो गांव से ग्रामीणों से भरा टाटा मैजिक आइरिस वाहन बारूहातु टुसू मेला देखने जा रहे थे। इसी क्रम में कोपलोंग चौक पर अनियंत्रित होकर टाटा मैजिक वाहन खेत पर जाकर पलट गया। इस हादसे में डागों गांव निवासी धनीराम सोय के 5 वर्षीय पुत्र हरिकिशन सोय की मौत हो गई। और कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों की मदद से सभी को बाहर निकाला गया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कुचाई पहुंचाया गया। जंहा चिकित्सकों ने बच्चे हरिकिशन सोय को मृत घोषित कर दिया। वही घायल में डागों गांव के कलावती सामड (50), सीता सामड (40), बुजूर्ग सृजन सामड (70), मेचों पाडिया (50) तथा शांति पाडिया (35) सहित कई ग्रामीण शामिल है। घायलों का ईलाज चल रहा है। वही कई घायलों को हल्का-फुल्हा इलाज कराकर छोड दिया गया। इस घटना की सूचना पाकर कुचाई पुलिस घटना स्थल और सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कुचाई पहुंचकर बच्चे के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला भेज दिया गया। टाटा मैजिक में मृतक का माता-पिता एवं बहन भी थे। इस घटना में कुचाई के डांगो गांव में खुशिया के जगह मातम छा गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। वहीं विधायक प्रतिनिधि भरत सिंह मुंडा ने कुचाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर घायल लोगों से मिले एवं चिकित्सकों को घायलों का इलाज करने का निर्देश दिया।

## खरसावां विधायक ने सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खरसावां :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर सरायकेला-खरसावां के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही विधायक ने खरसावां के आमदा में 500 बेड निर्माणाधीन अस्पताल के शेष कार्य जल्द पूर्ण कराने के लिये आवंटन उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के बन जाने से सरायकेला-खरसावां सहित पश्चिमी सिंहभूम जिला के लोगों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में लाभ पहुंचेगा। इसके अलावे खरसावां, कुचाई सहित कोल्हान क्षेत्र में सिल्क उद्योग की बेहतरी के लिये आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि तसर की खेती को बढ़ावा दे कर किसानों के साथ साथ महिलाओं को स्वरोजगार से जोडा जा सकता है। इसके साथ ही विधायक ने खरसावां शहीद स्मारक को विश्व पटल पर एक अलग पहचान दिलाने के लिये आवश्यक कदम उठाने,नयी योजना लेने तथा शहीदों के सम्मान में निर्मित शहीद स्मारक के पूर्ण रूपेण विकास करने की मांग की है।

## भुइयांसिनान मेला में उमड़ी भीड़, टुसू में आकाश व चौड़ल में धीरेन को पहला पुरस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** झारखंड संस्कृति क्लब रंगमंच की ओर से बोड़ाम प्रखंड के भुइयांसिनान में दो दिवसीय वीर शहीद डोरेन सिंह मुंडा टुसू मेला का आयोजन किया गया। मेला के पहले दिन शनिवार को पटमदा, बोड़ाम, जमशेदपुर, चांडिल, नीमडीह एवं पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी थी। मेला में महिला व पुरुषों की कई दलों ने टुसू व चौड़ल लेकर पहुंचे थे। सभी टुसू दलों ने देर शाम तक मैंदान में थिरकते रहे। इस दौरान बूढ़ीगाड़ी नाच, पाता नाच के अलावे अन्य कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जो लोगों के बीच आकर्षक का केंद्र बना रहा। टुसू में पहला पुरस्कार आकाश महतो जोरोडीह को पांच हजार, दूसरा पुरस्कार विजय महतो को चार हजार, तीसरा पुरस्कार कालू सिंह को तीन हजार, चौथा पुरस्कार पूजा को दो हजार रुपये एवं चौड़ल में पहला पुरस्कार धीरेन सिंह खोखरो को पांच हजार, दूसरा पुरस्कार जुरू कुमार महतो को चार हजार रुपये, तीसरा पुरस्कार दिलीप सिंह 21 सौ रुपये दिया गया। इसके अलावे अन्य कई टुसू दलों को कमेटी की ओर से पुरस्कृत किया गया। मेला में जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, पूर्व पार्षद स्वपन कुमार महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू व माणिक महतो, पूर्ण चंद्र सिंह, भक्तरंजन सिंह, हिकीम चंद्र महतो, देवेन सिंह, मंगल सिंह, रविन्द्र नाथ सिंह, शंकर कच्छप समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## भारतीय नौसेना और बजाज ऑटो पल्सर की 'डेयर2' रैली पहुंची जमशेदपुर

**- विशाखापत्तनम से अयोध्या तक 13 दिवसीय रैली, 1649 किलोमीटर की दूरी तय करेगी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** बजाज ऑटो और भारतीय सशस्त्र बलों के साथ साझेदारी में विशाखापत्तनम से अयोध्या तक 13 दिवसीय संयुक्त रैली 'डेयर2' आज जमशेदपुर पहुंची। इस दौरान रैली टीम डीएवी स्कूल कैंपस बिष्टुपुर में मैरीटाइम अवेयरनेस ड्राइव सह इंटरेक्शन विथ स्टूडेंट प्रोग्राम में शामिल हुए। इस अवसर पर कमांडर मुकुल राय, इंजीनियर ऑफिसर, आईएनएस रणविजय, लेफ्टिनेंट कमांडर आदित्य वशिष्ठ जी ऑफिसर, आईएनएस रणविजय, लेफ्टिनेंट विशाल प्रताप एएलओ, आईएनएस रणविजय, डीएवी स्कूल की प्रिंसिपल प्रज्ञा सिंह समेत कई टीचर और स्कूल के बच्चे शामिल हुए। मैरीटाइम अवेयरनेस ड्राइव में बच्चों के बीच भारतीय नौसेना में करियर को लेकर उन्हें जागरूक किया गया। रैली पल्सर एनएस400जेड की गतिशीलता से लैस, भारतीय नौसेना के 15 निडर सवार 1600 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करेंगे। इससे पूर्व इस रैली (डेयर2) को वाइस एडमिरल समीर सक्सेना, एवीएसएम, एनएम, चीफ ऑफ स्टाफ, पूर्वी नौसेना कमान ने विशाखापत्तनम में पूर्वी बेड़े के मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो भारत के प्रमुख समुद्री रक्षा मोर्चों में से एक ओडिशा में आईएनएस चिल्का की ओर आगे बढ़ा। यह रैली 26 जनवरी, 2025 को अयोध्या में डोगरा रेजिमेंट में समाप्त होगी, जो 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एकता को मजबूत करने और साहसी भावना को बनाए रखने में सशस्त्र बल की भूमिका को रेखांकित करेगी।बजाज ऑटो लिमिटेड के मार्केटिंग अध्यक्ष सुमीत नारंग ने कहा, हम भारतीय नौसेना के साथ हाथ मिलाकर बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जिसका प्रतिनिधित्व अंतिम विध्वंसक-आईएनएस रणविजय द्वारा किया जाता है, ताकि 'डेयर2' मोटरसाइकिल रैली में भाग लिया जा सके। इस पहल को समय की मांग बताते हुए पूर्वी नौसेना कमान के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल समीर सक्सेना, एवीएसएम, एनएम ने कहा, हम बजाज ऑटो लिमिटेड को उनकी कुशल भागीदारी और देशभक्ति और एकता के संदेश को फैलाने में मदद करने के लिए धन्यवाद देते हैं।

## पिंड्राबेड़ा में पूर्व सैनिक द्वारा दो एकड़ जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने को सीओ को दिया ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया ।** प्रखंड अंतर्गत रापचा पंचायत के पिंड्राबेड़ा मौजा में पूर्व सैनिक कर्नल आरपी सिंह द्वारा करीब दो एकड़ जमीन को अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराने की मांग स्थानीय ग्रामीणों ने किया है। इसको लेकर शुक्रवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों का प्रतिनिधिमंडल गम्हरिया अंचलाधिकारी से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ अरविंद कुमार बेदिया ने शीघ्र ही कार्रवाई करते हुए जमीन को कब्जामुक्त कराने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मुखिया सोखेन हेंब्रम, माझी बाबा देव मार्डी, उदय मार्डी, भोमरा माझी आदि शामिल थे।

## धर्मेंद्र सिंह को एमजेएफ बनने पर लायंस क्लब ऑफ़ यूनिटी ने दी बधाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** लायंस क्लब ऑफ़ यूनिटी के द्वारा लाइंस धर्मेंद्र सिंह को एमजेएफ मेल्विन जॉन्स फैलोशिप बनने पर यूनिटी के सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई दी है। क्लब के सचिव लाइंस उपेंद्र प्रसाद ने बताया कि एमजेएफ उन लोगों को दिया जाता है जो एलसीआईएफ को 1000 अमेरिकन डॉलर का दान देते हैं। यह मानवता सेवा के लिए दी गई दान है, जिसके लिए लाइंस के सदस्य द्वारा धर्मेंद्र सिंह को अंग वस्त्र एवं प्लांट्स देकर सम्मानित किया गया।

### रोमांचक मुकाबले में मोहन बागान के खिलाफ़ 1-1 से ड्रा के बाद एज़े ने कहा

# बस अपने सूझबूझ से लिया काम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** अपने डिफेंसिव स्किल के लिए मशहूर नाइजीरियाई डिफेंडर स्टीफन एज़े जमशेदपुर एफसी के लिए एक अप्रत्याशित हीरो बन गए, उन्होंने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के रोमांचक मुकाबले में लीग लीडर मोहन बागान एसजी के खिलाफ़ 1-1 से ड्रा हासिल करने के लिए एक शानदार गोल किया. एज़े के 63वें मिनट के गोल ने जमशेदपुर को एक महत्वपूर्ण अंक दिलाया, जिससे वे प्लेऑफ़ के लिए मज़बूत दावेदार बन गए. अपने शानदार गोल के बारे में, एज़े ने कहा, %मैंने बस अपने सूझबूझ से काम लिया. एक सेंटर-बैक के तौर पर हर कोई मुझसे गेंद पास करने की उम्मीद कर रहा था, इसलिए मैंने अकेले जाने और गोल करने का फैसला किया. मैं इस खेल में एक अंक पाकर खुश हूँ. हमने सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ़ खेला. ऊँचे कद के नाइजीरियाई डिफेंडर ने मिडफ़ील्ड में गेंद को रोका, मोहन बागान के तीन खिलाड़ियों को आसानी से चकमा दिया और निचले-दाएँ कोने में सटीक तरीके से गोल किया. इस गोल ने टीम और स्टेडियम में ऊर्जा की लहर पैदा कर दी और प्रशंसक खुशी से झूम उठे. हालांकि, एज़े ने अपने साथियों को उनके प्रयास और दृढ़ता के लिए भी श्रेय दिया. उन्होंने कहा, मैं अपने साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि उनका खेल अविश्वसनीय था. उनके योगदान के बिना ऐसा परिणाम नहीं मिल पाता. प्रशंसकों के अटूट समर्थन को स्वीकार करते हुए, एज़े ने कहा, प्रशंसकों को बहुत-बहुत धन्यवाद. वे हमेशा हमारा समर्थन करने और हमें और आगे बढ़ाने के लिए मौजूद रहते हैं. मोहन बागान एसजी के खिलाफ़ ड्रॉ ने जमशेदपुर एफसी को लीग स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया. जमशेदपुर एफसी अपना अगला मैच 23 जनवरी को हैदराबाद एफसी के खिलाफ खेलेगी.

विचार प्रवाह

संपादकीय

# कर्मचारी या गुलाम चाहिए

आज नौकरी बनाम परिवार, खुद की जिंदगी के समीकरणों पर बात करेंगे। औद्योगिक सोच और शोषण की प्रवृत्ति भी स्पष्ट होती जाएगी। यह सवाल भी खुलता जाएगा कि हमारी कंपनियां, अंततः, विश्वस्तरीय क्यों नहीं हैं? लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) एक बहुराष्ट्रीय समूह है और देश की शीर्ष 100 कंपनियों में उसका नाम आता है। कंपनी में 59,000 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं। उनके अलावा, दिहाड़ीदार मजदूर भी कंपनी की परियोजनाओं से जुड़े रहते हैं। कंपनी का सालाना टर्नओवर कई लाख करोड़ रुपए का है। ऐसे औद्योगिक समूह के चेयरमैन सुब्रह्मण्यम की इच्छा है कि कंपनी के कर्मचारी सप्ताह में 90 घंटे काम करें। वे रविवार को भी दफ्तर आएं। एक शीर्ष उद्योगपति का यह विचार निरर्थक नहीं हो सकता। उन्होंने बेमतलब ही यह विचार व्यक्त नहीं किया है। बेशक वह अत्यंत प्रतिभाशाली, बौद्धिक, मेहनती, अन्वेषक उद्योगपति हैं, जिन्होंने इतनी बुलंदियां छुई हैं, लेकिन उनकी इच्छा में कई सवाल भी निहित हैं। कर्मचारी 90 घंटे, सातों दिन, काम करें, लेकिन वेतन वही रहेगा। सालाना बढ़ोतरी भी औसतन 1.7 फीसदी ही होगी, लेकिन चेयरमैन का वेतन 51.05 करोड़ रुपए सालाना है। अर्थात 14 लाख रुपए हर रोज..! उनकी वेतन-वृद्धि भी 43 फीसदी है। औसतन कर्मचारी का सालाना वेतन 9.7 लाख रुपए है और महिला कर्मचारी को 6.7 लाख रुपए ही मिलते हैं। दरअसल हमारी चिंता और सरोकार किसी औद्योगिक समूह के कर्मचारियों के वेतन तक ही सीमित नहीं हैं। हम किसी मजदूर आंदोलन के पैरोकार भी नहीं हैं और न ही कथित वामपंथी हैं। सवाल यह है कि देश के शीर्ष उद्योगपतियों की औसत कर्मचारी को लेकर सोच क्या है? उन्हें कामगार चाहिए अथवा जरखरीद गुलाम चाहिए? बहुराष्ट्रीय कंपनी इंफोसिस के संस्थापक उद्योगति नारायणमूर्ति ने भी कुछ साल पहले बयान दिया था कि यदि देश को तरक्की करनी है, तो कर्मचारियों को सप्ताह में कमोबेश 70 घंटे काम करना चाहिए। एल एंड टी के चेयरमैन की इच्छा 90 घंटे के कर्मचारी की ही नहीं है, बल्कि वह कामगारों के घर में ताक-झांक कर तंज भी कसते हैं-घर में बैठकर क्या करोगे? कितनी देर तक पत्नी को निहारोगे और पत्नी तुम्हें निहारेगी? चलो, दफ्तर आओ और काम करो। सवाल यह भी है कि आज का कर्मचारी क्या 'जंगली प्राणी' है, जिसके कुछ पारिवारिक दायित्व ही नहीं हैं? यदि वह सप्ताह में 90 घंटे नौकरी ही करेगा, तो रोजाना की नींद लेने, रोजाना के कार्यों से निवृत होने, नाश्ता और डिनर करने, बच्चों को स्कूल छोडने, बीमार माता-पिता को डॉक्टर तक ले जाने, घर से दफ्तर और दफ्तर से घर लौटने के घंटों के बाद उसके पास अपने लिए कितना समय बचेगा? शायद जिंदगी ही छोटी पड़ जाए! क्या सुब्रह्मण्यम ने अपनी जिंदगी के बारे में कभी आत्मचिंतन किया है? चिकित्सा के विभिन्न शोधों के निष्कर्ष हैं कि यदि मनुष्य लगातार काम ही करता रहेगा, तो वह हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, मानसिक असंतुलन सरीखी बीमारियों का शिकार हो सकता है। एक रपट के मुताबिक, भारत में करीब 62 फीसदी लोग बर्नआउट (तनाव) का शिकार होते हैं। हमारे श्रम-कानून में भी प्रावधान है कि कामगार से सप्ताह में 48 घंटे से अधिक श्रम नहीं करा सकते, लिहाजा जो सुब्रह्मण्यम ने कहा है, क्या वह कानून का उल्लंघन नहीं है? एल एंड टी समूह के जानकार विशेषज्ञों का कहना है कि कंपनी में जो कर्मचारी फील्ड, साइट पर काम कर रहे हैं, वे औसतन 12 घंटे हर रोज से ज्यादा काम कर रहे हैं। यदि एक रविवार को काम किया, तो कर्मचारी अगले रविवार भी आधा दिन काम करेगा। यह कैसी कार्य-संस्कृति है।

> औद्योगिक सोच और शोषण की प्रवृत्ति भी स्पष्ट होती जाएगी। यह सवाल भी खुलता जाएगा कि हमारी कंपनियां, अंततः, विश्वस्तरीय क्यों नहीं हैं? लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) एक बहुराष्ट्रीय समूह है और देश की शीर्ष 100 कंपनियों में उसका नाम आता है। कंपनी में 59,000 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं। उनके अलावा, दिहाड़ीदार मजदूर भी कंपनी की परियोजनाओं से जुड़े रहते हैं। कंपनी का सालाना टर्नओवर कई लाख करोड़ रुपए का है। ऐसे औद्योगिक समूह के चेयरमैन सुब्रह्मण्यम की इच्छा है कि कंपनी के कर्मचारी सप्ताह में 90 घंटे काम करें। वे रविवार को भी दफ्तर आएं। एक शीर्ष उद्योगपति का यह विचार निरर्थक नहीं हो सकता। उन्होंने बेमतलब ही यह विचार व्यक्त नहीं किया है। बेशक वह अत्यंत प्रतिभाशाली, बौद्धिक, मेहनती, अन्वेषक उद्योगपति हैं, जिन्होंने इतनी बुलंदियां छुई हैं, लेकिन उनकी इच्छा में कई सवाल भी निहित हैं। कर्मचारी 90 घंटे, सातों दिन, काम करें, लेकिन वेतन वही रहेगा।

### देश में ही निर्मित होने वाले विभिन्न उत्पादों की मांग इन्हीं परिवारों के माध्यम से निर्मित होती है

# वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में मध्यमवर्गीय परिवारों को देनी होगी राहत

प्रह्लाद सबनानी

> गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सहायता योजनाओं का लाभ अब सीधे ही इन परिवारों को पहुंचने लगा है। 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रतिमाह मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में मध्यमवर्गीय परिवारों की प्रमुख भूमिका रहती है। देश में ही निर्मित होने वाले विभिन्न उत्पादों की मांग इन्हीं परिवारों के माध्यम से निर्मित होती है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवार जब मध्यमवर्गीय परिवारों की श्रेणी में शामिल होते हैं तो उन्हें नया स्कूटर, नया फ्रिज, नया एयर कंडिशनर, नया टीवी एवं इसी प्रकार के कई नए पदार्थों (उत्पादों) की आवश्यकता महसूस होती है। साथ ही, नए मकानों की मांग भी मध्यमवर्गीय परिवारों के बीच से ही निर्मित होती है। इसीलिए यह कहा जाता है कि जिस देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या जितनी तेजी से बढ़ती है उस देश का आर्थिक विकास भी उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ता है। भारत में भी हाल ही के वर्षों में मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या में भारी वृद्धि दर्ज हुई है। परंतु, मुद्रा स्फीति, कर का बोझ एवं इन परिवारों की आय में वृद्धि दर में आ रही कमी के चलते इन परिवारों की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है, जिससे कई कम्पनियों का यह आंकलन सामने आया है कि विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में उपभोग की जाने वाली वस्तुओं की मांग में कमी दृष्टिगोचर हुई है। विशेष रूप से उपभोक्ता वस्तुओं (Fast Moving Consumer Goods - FMCG) के क्षेत्र में उत्पादन करने वाली कम्पनियों का इस संदर्भ में आंकलन बेहद चौंकाने वाला है। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही में इन कम्पनियों द्वारा उत्पादित उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री एवं लाभप्रदता में भी कमी दिखाई दी है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सहायता योजनाओं का लाभ अब सीधे ही इन परिवारों को पहुंचने लगा है। 80 करोड़ से अधिक नागरिकों को प्रतिमाह मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों के खातों में सहायता राशि सीधे ही जमा की जा रही है। विभिन्न राज्यों द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहिना योजना आदि माध्यम से महिलाओं के खातों में सीधे ही राशि जमा की जा रही है। इसके साथ ही इन परिवारों के सदस्यों को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होने लगे हैं। जिससे इस श्रेणी के परिवारों में से कई परिवार अब मध्यमवर्गीय श्रेणी के परिवारों



में शामिल हो रहे हैं। केंद्रीय श्रम मंत्री ने हाल ही में भारतीय संसद को बताया है कि देश में पिछले 10 वर्षों में रोजगार उपलब्ध नागरिकों की संख्या 36 प्रतिशत बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 64.33 करोड़ के स्तर पर आ गई है, यह संख्या वर्ष 2014-15 में 47.15 करोड़ के स्तर पर थी। वर्ष 2024 से वर्ष 2014 के बीच, 10 वर्षों में रोजगार में लगभग 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी अर्थात इस दौरान केवल 2.9 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां सृजित हो सकीं थी, जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2024 के बीच 17.19 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां सृजित हुई हैं, यह लगभग 6 गुना से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। पिछले केवल एक वर्ष अर्थात वित्तीय वर्ष 2023-24 के बीच ही देश में लगभग 4.6 करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं। कृषि क्षेत्र में वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच रोजगार में 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच कृषि के क्षेत्र में रोजगार में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई हैं। इसी प्रकार विनिर्माण के क्षेत्र में भी वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच रोजगार में केवल 6 प्रतिशत दर्ज हुई थी जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच विनिर्माण के क्षेत्र में रोजगार में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। सेवा के क्षेत्र में तो और भी अधिक तेज वृद्धि दर्ज हुई है। वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच सेवा के क्षेत्र में रोजगार 25 प्रतिशत की दर से बढ़ा था, जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2023 के बीच इसमें 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस सबका असर बेरोजगारी की दर में कमी के रूप में देखने में आया है। देश में बेरोजगारी की दर वर्ष 2017-18 के 6 प्रतिशत से वर्ष 2023-24 में घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई है। इसका सीधा असर कामकाजी आबादी अनुपात पर भी पड़ा है जो वर्ष 2017-18 के 46.8 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 58.2 प्रतिशत पर पहुंच गया है। सबसे अच्छी स्थिति तो संगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे नागरिकों की संख्या में वृद्धि से बनी है। क्योंकि संगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं को नियोक्ताओं द्वारा कई प्रकार की अतिरिक्त सुविधाएं केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जारी नियमों के अंतर्गत प्रदान की जाती है। संगठित क्षेत्र में शामिल होने वाले युवाओं (18 से 28 वर्ष के बीच की आयु के) की संख्या में सितम्बर 2017 से सितम्बर 2024 के बीच 4.7 करोड़ की वृद्धि दर्ज हुई है, ये युवा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से भी जुड़े हैं। यदि किसी देश में मुद्रा स्फीति की दर लगातार लम्बे समय तक उच्च स्तर पर बनी रहे एवं नागरिकों की आय में वृद्धि दर मुद्रा स्फीति में हो रही वृद्धि दर से कम रहे तो इसका सीधा असर मध्यमवर्गीय परिवार के बचत एवं खर्च करने की क्षमता पर पड़ता है। यदि मध्यमवर्गीय परिवार के खर्च करने की क्षमता कम होगी तो निश्चित ही बाजार में विभिन्न उत्पादों की मांग भी कम होगी इससे विभिन्न कम्पनियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं की बिक्री भी कम होगी। यह स्थिति हाल ही के समय में भारत की अर्थव्यवस्था में दृष्टिगोचर है। अतः वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट से यह अपेक्षा की जानी चाहिए कि केंद्र सरकार द्वारा इस प्रकार के प्रयास किए जाएंगे जिससे मुद्रा स्फीति की दर देश में कम बनी रहे एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की आय में वृद्धि हो। साथ ही, मध्यमवर्गीय परिवारों की आय पर लगाए जाने वाले आय कर में भी कमी की जानी चाहिए। बैकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों पर ब्याज दरों में कमी की घोषणा द्वारा भी मध्यमवर्गीय परिवारों को कुछ हद्द तक राहत पहुंचाई जा सकती है। ऋण पर ब्याज दरों में कमी करने से मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा ऋण खातों में जमा की जाने वाली मासिक किस्त की राशि में कमी होती है और उनकी खर्च करने की क्षमता में कुछ हद्द तक सुधार होता है। मध्यमवर्गीय परिवारों के हित में यदि उक्त उपाय नहीं किया जाते हैं तो बहुत सम्भव है कि यह मध्यमवर्गीय परिवार एक बार पुनः कहीं गरीबी रेखा के नीचे नहीं खिसक जाय। अतः वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट के माध्यम से मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान करने का भरपूर प्रयास किया जाना चाहिए।

दृष्टि कोण

# निष्पक्ष चिंतन प्रजातंत्र का आधार

प्रजातंत्र अनेक शासन व्यवस्थाओं में बेहतरीन व्यवस्था मानी जाती है क्योंकि इसमें तानाशाही व्यवस्थाओं जैसी मनमानी और क्रूरता की संभावना न्यूनतम होती है। प्रारंभ में शासन की जिम्मेदारी केवल बाहरी हमलों से सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखना मात्र होती थी। लोग अपनी-अपनी सामथ्र्य अनुसार अपनी रोजी-रोटी के प्रयास करने के लिए स्वतंत्र थे। किन्तु इस व्यवस्था में कमजोर और शक्तिशाली को एक ही धरातल पर प्रतिस्पर्धा करनी होती थी। औद्योगिक क्रांति के बाद जो पूंजीवादी व्यवस्था बनी, उसने भी इसी मान्यता को अपनाया, किन्तु इस मॉडल ने नागरिकों के बीच आर्थिक असमानता को और भी ज्यादा बढ़ा दिया। उद्योगपति और मजदूर, मालिक और नौकर वाली व्यवस्था बनी जिसमें मालिक मजदूर या श्रमिक वर्ग का मनमाना शोषण करने के लिए स्वतंत्र थे। इसी के विरुद्ध प्रतिक्रिया के फलस्वरूप साम्यवादी विचारधारा का उदय हुआ, जिसने आर्थिक असमानता को कम करने के प्रयास किए, किन्तु एकदलीय तानाशाही की स्थापना की। इसने व्यक्ति की स्वतंत्र चिंतन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को नष्ट कर दिया जिसके फलस्वरूप ही साम्यवादी व्यवस्थाएं अपने ही बोझ से ध्वस्त हो गईं। जो बची हैं वह भी साम्यवाद का पाखंड ही करती दिखती हैं क्योंकि उनकी अर्थव्यवस्था तो भयंकर पूंजीवादी बन गई है। इसी दुविधा काल में फिर से प्रजातंत्र के विचार को बल मिला, किन्तु पूंजीवादी व्यवस्था में जो खुले शोषण की छूट मिल जाती थी, उस पर दो तरह से नियंत्रण करने के प्रयास किए गए। एक तो श्रमिक हितों की रक्षा के लिए कानून बनाए गए और दूसरे कल्याणकारी राज्य की अवधारणा का विकास हुआ। कल्याणकारी राज्य में प्रतिस्पर्धा में पिछड़ गए या किसी भी कारण हाशिए पर आ गए समाज को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी राज्य पर डाली गई, जिसमें गरीबी उन्मूलन, मानव कल्याण के काम जैसे भोजन, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा और आय संबंधी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के काम शामिल हैं। भारतीय संविधान में भी धारा 38 और 39 में राज्य के कल्याणकारी कत्तव्यों का प्रावधान किया गया है। यानी धीरे-धीरे प्रजातंत्र और पूंजीवादी अर्थव्यवस्था को सुधारते हुए अधिकाधिक प्रगतिशील बनाने के प्रयास हुए। इंग्लैंड और जर्मनी में 1940 के दशक में ही कल्याणकारी राज्य की अवधारणा पर कार्य आरंभ हुआ, जिससे प्रजातंत्र का ऐसा स्वरूप विकसित हो रहा है जो समाज को उन्मुक्त चिंतन के अवसर प्रदान करता है, कार्य और उद्यम की स्वतंत्रता प्रदान करता है, प्रतिस्पर्धा में पिछड़ गए समाज के भाग को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है और तानाशाही वृत्तियों को नियंत्रित करता है। इसी कारण प्रजातंत्र बेहतरीन शासन पद्धति साबित हो रहा है। प्रजातंत्र को उत्तरोत्तर प्रगतिशील बनाने के लिए प्रजातंत्र के मूल लक्षणों पर बल देते रहने की जरूरत होती है क्योंकि शासक वर्ग हमेशा ही शक्ति के दुरुपयोग द्वारा तानाशाही वृत्तियों की ओर उन्मुख होने की संभावनाओं से ग्रस्त रहता है। इसीलिए कानून के शासन को प्रजातंत्र में प्रमुख स्थान दिया गया है। जो कानून प्रजा पर लागू होता है वही शासकों पर भी लागू होता है। प्रजातंत्र में बहुदलीय प्रणाली से निश्चित अवधि पर चुनाव होते हैं और वयस्क नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अपने प्रतिनिधि चुन कर सरकार बनाते हैं। मतदाताओं का कत्तव्य है कि वे प्रजातंत्र के मूल्यों को ध्यान में रख कर, निष्पक्ष होकर अपने प्रतिनिधि और दल को चुनें। इसके लिए मतदाता का निष्पक्ष होना जरूरी है। दलों का प्रयास रहता है कि वे अधिक से अधिक नागरिकों को अपना सदस्य बनाएं, किन्तु नागरिकों का प्रयास होना चाहिए कि वे कम से कम दलीय सदस्यता ग्रहण करें। जब वे दलीय सदस्यता से बाहर रहेंगे, तभी वे सत्यनिष्ठ मूल्यांकन कर सकेंगे। वरना प्रतिबद्ध मतदाता जो किसी दल से जुड़ा है, उसके बारे में पता होता है कि वह किसके प्रति अपनी क्या राय व्यक्त करेगा, और वह जिस दल के साथ प्रतिबद्ध है, उसके गलत काम को भी ठीक ही कहेगा। इसलिए यदि हम चाहते हैं कि शासन निष्पक्ष कार्य करे तो पहले हमें ही निष्पक्ष होने की जरूरत है। हम भिन्न-भिन्न दलों के साथ जुड़ाव को दरकिनार करते हुए उनके कार्य के निष्पक्ष मूल्यांकन के आधार पर यदि मतदान करना आरंभ कर देंगे तो दलों पर भी अपनी कार्य पद्धति को सुधारने का दबाव बनेगा। विनोबा जी ने इस दृष्टि से आचार्यकुल नामक संस्था के गठन का विचार दिया था। इस संस्था के सदस्य समाज को पूर्णतः निष्पक्ष राय से जागरूक करते रहेंगे जिससे सर्वहितकारी न्यायपूर्ण प्रजातंत्र को सुदृढ़ करने के लिए मतदान किया जा सके। अपनी निष्पक्षता को सुदृढ़ करने के लिए आचार्यकुल के सदस्य किसी भी दल के सदस्य न बनें, मतदान भी न करें।

कुछ अलग

# साहिब सोए फाइल पर

पिछले दिनों झुन्नू लाल जी मुझे सचिवालय की सीढियां उतरते दिखे। वह भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग में सहायक निदेशक हैं। चेहरा कुछ उतरा हुआ था। मैंने उनसे कुशल-क्षेम पूछते हुए कहा, 'भाई साहिब! सब ख़ैरियत तो है। चेहरा क्यों उतरा हुआ है? कहीं ट्रांसफर तो नहीं हो गई।' वह रुआंसे होकर बोले, 'यार! क्या बताऊं। मैं तो परेशान हो चुका हूं पिछले साल से। क़रीब डेढ़ साल होने को आ रहा है। लेकिन प्रमोशन है कि अभी तक अटकी पड़ी है।' मैं उनकी ओर ताकता हुआ बोला, 'हद है पंडित जी। ऐसा क्या हो गया जो आपकी प्रमोशन नहीं हो रही। क्या विजिलेंस का कोई केस लगा है?' वह उदास होते हुए बोले, 'अब क्या बोलूं यार। पहले विभाग प्रमोशन का केस प्रोसेस करने में नहीं आ रहा था। किसी तरह फाइल चलवाई तो सचिव कार्यालय में पता चला कि पांच साल की एसीआर गुम हैं। मैं तो हर साल समय पर एसीआर भर कर भेजता रहा। लेकिन निदेशक को मुझसे प्यार बहुत था। उसने तीन साल तक मेरी एसीआर नहीं भरी। लेकिन पूछता कौन है इस अंधेर नगरी में। एसीआर रिव्यू करने वाले अधिकारी भी सोये रहते हैं और रिपोर्ट करने वाले भी।' मैंने उत्सुकता से पूछा, 'फिर आपने कैसे मैनेज किया?' उन्होंने निराशा भरे स्वर में अपनी बात जारी रखी, बोले, 'एक निदेशक रिटायर हो चुके थे। उनसे एसीआर लिखवाने के लिए उनके गांव जाना पड़ा। फिर दूसरे निदेशक को ढूंढा। भाई साहिब हमारा महकमा छोड़ कर दूसरे विभाग में बतौर संयुक्त सचिव टेबल तोड़ रहे थे। स्साले ने दस चक्कर कटवाए। तब कहीं जाकर एसीआर भरी। कभी कहता कि मैंने उसके साथ ठीक नहीं किया था तो कभी कहता कि मेरे पास तो तुम्हारी एसीआर पहुंची ही नहीं। दोबारा भर कर दी। तब कहीं जाकर उसने रिपोर्ट किया। फिर रिव्यूइंग अफसरों के तरले किए। पहला रिटायरमेंट के बाद यहीं जुगाड़ में राजधानी में सूचना आयोग का कार्यभार संभाल रहा था। दूसरा रिटायर होकर दिल्ली में बस गया था। किसी तरह एसीआर पूरी कीं। फिर विभाग में जमा करवाईं।' उनकी निराशा देखने के बावजूद मेरी उत्सुकता में कोई कमी नहीं आई थी। मैंने उसी अंदाज़ में उनसे पूछा कि अब क्या अड़चन है। वह बुझे चेहरे से कहने लगे, 'यार! मैं क्या सपने लेकर बत्तीस साल पहले भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग में ज़िला भाषा अधिकारी बन कर आया था। हालांकि विश्वविद्यालय में प्रवक्ता की भली-चंगी नौकरी मिल रही थी। पर मुझ पर राज्य में भाषा, कला और संस्कृति का संवर्धन और संरक्षण करने का भूत सवार था। पे-स्केल कम होने के बावजूद मैंने यह विभाग चुना। लेकिन बाद में पता चला कि भाषा, कला और संस्कृति के संवर्धन और संरक्षण के नाम पर उन नेताओं के चाहने पर ही भाषा, कला और संस्कृति का विकास हो सकता है जो बात-बात में सबको गरियाते हैं और जिन्हें अपनी भाषा भी ठीक से नहीं आती। हिंदी और अंग्रेज़ी की बात तो छोड़ ही दो।' इतना कहने के बाद वह अतीत की किसी गहरी सोच में उतर गए। मेरे पूछने पर पुनः बोले, 'बड़ी मुश्किल से डीपीसी की डेट तय हुई। डीपीसी वाले दिन पता चला कि एक एसीआर फिर गुम है। यह तो भगवान का शुक्र है कि मैंने इस बार एसीआर जमा करवाने से पहले अपने पास पहले सभी एसीआर की फोटोस्टेट रख ली थीं। दूध का जला, छाछ भी फूंक-फूंक कर पीता है। डीपीसी के बाद फाइल एप्रूवल के लिए मुख्यमंत्री को भेजी गई। क़रीब दो महीने से फाइल सीएम के टेबल पर पड़ी है। पर किसको फुर्सत है कि आम अधिकारी की फाइल एप्रूव हो।

देश दुनीया से

# भारतीय संस्कृति में सूर्य

आम तौर से सूर्य को प्रकाश और गर्मी का अक्षुण्ण स्त्रोत माना जाता है, लेकिन अब वैज्ञानिक यह जान गए हैं कि यदि सूर्य का अस्तित्व समाप्त हो जाए तो पृथ्वी पर विचरण करने वाले सभी जीव-जंतु तीन दिन के भीतर मृत्यु को प्राप्त हो जाएंगे। सूर्य के हमेशा के लिए अंधकार में डूबने के भीतर वायुमंडल में मौजूद समूची जलवाष्प ठंडी होकर बर्फ के रूप में गिर जाएगी और असहनीय शीतलता से कोई भी प्राणी जीवित नहीं रह पाएगा। करीब 50 करोड़ साल पहले से प्रकाशामन सूर्य की प्राणदायिनी ऊर्जा की रहस्य शक्ति को हमारे ऋषि-मुनियों ने पांच हजार साल पहले ही जान लिया था और वे ऋग्वेद में लिख गए थे, 'आप्रा द्यावा पृथिवी अंतरिक्षः सूर्य आत्मा जगतस्थश्च।' अर्थात विश्व की चर तथा अचर वस्तुओं की आत्मा सूर्य है। ऋग्वेद के मंत्र में सूर्य का आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व उल्लेखित है। प्रकृति के रहस्यों के प्रति जिज्ञासु ऋषियों ने हजारों साल पहले जिस सत्य का अनुभव किया था, उसकी विज्ञान सम्मत पुष्टि अब 21वीं सदी में वैज्ञानिक प्रयोगों से संभव हो रही है। सौर मंडल के सौर ग्रह, उपग्रह और उसमें स्थित जीवधारी सूर्य से ही जीवन प्राप्त कर रहे हैं। पृथ्वी पर जीवन का आधार सूर्य ही है। सभी जीव-जंतु और वनस्पति जगत का जीवन चक्र सूर्य पर ही पूर्ण रूप से आश्रित है। सूर्य के इन्हीं गुणों के कारण वैदिक काल में अनेक काव्यात्मक सूक्तों की रचना की गई और ऐतिहासिक काल में सूर्य मंदिरों का निर्माण कराया गया। आदिमानव को सूर्य इसलिए चमत्कृत व प्रभावित करता था, क्योंकि वह अंधकार से मुक्ति दिलाता था और ठंड से बचाता था। सूर्य के प्रदेय में कोई भेद नहीं है। काल गणना का दिशा बोध भी मनुष्य को सूर्य ने ही दिया। इसलिए दुनिया की सभी जातियों और सभ्यताओं ने सूर्य को देवता के रूप में पूजा और अपनी-अपनी कल्पनाओं व लोकानुरूप मिथक गढ़े, जो किंवदंतियों के रूप में हमारे पास आज भी सुरक्षित हैं। भारतीय परिप्रेक्ष्य में वैदिक काल में सूर्योपासना ज्ञान और प्रकाश के एकीकरण के लिए की जाती थी। तैत्रीय-संहिता में उल्लेख है कि सूर्य के प्रकाश से ही चंद्रमा चमकता है। 'छांदोग्य उपनिषद' में सूर्य को ब्रह्म बताया गया है। गायत्री मंत्र में सूर्य को तेज और बुद्धि का पर्याय माना गया है। रामायण में राम, रावण से युद्ध का श्रीगणेश करने से पहले सूर्य की स्तुति करते हैं। महाभारत में तो कर्ण को सूर्य पुत्र बताया गया है। कनिष्क तथा हुविष्क के सिक्कों पर सूर्य का अंकन है। कुषाणों ने अनेक नयनाभिराम सूर्य प्रतिमाओं का निर्माण कराया। हर्ष के राजकवि मयूर ने सूर्य की वंदना में सौ श्लोकों की रचना की। सूर्य की किरणों से चिकित्सा पर कई पुस्तकें लिखी गई हैं। यजुर्वेद में स्पष्ट कहा गया है कि अंतरिक्ष में व्याप्त सभी विकिरणों में सूर्य की किरणें ही जीव जगत के लिए लाभदायी हैं। 1582 में मुगल सम्राट अकबर ने एक नए धर्म 'दीन ऐ इलाही' की शुरुआत की थी, जिसमें सूर्य पूजा का ही सर्वाधिक महत्व दर्शाया गया था। वैदिक रूप में सूर्य को काल गणना का कारण मान लिया गया था। ऋतुओं में परिवर्तन का करण भी सूर्य को माना गया। वैदिक समय में ऋतुचक्र के आधार पर सौर वर्ष या प्रकाश वर्ष की गणना शुरू हो गई थी, जिसमें एक वर्ष में 360 दिन रखे गए। वर्ष को वैदिक ग्रंथों में संवत्सर नाम से जाना जाता है। नक्षत्र, वार और ग्रहों के छह महीने तक सूर्योदय उत्तर-पूर्व क्षितिज से, अगले छह माह दक्षिण पूर्व क्षितिज से होता है। इसलिए सूर्य का काल विभाजन उत्तरायण और दक्षिणायन के रूप में है। उत्तरायण के शुरू होने के दिन से ही रातें छोटी और दिन बड़े होने लगते हैं। यही दिन मकर तथा कर्क राशि से सूर्य को जोड़ता है। इसलिए उस दिन भारत में मकर संक्रांति का पर्व मनाने की परंपरा है। वेदकाल में यह साफ तौर से पता लगा लिया था कि प्रकाश, ऊर्जा, वायु और वर्ष के लिए समस्त भूमंडल सूर्य पर ही निर्भर है। वेदकालीन सूर्य में सात प्रकार की किरणें और सूर्य रथ में सात घोड़ों के जुते होने का उल्लेख है। सूर्य रथ का होना और उसमें घोड़ों का जुता होना अतिरंजनापूर्ण लगता है। अस्तु सूर्य रथ की कल्पना काल की गति के रूप में की गई। सात प्रकार की किरणों को खोजने में आधुनिक वैज्ञानिक भी लगे हैं। नए शोधों से ज्ञात हुआ है कि सूर्य किरणों के अदृश्य हिस्से में अवरक्त और पराबैंगनी किरणें होती हैं। भूमंडल को गर्म रखने और जैव रासायनिक क्रियाओं को छिप्र रखने का कार्य अवरक्त किरणें और जीवधारियों के शरीर में रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ाने का काम पराबैंगनी किरणें करती हैं। वेदकालीन सूर्यलोक में दो देवियों की भी कल्पना की गई है। ये हैं, उषा और सूर्या। ऋग्वेद में उषा की वंदना सूर्यो के साथ बीस सूक्तों में की गई है। सूर्योदय के समय अंधेरे और उजाले के बीच जो संधिवेला है, वही उषा की प्रतीक है। सौर देवी सूत्रों की ऋग्वेद में पूरे सूक्त में स्तुति की है। भूमंडल को प्रकाशित करने का कारण उषा ही मानी जाती है। दुनिया के सबसे बड़े मेले सिंहस्थ और कुंभ भी सूर्य के एक निश्चित स्थिति में आने पर लगते हैं। सिंहस्थ का पर्व तब मनाया जाता है, जब सिंह राशि में सूर्य आता है। इसमें स्नान एक निश्चित मुहूर्त में किया जाता है। वैदिक ग्रंथों के अनुसार देव और दानवों ने समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश प्राप्त किया था। इसे लेकर विवाद हुआ। तब विष्णु ने सुंदरी रूप रखकर देवताओं को अमृत और दानवों को मदिरा पान कराया। राहू ने यह बात पकड़ ली। वह अमृत कलश लेकर भागा। विष्णु ने सुदर्शन चक्र छोडक़र राहू का सिर धड़ से अलग कर दिया। इससे सिर 'राहू' और धड़ 'केतु' कहलाया। इस छीना-झपटी में जहां-जहां अमृत की बूंदें गिरीं, वहां-वहां सिंहस्थ और कुंभ के मेले लगने लगे। इस वैदिक घटना को वैज्ञानिक संदर्भ में भी देखा जा रहा है। इस आख्यान एवं वैज्ञानिक शोध के बीच सामंजस्य बिठाया जा रहा है। दरअसल हमारे सौर मंडल में एमएस 403 एक तारा है। यह हमारे सूर्य से दस हजार गुना बड़ा सूर्य है। इसे एक ब्लैकहोल निगल रहा है। जिस तरह से शेर के मुंह से अपने को छुड़ाने को जानवर भागता है, ठीक उसी तरह यह दस हजार गुना बड़ा सूर्य ब्लैकहोल के चारों ओर छूटकर भागने के लिए चक्कर काट रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में जैसे किसी अनारदाने से आतिशबाजी की चिंगारियां निकलती हैं, एमएस 433 के दोनों ओर यह आतिशबाजी निकल रही है। वैज्ञानिकों ने इसके प्रकाश का जब परीक्षण किया तो पाया कि 433 में ऐसे अनेक तत्व हैं, जिन्हें हमारा विज्ञान आज भी नहीं पहचानता। आज भी ऐसे तत्व अन्य किसी तारे में मौजूद नहीं हैं। यह भी एक विचित्र संयोग है, जब सिंहस्थ का मेला लगता है तो एसएस 433 सूर्य के साथ सिंह राशि में बीचोंबीच स्थित रहता है और सिंहस्थ व कुंभ स्नान के समय इससे निकलने वाला प्रकाश तथा आतिशबाजी सीधे पृथ्वी की ओर इंगित रहता है।

आप का नजरीया

# बीबीएन की मिट्टी से आशा

हिमाचल के औद्योगिक परिदृश्य को समझने, निखारने और आर्थिक परिस्थिति को जांचने के लिए बीबीएन एक मॉडल सरीखा है। यह कितना सफल, कितना विफल या कितनी उम्मीदों से भरी संभावना का कलश है, इसके ऊपर बहस और समाधान संभव हैं, लेकिन इस बीच अच्छी खबर यह है कि बीबीएन विकास प्राधिकरण ने औद्योगिक मिट्टी का स्वामित्व धारण करने की इच्छा प्रकट की है। अथारिटी औद्योगिक संरचना में अपना रुतबा बढ़ाने के लिए यह अधिकार चाहती है कि उसे इंडस्ट्रियल प्लॉट निर्माण और आबंटन की शक्तियां मिलनी चाहिएं। इससे पहले प्राधिकरण को आवासीय क्षेत्र में आगे बढने के स्वतंत्र अधिकार मिले हैं और अगर औद्योगिक निर्माण से जुड़े कार्य भी इसके कार्यक्षेत्र में आते हैं, तो यह औद्योगिक शहर के भविष्य की परिकल्पना में एक क्रांतिकारी कदम होगा। दरअसल बीबीएन क्षेत्र का उदय जिस परिकल्पना को साकार कर सकता था, उसके लक्ष्यों में अभी भी खोट है। दरअसल यह क्षेत्र औद्योगिक पैकेज का सारांश बनकर आज भी अपनी क्षमता, संभावना और आर्थिक संपन्नता से महफूज है, क्योंकि योजनाबद्ध विकास की दृष्टि से कई रिसाव अब सताते हैं। अगर हमने बीबीएन की मिट्टी से हिमाचल की आर्थिकी का श्रृंगार करना हो, तो शिखर पर एक ही एजेंसी को जवाबदेह बनाना पड़ेगा। देर से ही सही, लेकिन बीबीएन विकास प्राधिकरण के गठन से आर्थिक व शहरी महत्त्वाकांक्षा के सपने बड़े व व्यापक ढंग से आगे बढ़ सकते हैं। बीबीएन ने क्या खोया या पाया, इसकी समीक्षा के साथ-साथ इस क्षेत्र की संभावना व क्षमता के रिसाव को रोकने की एक विस्तृत योजना चाहिए, जिसे विकास प्राधिकरण जैसी स्वतंत्र संस्था पूरा कर सकती है। हमने केंद्र के औद्योगिक पैकेज से बीबीएन की महफिल सजा तो ली, लेकिन इसके परिणामों का दोहन नहीं कर सके। जो उद्योग शुरू हुए, वे भी अपने वित्तीय व कर लाभ की पैमाइश बन कर रह गए या अगंभीर प्रयासों की खेती में कई फसली बटेर पलायन कर गए। आखिर बीबीएन है कितने कैरेट का। हम अगर बीबीएन को प्रदेश की आर्थिक राजधानी का दर्जा दें, तो यह हिमाचल का न केवल सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र, बल्कि ऐसा शहर बनकर उभर सकता है जहां चंडीगढ़-मोहाली की समीपता से कई तरह से आर्थिक लाभ अर्जित होंगे। करीब पांच लाख बाशिंदों के घनत्व में बीबीएन की सुबह और बीबीएन की रात का उल्लेख मिलता है। यह दीगर है कि यह देश का ऐसा शहर है जो रात्रि पलायन कर जाता है और शेष रह जाता है एक ऐसा निम्न वर्ग जो शहरीकरण की उद्दंडता में निरंतर छलनी होता है। शहर की सूरत में बीबीएन के संकल्प केवल औद्योगिक रिसाव बन कर रह गए हैं, जबकि बीबीएन का स्तर एक तरह से चंडीगढ़ के उसी तरह के विस्तार की गवाही होना चाहिए, जो हमें पंचकूला, मोहाली से आगे निकलकर न्यू चंडीगढ़ या उससे भी आगे की रीयल एस्टेट में दिखाई देता है। बीबीएन की आंखें अगर विकास प्राधिकरण के नजरिए को आगे बढ़ाती हैं, तो यह शहर हिमाचल के आर्थिक पहरावे में अपनी सौम्यता प्रकट कर सकता है।

अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध जिला प्रशासन की कार्रवाई

# मयूरहंड अंचल क्षेत्र से 104000 सीएफटी अवैध बालू भंडारण जब्त, 8 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनन टास्क फोर्स की टीम द्वारा लगातार भिन्न क्षेत्रों में छापेमारी व जांच अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को देर शाम प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर मयूरहण्ड अंचल क्षेत्र में अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा जहुर आलम के नेतृत्व में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी मयूरहण्ड मनीष कुमार, थाना प्रभारी मयूरहण्ड अमित कुमार एवं खान निरीक्षक राजेश हंसदा, जिला खनन कार्यालय के द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाई गई। छापेमारी अभियान के पश्चात अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम ने बताया कि मयूरहंड अंतर्गत मौजा सोकी एवं सुगी स्थित बराकर नदी घाट विभिन्न स्थलों पर अवैध बालू खनिज का उत्खनन परिवहन/भंडारण के विरुद्ध संयुक्त रूप से अवैध बालू खनिज का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान मौजा सोकी एवं सुगी स्थित भिन्न-भिन्न स्थलों पर 70,400 सीएफटी लगभग 704 ट्रैक्टर अवैध बालू का भंडारण पाया गया। जिसे जब्त करते हुए अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त कुल 8 लोगों एवं कई अन्य अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके अलावे दूसरी जगह पर लगभग 36700 सीएफटी भंडारण पाया गया है। इस मामले में संवेदक द्वारा भंडारण के लाइसेंस होने का दावा किया, इसके आलोक में दावे की सत्यता की जांच की जा रही है। जांच में अवैध बालू भंडारण पाया जाता है तो प्राथमिकी दर्ज करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी। आगे अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा अवैध बालू का खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगी। किसी भी सूरत में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त लोगों को माफ नहीं किया जाएगा। साथ ही सभी आमजनों से अपील करते हुए कहा कि अगर कोई आमजन को अवैध खनन, परिवहन और भंडारण से संबंधित सूचना मिलती है तो अविलंब इसकी जानकारी हमें या खान निरीक्षक, खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारी को दें। सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन को लेकर कमिटी गठित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** स्थानीय चुन्दरु धाम परिसर मे प्रखंड स्तरीय खेल प्रेमियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता रबीन्द बक्शी व संचालन उपेन्द्र पान्डेय ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट आगामी 26 जनवरी से हाई स्कूल मैदान में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर खेलो टंडवा क्रिकेट टूर्नामेंट कमिटि का गठन किया गया। नवगठित कमिटि के अध्यक्ष उपेन्द्र पान्डेय, सचिव महेश महतो, कोषाध्यक्ष रौशन अंसारी, उपाध्यक्ष रविद्र बक्शी व दिनेश यादव, उपसचिव नदां थापा व मुकेश दास, मीडिया प्रभारी कुलदीप कुमार दास तथा संरक्षक रुदेश कुमार नायक सर्वसम्मति से चुने गए। इसके अलावा सदस्यों मे हेमन्त यादव, अमेरका नायक, सुरेन्द्र सोनी, गुलाम मुस्तफा, रामाशीष प्रजापति, शहबाज आलम, मजहर अंसारी, विकास कुमार पान्डेय, रवि कुमार गुप्ता, दीपक गुप्ता, कुंदन पासवान, प्रमोद वर्मा, रामकुमार यादव, सुरेन्द्र नायक, पवन पासवान, मो हातिम का नाम शामिल है।

## किशोरियों के साथ दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के लोक प्रेरणा केंद्र और डिग्निटी फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में लोक प्रेरणा केंद्र संस्था कार्यालय में 12 गांव के 36 लीडर किशोरी के साथ प्रखंड स्तरिय दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण नेतृत्व विकास एवं व्यक्तित्व विकास पर दिया गया। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में रांची के सुनीता कुमारी ने अपना अहम योगदान दिया। प्रशिक्षण को सफल बनाने में संस्था के सचिव मौसमी बाखला एवं कार्यकर्ता प्रतिमा, सरोज, कविता, रानी ने सहयोग किया।

## दलित अधिकार सम्मेलन के बैनर तले किया गया आयोजन



**हंटरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के अम्बेडकर राष्ट्रीय महिला समिति कार्यालय में शुक्रवार को अम्बेडकर महिला समिति के संरक्षक राजू दा की अध्यक्षता में दलित अधिकार सम्मेलन के बैनर तले विमर्श का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जलेंद्र सिंह भन्दे ने दलितों को संगठित रहकर अपने अधिकारों को संरक्षित रखते हुए संविधान के रास्ते में चलने का आवाह्न किया। वही इस विमर्श में अध्यक्षता कर रहे राजू दा ने संबोधित करते हुए कहा शिक्षा जीवन का मूल वरदान, और संविधान भारत की आत्मा एसी, एसटी, ओबीसी, के लिए संविधान स्वर्ग का दरवाजा है जिसे शिक्षा की कुंजी से खोला जा सकता है। मौके पर सीपीएल प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद, लालती कुमारी, निर्मला कुमारी, मनोरमा कुमारी, गुड़िया कुमारी, चिंता देवी, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सिमरिया चौक को स्वच्छता को लेकर बीडीओ ने बैठक कर सभी दुकानदारों से किया सहयोग की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के सिमरिया चौक को सुंदरीकरण तथा स्वच्छता को लेकर व्यवसायिक दुकानदारों तथा बस एजेंटों के साथ किसान भवन में बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद और अंचलाधिकारी गौरव कुमार ने की। बैठक में स्वच्छता चलाने तथा चौक को साफ सफाई रखने को लेकर एक स्वर में सहमति जताते हुए चौक दुकानदारों को इसके लिए जागरूक किया गया है। जागरूकता में दुकानदारों को कहा गया कि जो जो दुकानदार अपने दुकानों के सामने अतिक्रमण कर जगह को संकीर्ण बनाए हुए है वो अविलंब जगह को स्वेच्छा से अपने निश्चित स्थान पर कर लें। अन्यथा प्रशासन द्वारा बल प्रयोग करने पर दुकानदारों को काफी परेशानी होगी। वहीं चौक को हमेशा साफसफाई रखने के लिए व्यवसायिक दुकानदारों की एक कमिटी बनाई जाएगी जो हमेशा के लिए चौक को स्वच्छ रखने में मदद करेगा। मौके पर चौक के दर्जनों व्यवसायिक दुकानदार शामिल थे।

## अवैध अफीम खेती के विरुद्ध बड़ी करवाई, 3 एकड़ में लगी अफीम खेती नष्ट, नशाखोरियों में हड़कंप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** चतरा पुलिस लगातार अवैध पोस्ते की खेती को कहीं न कहीं प्रत्येक दिन विनष्ट कर रही है। लगातार पुलिसिया कार्रवाई से नशाखोरियों में हड़कंप है। बताते चले कि पुनः शनिवार कि दोपहर जिले के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत संजनी गांव के पूर्णा पानी, लुकवा पानी, बेरिया ढोंढा जंगल में अवैध रूप से 3 एकड़ वन भूमि पर की जा रही पोस्ता की खेती को पुलिस और वन विभाग ने संयुक्त अभियान चला कर विनष्ट किया। यह अभियान चतरा पुलिस अधीक्षक विकास पांडे और वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार के निर्देश पर किया गया। अभियान में वशिष्ठ नगर थाना पुलिस और वन विभाग, जोरी की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई है, करीब 3 एकड़



वन भूमि पर की गई अवैध पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर चलाकर पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी को रोकने के लिए की जा रही है। प्रशासन यह स्पष्ट करता है कि अवैध खेती और मादक पदार्थों के व्यापार में संलिप्त पाए जाने वालों व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चतरा जिला प्रशासन ने आम लोगों से किया अपील किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी चतरा पुलिस नियंत्रण कक्ष या निकटतम पुलिस थाना को तुरंत दें। पुलिस अवैध गतिविधियों के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है और क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अभियान में सब इंस्पेक्टर विधायक प्रसाद यादव, वनकर्मी कपिलदेव कुमार मेहता, विवेक कुमार, रितेश बाखला, राजीव रंजन के अलावा जिला बल के कई जवान शामिल थे।

## पिरामल फाउंडेशन की टीम पहुंची बिरहोर बहुल गांव नवादा



**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नवादा पंचायत में बिरहोर बहुल गाँव टयाक्रम पहुँच कर पंचायत को सशक्त कैसे बनाया जाय इसे लेकर पिरामल फाउंडेशन के विस्तार पूर्वक चर्चा की।पीरामल फाउंडेशन की टीम ने आदिम जनजाति परिवार का उत्थान कैसे हो इसे लेकर बिरहोर परिवार के लोगों से मिल समस्याओं को सुना, पंचायत सशक्त कैसे बने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, विद्युतीकरण, बुनियादी सुविधा समेत कई बिन्दुओ पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। इसमें पंचायत के मुखिया भरत यादव, पिरामल फाउंडेशन सीओई शांत कृष्णा, जिला लीड अमित भारती, गांधी फैलो आदित्य राज, प्रदीप कुमार, पिरामल फाउंडेशन के स्वयं सेवक उमेश पासवान, कपिल कुमार, पंचायत स्वयं सेवक संतोष भोक्ता, शिक्षक, आंगनवाड़ी सेविका, सहिया एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## हाईवा से उड़ते धूलकण से परेशान ग्रामीणों ने विरोध में रखी दुकानें बंद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** डीवीसी द्वारा संचालित तुबैद कोलियरी से चलने वाले कोयला लोड हाईवा वाहनों से उड़ते धूलकण, घंटो जाम एवं सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी से परेशान ग्रामीणों ने शनिवार को एक दिवसीय बालूमाथ बाजार बंद रखने का निर्णय लिया। जिसमें बड़ी संख्या में दुकानदार शामिल हुए और घूम-घूम कर लोगों से दुकान बंद करने का अपील किया। जहां बंद का अपार जन समर्थन मिला और सुबह से दोपहर दो बजे तक दुकाने बंद रही। इसके अलावा नवादा, चिरु, बरमोरिया, झाबर ग्राम में भी लोगों ने विरोध स्वरूप अपनी दुकान स्वतः बंद कर दी। मौके पर जानकारी देते पूर्व उप-प्रमुख संजीव सिन्हा ने बताया कि तुबैद कोलियरी से चलने वाले हाइवा से उड़ते धूलकण और घंटो जाम से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं आए दिन लोग दुर्घटना में अपनी जान गवां रहे है। इसलिए हम लोग पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बंद को सफल बनाने में लगे हुए हैं।वही रवि रजक ने कहा कि हाईवा का परिचालन ग्रामीण सड़क की जगह ट्रांसपोटिंग सड़क बनाकर किया जाये। अगर उनकी मांगे नहीं मानी जाती है। तो शाम में मशाल जुलूस निकाला जाएगा एवं रविवार से अनिश्चितकालीन धरना देते हुए हाईवा का परिचालन बाधित कर दिया जाएगा। ज्ञात हो की तुबैद कोलियरी से चलने वाले हाईवा वाहन से उड़ते धूलकण एवं सड़क दुर्घटनाओं में लोग शिकार हो रहे हैं।अब तक आधा दर्जन से अधिक लोग अधिक लोग अपनी जान गवां चुके हैं। मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जिला परिषद बैठक में उठाये गये मामले पर दिखा असर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** शुक्रवार क़ो जिला परिषद की बैठक में जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर के द्वारा बरवाडीह पुराने ब्लॉक परिसर में 2012 में निर्मित 59 दुकानों क़ो जिला परिषद क़ो सौंपने और एग्रीमेंट कराते हुए राजस्व वसूली करने साथ ही बस स्टेण्ड में दुकान निर्माण कराने का मामला उठाने के बाद कार्रवाई का असर देखा गया।इस मामले में शनिवार क़ो जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता सूरज चौधरी बरवाडीह पहुँचे और बनी दुकानों का निरीक्षण करने के साथ दुकानदारों से भी मुलाक़ात की। मामले पर गंभीरता दिखाते चौधरी नें कहा कि जल्द सभी दुकानों क़ो जिला परिषद के अधीन लेने की प्रकिया की जाएंगी जिसके बाद सभी दुकान का एग्रीमेंट किया जायेगा। वहीं जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी के निर्देश पर निरीक्षण के दौरान बस स्टेण्ड में होने वाली दुकान निर्माण कार्य के साथ जर्जर शौचालय का भौतिक निरीक्षण करते हुए कनीय अभियंता राजकिशोर पासवान निर्देशित करते हुए कहा कि प्राकलन तैयार कर निर्माण कार्य की प्रकिया शुरू करने की कार्रवाई करें। इस दौरान मौके पर विवेक सिंह, उपेद्र ठाकुर, गुड्डु अंसारी, सुजीत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## माय भारत आउटरीच कार्यक्रम के तहत छात्राओं को दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी शाहू महाविद्यालय लातेहार में माय भारत आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने छात्राओं को माय भारत से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है, ताकि यह कार्यक्रम अधिक से अधिक छात्रों तक पहुंचे। कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने भी अपने निरंतर प्रयासों के बारे में बताया और इस पहल के माध्यम से छात्राओं में उत्साह और जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।इस कार्यक्रम ने छात्राओं को न केवल माय भारत के महत्व से परिचित कराया, बल्कि उन्हें इस अभियान का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित भी किया।

## राकेश सिंह ने सीआरपीएफ जवान नागेंद्र सिंह की उपलब्धि पर किया सम्मानित




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय स्थित विवेकानंद पार्क में सीआरपीएफ जवान नागेंद्र सिंह के चयन और जॉइनिंग लेटर प्राप्त होने पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नागेंद्र सिंह, पिता महेंद्र सिंह, डेमू पंचायत के सेमरी गांव के निवासी हैं। उनके चयन से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है।इस अवसर पर पूर्व मनिका विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी व आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य राकेश सिंह ने इस अवसर पर नागेंद्र सिंह को मिठाई खिलाकर व पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनके लंबी उम्र की कामना की। साथ इस उपलब्धि के लिए नागेंद्र सिंह को खूब सराहा। श्री सिंह ने कहा कि नागेंद्र अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है।कार्यक्रम में उमेश यादव, धर्मपाल सिंह,मनोज यादव, आशीष सिंह, अविनाश सिंह और सचिन सिंह सहित कई स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की मांग को पूरा करने का आश्वासन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हेरहंज :** प्रखंड कार्यालय सभागार में सड़क सुरक्षा एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कोल माइंस हेरहंज बालूमाथ लातेहार के तत्वावधान में तूवेद कोल माइंस कुशमाही साइडिंग तक चल रहे हाइवा ट्रांसपोर्टिंग परिचालन की अनियमितताओं पर चर्चा की गई। इस बैठक में एडीएम, प्रखंड विकास पदाधिकारी हेरहंज अमित कुमार, डीवीसी के कर्मचारी, और बालूमाथ हेरहंज प्रभावित क्षेत्रों से आए ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें ओवरलोडिंग, ड्राइवर की 12 घंटे की ड्यूटी, सड़क पर कचरे का जमाव, ट्रक के नंबर प्लेट में संख्या का होना, गाड़ियों में कवरिंग, हाईवे पर दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय, और स्कूली बच्चों के समय में नो एंट्री जैसे प्रमुख बिंदु शामिल थे। एसडीएम ने सभी बिंदुओं पर




आश्वासन दिया और हाइवा ट्रांसपोर्टिंग का रूट परिवर्तन करने की बात भी कही। इसके अलावा, एसडीएम ने दुर्घटनाओं में मरने वाले और घायल हुए लोगों के परिवारों को उचित मुआवजा दिलाने का भी वादा किया। इस मौके पर अध्यक्ष चंद्रदेव उरांव, संरक्षक पप्पू सिंह, रंजीत जैसवाल, ओम जायसवाल, संजू भोक्ता, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र यादव, दीपक सिंह, लाडले खान, कृष्ण प्रसाद साहू, विजय उरांव, संकेश्वर राम, फुलवा गंजू राम, ब्रिज भोक्ता, समनारायण सिंह सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## लंबित योजनाओं को अविलंब पूर्ण करने को लेकर किया गया निर्देशित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा शनिवार को बारीयातु प्रखण्ड कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालय कर्मियों व कार्यालय के क्रियाकलापों का जायजा लिया गया।उपायुक्त के द्वारा बारीयातु प्रखण्ड अन्तर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण के क्रम में बच्चों को दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं व व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात पंचायत बालूभांग अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। धान अधिप्राप्ति केंद्र का औचक निरीक्षण कर जरूरतमंदों को दिए जा रहे राशन में किसी भी प्रकार की अनियमितता एवं उचित वजन समेत अन्य की जांच की गई। जिससे जरूरतमंद लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या न हों। इस दौरान उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश देते हुए ईमानदारी पूर्वक राशन वितरण करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र, हीसरी का निरीक्षण के क्रम में छोटे बच्चों की शिक्षा, पोषण और



स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावे उपायुक्त के द्वारा बारीयातु प्रखंड अंतर्गत भ्रमण कर मनरेगा, अबुआ आवास योजना व अन्य संचालित योजनाओं के तहत किये जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में मनरेगा के तहत लाभुक का आमबागवानी व दीदी बगिया के कार्यो का औचक निरीक्षण कर उसके देखरेख एवं रख रखाव से संबंधित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।मौके पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के लाभुकों के बीच साइकिल, स्कूल ड्रेस,व जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया।निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने पंचायत सचिवालय बालुभांग में आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय-समय पर अपने आधीन कर्मियों व पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन कर व्यवस्थाओं व कर्मियों के कार्यशैली को दुरूस्त करें। इस दौरान आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकार, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारी बारीयातु, अंचल अधिकारी बारीयातु, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने उग्रवादी के घर पर चिपकाया इश्तिहार



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिका पुलिस ने लातेहार न्यायालय के आदेशानुसार शनिवार को प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के सक्रिय सदस्य आजाद उर्फ रवि के घर पल्हेया में इश्तिहार चिपकाए।पुलिस द्वारा फरार आरोपी आजाद के परिजनों को सूचित किया गया कि वह फरार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करें। इस अवसर पर मनिका थाना के सब-इंस्पेक्टर सुभाष कुमार साहू, अनूप कुमार और मनिका पुलिस बल के अन्य जवान उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



### बाल विवाह को लेकर जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# आधुनिक समाज के विकास में बाल विवाह बड़ी चुनौती है : डीडीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला समाज कल्याण विभाग हज़ारीबाग के तत्वधान में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बाल विवाह निषेध अधिकारियों का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को स्थानीय नगर भवन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन करने के पश्चात जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा ने स्वागत भाषण से किया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ÷ योजना अंतर्गत बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों तथा बाल विवाह निषेध अधिकारियों के दायित्व एवं भूमिका विषय को लेकर सभी अधिसूचित/नियुक्त बाल विवाह निषेध अधिकारियों को बाल विवाह के कारण,बाल विवाह के परिणाम, अपराध, निषेधाज्ञा, शुन्यकरण, गुजारा भत्ता एवं बच्चें की अभिरक्षा, देखरेख और संरक्षण के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों को उनकी भूमिका, बाल विवाह की रोकथाम में पुलिस की भूमिका, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, झारखंड बाल विवाह प्रतिषेध नियमावली 2015 एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय की बाल विवाह विषय पर अवधारणाएं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को देश में बाल विवाह की प्रथा को रोकने तथा इसे प्रभावित बच्चों के अधिकारों के संरक्षण हेतु भारत सरकार द्वारा विशेष कानून के रूप में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में विशेष रूप से बताया गया। इस अधिनियम के जरिए विवाह करने की न्यूनतम आयु बालक एवं बालिका के लिए क्रमशः 21 वर्ष एवं 18 वर्ष निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में बाल विवाह को जड़ से मिटाए जाने हेतु सभी बाल विवाह निषेध अधिकारियों एवं हितधारकों से अपेक्षा की गई है कि वह पूर्ण निष्ठा एवं जवाबदेही के साथ बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों को लागू कर बच्चों को सुरक्षित एवं विकासात्मक माहौल प्रदान करेंगे। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों, धार्मिक गुरुओं एवं



समाज के अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ साझा प्रयास करते हुए सामाजिक बदलाव लाकर इस कुरीति को समूल नाश हेतु प्रयत्न करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने कहा कि आधुनिक समाज के विकास में बाल विवाह बड़ी चुनौती है। आज भी बाल विवाह कई समुदायों में सामाजिक परंपरा के स्वरूप में प्रचलित है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का एक निर्मम उल्लंघन है। बाल विवाह रोकने के लिए प्रखंड स्तर पर अधिकारियों को इसके संबंध में कई अधिकार दिए गए हैं। सभी अधिकारी, जनप्रतिनिधि बैठक कर बाल विवाह से जुड़ी बातों को गंभीरता से विचार करें और सूचना तंत्र को मजबूत बनाते हुए गोपनीयता के साथ काम करें। उन्होंने सभी मीडिया बंधुओ से भी अपील की है कि बाल विवाह से जुड़े फोटो, वीडियो आदि का उजागर करने से बचें। कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गौरव खुराना ने कहा कि बाल विवाह करना या होने देना दोनों स्थिति में जुर्म है। यदि किसी बच्चे का बाल विवाह कम उम्र में हुआ हो तो वह न्यायालय की शरण में जाकर अपने विवाह को शून्य करवा सकते हैं। जुवेनाइल एक्ट के तहत किसी भी बच्चों के पहचान को उजागर करना कानूनन जुर्म है। इसमें एक लाख रुपये तक का जुर्माना और दो वर्ष का कठोर कारावास का प्रावधान है। बाल विवाह से जुड़े हर एक व्यक्ति सजा के हकदार है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ने उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह को रोकने और इससे संबंधित प्रावधानों से लोगों को जागरूक करने का शपथ दिलाया। कार्यक्रम में बाल विवाह की रोकथाम में बेहतर व प्रशंसनीय कार्य प्रदर्शन करने पर खुशी कुमारी और उर्मिला कुमारी को पुरस्कृत किया गया। वंही वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में जिला स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्राओं में ज्योत्सना ज्योति, सना संजुरी, करिश्मा कुमारी, सृष्टि सौम्या, लक्ष्मी रानी, नेहा कुमारी, कुमारी लकी, रितिका कुमारी, दिव्या भारती और अंशु कुमारी शामिल रही। कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त इश्तियाक अहमद के अलावे जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना, योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, एनयूएमवी यूनिसेफ के सीपीओ गौरव, सभी अंचल अधिकारी/ बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी बीडीओ, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षिका, सभी पंचायत सचिव सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## चेलंगदाग जंगल से वन विभाग ने 4 क्विंटल अर्ध निर्मित कत्था जप्त किया, 2 लोगों पर नामजद केस दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** आँगों जंगल के सुरक्षित वन क्षेत्र स्थित चेलेंग दाग जंगल में पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी मौन प्रकाश के निर्देशानुसार बड़कागांव वन क्षेत्र के वन कर्मी के द्वारा गुप्त रूप से छापामारी कर लगभग चार क्विंटल अर्ध निर्मित कत्था बरामद किया गया। घटनास्थल से 12 बड़ा डेक्का, 6 प्लास्टिक की बाल्टी से भरा अर्ध निर्मित लगभग 4 क्विंटल कत्था जप्त किया गया। जिसकी कीमत लगभग चार लाख रुपया हो सकती है। बताते चलें कि चेलेंगदाग जंगल में पिछले कई महीनो से गुप्त रूप से जंगल में कत्था बनाने का कार्य किया जा रहा था। छापेमारी की जानकारी मिलते ही कत्था माफिया वन विभाग के द्वारा छापेमारी होते फरार



हो गए और घने जंगलों में छुप गए। इस दौरान वन विभाग के कर्मियों ने कत्था बनाने वाले भट्ठा को तहश-नहस कर नष्ट कर दिया गया। छापामारी में बड़कागांव वन क्षेत्र के तमाम वन कर्मी शामिल थे। मामले को लेकर बड़कागांव वन क्षेत्र कार्यालय में 2 नामजद लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में एसीएफ ए के परमार ने कहा कि जो भी जंगल में ख़ैर की लकड़ी को काटकर कत्था बनाने का कार्य करेंगे, इसके अलावा अवैध कोयला उत्खनन, पत्थर का कारोबार करेंगे उन पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

## भामाशाह शिशु विद्या मन्दिर के बच्चों ने बरही सूर्य मंदिर का किया शैक्षणिक भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शनिवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के छोटे छोटे बच्चों को नव साल के अवसर पर स्थानीय मंदिर दर्शन हेतु शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें कक्षा अरुण, नर्सरी, उदय, एलकेजी, प्रभात, यूकेजी तथा प्रथम के भैया बहनों को बरहीडीह स्थित सूर्य मन्दिर ले जाया गया। आचार्यों ने बच्चों को बरही नदी पर आकर्षक सूर्य मंदिर को स्थापित होने के बारे में बताया गया। बच्चो ने उक्त मंदिर के दर्शन कर और उनके विशेष जानकारी पाकर उत्साहित हुए। इस मौके पर आचार्या गुडविल सिंह, रश्मि, प्रियंका सिंह, पुष्पलता कुमारी एवं विनीता कुमारी के संरक्षण में बच्चों ने भ्रमण कर अति उत्साहित दिखे।

## दौलत महतो शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बनासो ने कोनार में किया वनभोज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के द्वारा शनिवार को कोनार डैम में वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के सचिव गौरव पटेल शामिल हुए। उन्होंने प्रशिक्षुओं एवं शिक्षकों के साथ बैठकर सामूहिक भोजन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने से सामूहिक रूप से विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाने और कौशल विकास करने का अवसर प्राप्त होता है।प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार चतुर्वेदी ने अपने सम्बोधन में कहा की ऐसे कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य प्रशिक्षुओं में समरसता और समन्वय के भाव को सिखाना है।



प्रशिक्षुओं एवं प्राध्यापकों ने कोनार डैम की खुबसूरती और कल-कल करती पानी के लहरों का आंनद लिया। मुख्य रूप से महाविद्यालय की आई0क्यू0ऐ0सी0 कॉर्डिनेटर एवं एन0एस0एस0 कार्यक्रम पदाधिकारी स्वर्णा मिश्रा, सहायक प्राध्यापकगण जिनमें बबली कुमारी, ओमकार नाथ शर्मा, अशोक कुमार झा, वीरेन्द्र देव, शशिभूषण देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा, प्रवीण कुमार जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अदृश मुखर्जी, डॉ0 सतीश चंद यादव, जयपाल राणा, डॉ0 अम्बरीश कुमार दुबे, डॉ0 विजयकांत चक्रवर्ती, सीमा, अजीत कुमार, भुवनेश्वर कुमार महतो, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रीती पुनम हेमब्रम, प्रकाश कुमार, आजाद, नाजरा, सुनीता एवम् 2024-26 के सभी प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

## बरही विधायक मनोज यादव विधानसभा लोक लेखा समिति के सभापति बने



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही विधानसभा के विधायक मनोज कुमार यादव को झारखंड विधानसभा लोक लेखा समिति का सभापति बनाया गया है। सभापति बनाए जाने पर बरही के भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। लोक लेखा समिति के सभापति बनाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधानसभा के अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो ने अनुशंसा की थी। बरही के लोगों ने लोक लेखा समिति के सभापति जैसे महत्वपूर्ण पद देने के लिए मुख्यमंत्री और विधानसभा के अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया है। हर्ष व्यक्त करने वालों में जिला परिषद के उपाध्यक्ष किशुन यादव,भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष भगवान केशरी, पूर्वी मंडल के अध्यक्ष सह मुखिया संघ बरही के अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, मुखिया शमशेर आलम, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, बिशेश्वर यादव, राजन ओम, मुखिया मंगलदेव यादव, विपिन सिन्हा, उप मुखिया मनोज उपाध्याय, पंसस नवलकिशोर सिंह, शिवा निषाद, अभिषेक निषाद, मुन्ना यादव,सचिन यादव, मनोज राणा समेत भाजपा के अनेक कार्यकर्ता शामिल हैं।

## वाहन जांच अभियान से वाहन दुर्घटना पर लगी है अंकुश : सुनील सिंह



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिकरी ओपी प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने 19 जनवरी को केरेडारी बड़कागांव मुख्य सड़क के राजा बागी में मोटर साइकिल जांच अभियान चलाया. इस दौरान सैकड़ों मोटर साइकिल की जांच की गई. इस दौरान कई वाहन चालकों की जांच की गई साथ ही अपडेट पेपर लाइसेंस हेलमेट नहीं रखने वाले लोगों को अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए भेजा गया है. इस अवसर ओपी प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि नित्य चलाए जा रहे मोटर साइकिल जांच से अप्रत्याशित सफलता मिल रही है. दुर्घटनाओं पर अंकुश लगा है साथ ही लोगों में वाहन चलाने से लेकर अपडेट कागजात रखने की जागरूकता बढ़ी है और शराब पी कर वाहन चलाने वालों में भारी कमी देखी जा रही है. मौके पर सिकरी ओपी पुलिस के जवान मौजूद थे.

## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 407 में से 347 परीक्षार्थी हुए शामिल

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ +2 उच्च विद्यालय में नवोदय विद्यालय प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा ली गई।इस प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में 407 प्रतिभागियों में से 347 शामिल हुए शेष 60 प्रतिभागी गैर हाजिर रहे।बताया गया कि नवोदय विद्यालय के कक्षा 6 में नामांकन को लेकर प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें विष्णुगढ़ प्रखण्ड के विभिन्न स्कूलों से 407 प्रतिभागी को परीक्षा देना था पर परीक्षा में 347 ही परीक्षा में शामिल हुए।

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अंतर्गत बी.फार्मा का पाठ्यक्रम हुआ आरम्भ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग द्वारा बी0फार्मा पाठ्यक्रम का प्रारम्भ ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी हजारीबाग में सत्र 2023-27 से प्रारम्भ हुआ है। यह महाविद्यालय विनोबा भावे विश्वविद्यालय का पहला बी.फार्मा महाविद्यालय है। ज्ञात हो कि फार्मेसी कॉउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा वर्ष 2023 में ही इस महाविद्यालय को मान्यता प्रदान किया गया था लेकिन विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा अभी वर्तमान में इसका संबंधन संबंधी अधिसूचना जारी किया गया है क्योंकि उक्त महाविद्यालय में डिप्लोमा-इन-फार्मेसी की पढ़ाई वर्ष 2019 से ही संचालित हो रही है। महाविद्यालय पठन-पाठन की आधुनिक तकनीकों और उपकरणों से समृद्ध है, जिसका लाभ उठाकर विद्यार्थी अपना सैद्धांतिक व व्यवहारिक ज्ञानवर्धन कर सकते हैं। बी.फार्मा करने वाले स्नातकों के लिए सामान्य स्नातक करने वाले छात्रों की तुलना में विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध हैं। वर्तमान में बी.फार्मा करने वाले छात्र सरकारी क्षेत्रों में फार्माकोपिया कमीशन, पीसीआई और अन्य स्टेट फार्मेसी कॉउंसिल के माध्यम से रोजगार के कई मौके मिल रहे हैं। बी.फार्मा के शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् रोजगार की असीम संभावनाएँ, जिनमें कुछ प्रमुख इस प्रकार हैं - फार्मासिस्ट - सभी सरकारी हॉस्पिटलों में फार्मासिस्ट की नियुक्ति होती है, जैसे- आर्मी फार्मासिस्ट, रेलवे फार्मासिस्ट। इसके लिए बी.फार्मा या डी.फार्मा होना आवश्यक है। फार्माकोबिजिलेंस - दवा प्रतिक्रियाओं की निगरानी और रिपोर्ट जैसे अहम काम करते हैं। बी.फार्मा




किये हुए छात्र इसकी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। बी.फार्मा युवा सरकारी एजेंसियों के लिए ड्रग इंस्पेक्टर के तौर पर दवा कानूनों की निगरानी, उत्पादन सुविधाओं का निरीक्षण करने और उत्पादित दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेवार होते हैं। इसके लिए स्टेट जी.एस.सी.या यू.एस.सी.के ड्रग इंस्पेक्टर की परीक्षा में शामिल होना पड़ता है। निजी फार्मा कम्पनियों में दवाओं से संबंधित शोध और अनुसंधान में बहुत काम वर्तमान में हो रहा है। वर्तमान में फार्मासिस्ट लाइसेंस लेकर खुद का काम कर सकते हैं। हर्बल मेडिसिन, न्यूट्रास्यूटिकल्स और कॉस्मेटिक सहित पूरक क्षेत्रों में भी बी0फार्मा के लोगों को मौका मिल रहा है। ई-कॉमर्स की तरह ई-फार्मेसी में भी बी.फार्मा स्नात्कों के लिए मौके होते हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि ई-फार्मेसी का मार्केट अगले पाँच सालों में 38 से 40 फीसदी की दर से बढ़ने की संभावना है। विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के द्वारा ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी को संबंधन प्राप्त हाने पर महाविद्यालय के प्राचार्या नीतू सिन्हा समेत प्रबंधन के सभी सदस्यों ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रशासन को सहृदय धन्यवाद अर्पित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों मे हर्ष व्याप्त है।

## मुखिया मंजू देवी ने किया कंबल का वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गाल्होबार पंचायत सचिवालय में शनिवार को मुखिया मंजू देवी ने बढती ठंड को देखते हुए सरकार द्वारा उपलब्ध 20 कंबल को विधवा, असहाय, वृद्ध एवं जरूरतमंद लोगो के बीच वितरण किया। वितरण के मौके पर कहा कि इस ठंड के मौसम में गर्म कपड़े और कंबल की जरूरत सबसे ज्यादा होती है। मेरे तरफ से गरीब और जरूरतमंद लोगों की सेवा करना मुख्य उद्देश्य है जिसके लिए लगातार प्रयासरत हैं। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व पंसस छोटी शर्मा ने कहा कि इस कपकपाती ठंड में मिले कंबल को लाभुक ओढ़ साथ ही इसका सही उपयोग करें। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा,किशोर शर्मा, बाबूलाल प्रजापति,कारू रवानी, जोधन प्रजापति,शांति देवी, द्रौपदी देवी, पिसनी देवी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## चट्टी बरियातू में भाजपा का एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** 15 सूत्री मांगों को लेकर भाजपा प्रखण्ड कमिटी केरेडारी के तत्वावधान में चट्टी बरियातू बाजार टाँड़ में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक रौशनलाल चौधरी ने कहा कि इस क्षेत्र के कोल कम्पनियां स्थानीय लोगो को रोजगार दे,विस्थापितों को उचित मुआबजा एवं पुनर्वास के व्यवस्था करें,नही तो चरणबद्ध आंदोलन होगा।

क्या है मांगे विस्थापन नीति लागू करे,मकान ध्वस्त करने से पहले दे तभी घर तोड़े,स्थानीय व्यक्ति को तकनीकी के आधार पर रोजगार दे,स्थानीय लोगो को घरेलू उपयोग के लिए मुफ्त कोयला उपलब्ध कराएं,स्थानीय लोगो पर झूठा मुकदमा करना बंद करे एवं झूठे मुकदमे को वापस ले।कार्यक्रम के अध्यक्षता भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष कर्मचारी साव ने किया, संचालन प्रखण्ड महामंत्री नरेश कुमार महतो ने किया. मौके पर पंकज साहा, नारायण यादव,प्रेमचंद महतो,भोला महतो,महेंद्र सिंह,प्रयाग महतो,सुंदर गुप्ता,बिनोद नायक समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.

## युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति और आवास समिति के सदस्य बने प्रदीप प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी के हज़ारीबाग़ सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रदीप प्रसाद को दो महत्वपूर्ण विधानसभा समितियों में सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने इसकी औपचारिक अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्ति की घोषणा की है। प्रदीप प्रसाद को युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति और आवास समिति का सदस्य बनाया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को प्राप्त करने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, समर्थकों और आम जनता में उत्सव का माहौल है। सभी ने विधायक को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनके नेतृत्व में हज़ारीबाग़ के विकास और प्रगति की नई संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। इस उपलब्धि पर विधायक प्रदीप प्रसाद



ने कहा की मैं झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो और पार्टी नेतृत्व का आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर यह भरोसा जताया। यह जिम्मेदारी मेरे लिए गौरव और चुनौती दोनों है। मैं पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ क्षेत्र के विकास, युवा कल्याण और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करूंगा। प्रदीप प्रसाद के अनुभव और सक्रिय राजनीतिक जीवन को देखते हुए उनकी यह नियुक्ति बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे हज़ारीबाग़ क्षेत्र को न केवल विकास की गति मिलेगी, बल्कि युवा, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में भी नई संभावनाओं का द्वार खुलेगा। युवा कल्याण, संस्कृति एवं पर्यटन विकास समिति का मुख्य उद्देश्य राज्य में युवा सशक्तिकरण, सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देना है। वहीं, आवास समिति का कार्य आवास योजनाओं के क्रियान्वयन और आवास विकास से संबंधित नीतियों को मजबूत करना है।

**कार्यकर्ताओं का उत्साह :** इस खबर के बाद क्षेत्र में जश्न जैसा माहौल है। कार्यकर्ताओं ने विधायक को फूलों का गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। सोशल मीडिया पर भी बधाई संदेशों की बाढ़ सी आ गई है।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने अंचलाधिकारी द्वारा लगाए आरोप को बेबुनियाद और निराधार बताया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष किशोर कुमार मण्डल ने प्रेस वार्ता आयोजित कर अपने ऊपर लगाए गए आरोप को बेबुनियाद और निराधार बताया। बताते हैं कि विष्णुगढ़ अंचल अधिकारी नित्यानंद



दास की शिकायत पर मण्डल अध्यक्ष किशोर कुमार मण्डल के विरुद्ध विष्णुगढ़ थाना में मामला दर्ज कराया गया है जिसमे विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 3/2025 धारा 115(2)126(2)121, 132 ,352, 351(2) & Bns एससी/एसटी एक्ट धारा 3,(एल)आर 3(1)(एस) के तहत मामला दर्ज किया गया है मण्डल अध्यक्ष ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर खुद के ऊपर लगाए गए आरोप को बेबुनियाद बताया है।कहा कि हमने न तो किसी के साथ मारपीट की है ओर न ही गाली गलौज किया।इस तरह के आरोप का खंडन करते हुए कहा कि एक लाचार व्यक्ति के एलपीसी निर्गत करने की दरख्वास्त की । लाचार व्यक्ति की बेटी की शादी के बाबत जमीन बेचने को लेकर एलपीसी निर्गत करने की बात कही थी।अंचल कर्मी द्वारा एलपीसी निर्गत करने में आनाकानी कर रहे थे।इसी सम्बन्ध में बातचीत हुई।हमने अंचल कर्मी के गाल पर हाथ फेरा है मारपीट नही की।इसी बात को लेकर अंचल अधिकारी मुझे बुलाकर बेइज्जत किया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रखण्ड मुख्यालय स्थित विधायक कक्ष के उदघाटन के दिन से अंचल कर्मियों का व्यवहार अजीब लग रहा था जिसका मैं आज शिकार हुआ।इस मामले को लेकर मण्डल अध्यक्ष ने शीघ्र आंदोलन करने की बात कही। इस सम्बंध में अंचल अधिकारी नित्यानंद दास से पूछे जाने पर कहा कि किशोर कुमार मंडल द्वारा मुझ पर लगाए जा रहे आरोप निराधार और तथ्यहीन है।मौके पर भाजपा के सुनील मिश्रा,दीपू भाई, शम्भूनाथ पांडेय,अनूप कसेरा,प्रभु विश्वकर्मा, सुशील मण्डल,पूर्वी मण्डल अध्यक्ष सुखदेव रजवार,महादेव मण्डल,रजित यादव,शिबू सोरेन, आजसू के प्रखण्ड अध्यक्ष अजय मण्डल,महादेव देहाती,दीपू अकेला,टाटीझरिया मण्डल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह,मिथिलेश पाठक, निर्मल कुमार सुधीर कुमार, राजू यादव,आदि उपस्थित थे।

# धनंजय सिंह को दो किडनेपर मकान में रखा था बनाकर बंधक, पुलिस ने किया दो आरोपी को किया गिरफ्तार








**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ पुलिस ने दो युवकों को पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है, जानकारी के अनुसार किराए के मकान में एक व्यक्ति को किडनैप करके रखा था । पैसे की लेनदेन का मामला सामने आ रहा है रामगढ़ पुलिस युवक को गिरफ्तार कर रामगढ़ थाना ले आई है और छानबीन में जुटी है बताया जा रहा है कि अपहरणकर्ता बिहार का रहने वाला है जिसके पास से एक पिस्तौल बरामद हुआ। साथ ही रामगढ़ पुलिस ने एक काले रंग का स्कॉर्पियो छ्ा 01स्नड्ड4543 को भी बरामद किया है।अपहरणकर्ता से मुक्त हुए युवक धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि मुझे एक घर में रखा गया था, धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि पिस्तौल की नोक पर मेरे अकाउंट से डरा धमका कर पैसा ट्रांसफर कर लिया गया है। वही पूरे मामले में रामगढ़ पुलिस ने बताया कि अपहरण करता के पास से एक लोडेड पिस्तौल तथा नशे का इंजेक्शन बरामद किया है। वहीं पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए अपराधी ने बताया कि हम लोगों ने बाजार टांड़ स्थित घर को रेंट पर लिया हुआ था। पकड़े हुए अपराधी ने कहा कि रेंट के मकान में हम लोग आज ही सुबह आए हैं। पकड़े गए अपराधी ने बताया कि हम लोग पटना के बिहार के रहने वाले हैं। अपराधी का नाम अमित कुमार है।

# रामगढ़ शहर में चैन छिनने वाला गिरोह सक्रिय

**हाईकोर्ट के अधिवक्ता की पत्नी के गले से चैन छिनने का प्रयास**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शहर में कुछ दिनों से सोने की चेन महिलाओं के गले से छिनने वाला गिरोह सक्रिय हो चुका है द्य इस गिरोह ने शुक्रवार की देर शाम शहर के झंडा चौक में एक महिला के गले से सोने के चैन को छिनने का प्रयास किया हैद्य इस संबंध में महिला ने रामगढ़ थाना में इसकी लिखित जानकारी दी हैद्य रामगढ़ शहर के झंडा चौक स्थित वन विभाग गली में हाई कोर्ट के अधिवक्ता निलांजन चटर्जी की पत्नी प्रियंका चटर्जी के गले से चैन छिनने का प्रयास किया गयाद्य रामगढ़ थाना को दी गई सूचना के अनुसार प्रियंका चटर्जी देर शाम 6=30 बजे के लगभग अपनी स्कूटर से घर आ रही थीद्य इसी क्रम में घर से कुछ पहले ही एक बाइक पर सवार दो युवकों ने प्रियंका के गले से चैन छिनने का प्रयास कियाद्य हालांकि प्रियंका के गले से चैन नहीं खींचा जा सकाद्य लेकिन अपराधियों के झपटते से प्रियंका के सीने में खरोच आई द्य क्योंकि वन विभाग गली में कई सीसीटीवी कैमरे लगे हैंद्य भागते हुए छिनतई करने वाले लोगों की वीडियो बन चुकी हैद्य इसे पुलिस को सुपुर्द किया गया है।



# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामगढ़ में टीबी जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को रामगढ़ प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कैथा में 100 दिवसीय टीबी अभियान के तहत टीबी जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्कूल के बच्चों और शिक्षकों को टीबी बीमारी के लक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पीरामल स्वास्थ्य के जिला समन्वयक अजय नारायण दुबे ने 100 दिवसीय निक्षय शिविर, टी बी स्क्रीनिंग, कैम्पेनिंग अभियान के उद्देश्य के बारे में जागरूक करते हुए उपस्थित बच्चों और शिक्षकों को टीबी के लक्षणों, उपचार और रोकथाम के बारे में जानकारी दी। उन्हें यह भी बताया गया कि उच्च जोखिम वाले व्यक्ति या महिला जो पांच वर्ष के टी बी मरीजों, पिछले तीन सालों से टी बी के दवा खाएं मरीजों के सम्पर्क वाले,60 वर्ष से अधिक के लोग, कुपोषित, स्मोकिंग करने वाले, सुगर के मरीज, इत्यादि का रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है अतः ऐसे लोगों की पहचान करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है व उनका चेस्ट एक्सरे, बलगम जांच निशुल्क किया जा रहा है। टी बी एक गंभीर बीमारी है जो यदि समय पर उपचार न किया जाए तो जानलेवा हो सकती है। जिला यक्ष्मा विभाग रामगढ़ निशुल्क चेस्ट एक्सरे, बलगम जांच करता है एवं निशुल्क दवा वितरण करने के साथ 1000 रुपए मासिक मरीजों को पोषण के लिए दिया जाता है ।अभियान से लोगों में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे इसके लक्षणों को पहचानकर समय पर उपचार करा पाएंगे। आपसे अपील हैं कि आप के परिवार या समाज में कोई टी बी के लक्षण वाले व्यक्ति या महिला मिलता है तो उसे नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र पर भेजे या सहिया दीदी से सम्पर्क को बताएं।उपस्थित लोगों को टी बी मुक्त रामगढ़ भारत के लिए शपथ भी दिलाई गई। आज के कार्यक्रम में एस टी एस रुपलाल ठाकुर,एच वी सुशांत गौरव, वार्डेन अल्पना जी सभी शिक्षिका उपस्थित थे।



# नदी की धारा का दिशा मोड़ना पर्यावरण संरक्षण के नियमों का उल्लंघन है : रूपा महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बैनर तले प्रभावित एवं विस्थापित क्षेत्र के लोगों के द्वारा कुजू क्षेत्र अंतर्गत करमा परियोजना में परियोजना पदाधिकारी को 10 सूत्री मांग पत्र सोपा गया था! इस मांग पत्र के आलोक में परियोजना पदाधिकारी के द्वारा उदासीन रवैया अपनाते हुए कोई भी संतोषजनक कार्रवाई नहीं किया गया जिससे प्रभावित एवं विस्थापित क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है! जेएलकेएम केंद्रीय महिला मोर्चा उपाध्यक्ष रूपा महतो ने कहा ओवर बर्डन के मिट्टी और पत्थर को दामोदर नदी में बहा दिया जा रहा है, जिससे नदी की धारा भी दूसरे दिशा में चला गया ! नदी की धारा का दिशा मोड़ना पर्यावरण संरक्षण के नियमों का उल्लंघन है ! प्रमुख मांगो मे मुख्य रूप से करमा और उसके आसपास के क्षेत्र में हवा पानी एवं मिट्टी की गुणवत्ता काफी खराब हो चुका है। इस पर जल्द से जल्द संज्ञान लिया जाए। रोड सेल के कोयला में 75त्न हिस्सा स्थानीय बेरोजगार युवकों को बेसिक दर पर दी जाए। सीएसआर मद के द्वारा करमा से रामगढ़ हजारीबाग एवं रांची के लिए कॉलेज बस की व्यवस्था की जाए। स्कूली शिक्षा हेतु आर कांटा डीएवी एवं बरकाकाना स्कूल के तर्ज पर करमा में स्कूल की व्यवस्था किया जाए। सीएसआर सी एस आर मद से स्वास्थ्य सुविधा हेतु विशेष सुधार किया जाय। करमा परियोजना के आसपास विस्थापित एवं प्रभावित गांव में मुफ्त बिजली कि व्यवस्था किया जाए। किसानों और युवाओं के लिए कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। खेल कूद के लिए ग्राउंड कि व्यवस्था ग्रामीणों के लिए किया जाय। उदासीन रवैया को लेकर उपायुक्त रामगढ़, जिला खनन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी ,तथा कुज्जु ओपी को सूचनार्थ कर दी गई है सूचनार्थ करने में मुख्य रूप से महिला मोर्चा केंद्रीय उपाध्यक्ष रूपा महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो , सक्रिय सदस्य बहादुर महतो इत्यादि लोग उपस्थित थे !



## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोग घायल,गंभीर रूप से घायल आलोक को किया गया रेफर

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बड़कागांव प्रखंड के उरीमारी जरजरा चौक स्थित शनिवार को दो बाइक कि टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। वहीं सयाल नालापार निवासी दिनेश कुमार उम्र 45 वर्ष अपनी बेटी के साथ बाइक पैशन प्रो जेएच 02 8659 पर बड़कागांव से सयाल आ रहे थे। वहीं जरजरा निवासी आलोक कुमार पिता राजू बेदिया अपने घर से होंडा साइन बाइक जेएच 24 एम 5528 से जरजरा चौक कुछ काम से जा रहे थे। इसी क्रम में दोनों बाइक कि आपस में जोरदार टक्कर हो गई। बाइक कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर पसर गये। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने तीनों घायलो को भुरकुंडा अस्पताल भेजवाया। जहा डाक्टरों ने जांच के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए जरजरा निवासी आलोक कुमार को रामगढ़ सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं सयाल नालापार निवासी दिनेश कुमार के पैर में गंभीर चोट आई है। वहीं दिनेश का इलाज एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है। वहीं इस सड़क दुर्घटना में दिनेश कुमार कि बेटी को हल्की फुल्की चोटें आई हैं।



## झामुमो नेता संजीव बेदिया ने अंबाटोला में असहाय लोगों के बीच किया कंबल का वितरण

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गरसूल्ला पंचायत के अंबाटोला में शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार समिति सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। वहीं संजीव बेदिया ने कहा कि लगातार बढ़ रहे ठंड को देखते हुए गांव के ग्रामीण व असहाय व वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने असहाय गरीबों के लिए राज्य के प्रत्येक प्रखंड व पंचायतो में कंबल बांटने का निर्देश दिया है। वहीं इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, संजय करमाली, मनु करमाली,शंकर गोप,बिजली करमाली,शिवशंकर करमाली, कन्हैया उरांव, मोहन मांझी, रामलाल बेदिया, लाल देव मांझी,ओम प्रकाश मुंडा, भुवनेश्वर उरांव,साहिल टुडू आदि ग्रामीण उपस्थित थे।



# अरगड्डा मोड़ पर समाजसेवी कृष्ण कुमार के पहल से रामगढ़ जिला परिवहन विभाग के द्वारा यातायात नियमों को लेकर सड़क जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** रामगढ़ जिले के अरगड्डा बिरसा चौक बैगामोड़ पर सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए परिवहन विभाग रामगढ़ के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया । इसमें मुख्य रूप से अरगड्डा के समाजसेवी कृष्ण कुमार के सहयोग व प्रेरणा पहल से यातायात जागरूकता कार्यक्रम को करवाया गया । अवसर पर मुख्य रूप से परिवहन विभाग के एमवीए मोनू मृणाल, एमवीए विपुल उरांव , सीसीएल सुरक्षा व गुणवत्ता पदाधिकारी अरगड्डा क्षेत्र एसके श्रीवास्तव, सुरक्षा अधिकारी रामगढ़ विकास कुमार, यातायात प्रभारी गजेंद्र पांडेय, एसआई मुन्ना कुमार सिंह, एएसआई शंकर सिंह सुरक्षा सिरका इंस्पेक्टर राजू राम आदि उपस्थित हुए। अतिथियों का स्वागत करते वाले में समाजसेवी कृष्ण कुमार, तपन बनर्जी, रविकांत बनर्जी ने पुष्पगुच्छ देकर किया । जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एमवीआई मोनू मृणाल ने कहा कि परिवहन विभाग लगातार यातायात के दौरान दुर्घटना कैसे शून्य हो इसके लिए लगातार जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरुक कर रहा है, अभी एक जनवरी से 31जनवरी 24 तक चलेगा । साथ ही आम जनमानस, चालक सड़क पर किन-किन सावधानियां को बरते इसके बारे में भी जानकारी दिया । वहीं सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र सुरक्षा व गुणवत्ता पदाधिकारी एसके श्रीवास्तव ने कहा कि गाड़ी चलाने के दौरान मोबाईल इस्तेमाल, नशापान, बेकाबू रफ्तार, अंडर एज चालकों के कारण दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है. इससे असमय बच्चों युवाओं की मृत्यु हो रही है. जो अभिभावकों के लिए असहनीय है. इसके लिए यातायात नियम पालन करना जरूरी है । इधर अरगड्डा समाजसेवी कृष्ण कुमार ने कहा कि कोयला क्षेत्र अरगड्डा में सड़कों पर अक्सर असुरक्षा के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही है । सड़कों पर सेफ्टी की आवश्यक बिंदुओं को भी दर्शना व बनाने की जरूरत है । इसका उद्देश्य लोगों में सड़क पर चलने के नियमों का पालन भी करना होगा । रामगढ़ कला जत्था ने नुक्कड़ सभा के माध्यम से लोगों में जागरूकता कार्यक्रम किया गया । नुक्कड़ सभा में कलाकार देवधारी करमाली, मोतीलाल राम, लक्ष्मी देवी, सोनू करमाली, करण करमाली, महेंद्र करमाली, लखन करमाली, उषा बागे, छोटिया देवी, लक्ष्मी कुमारी, ग्रामीण कुलदीप बेदिया, शिवदेव बेदिया सोमिर डे तपन बनर्जी अमर मुण्डा इमरान अंसारी पप्पु खान हुसैन खान शंभू सागर लडडू खान जियाउल अंसारी कबीर खान मुमताज अंसारी चरका बेदिया समेत दर्जनो उपस्थित थे।



# राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स युनियन संबद्ध (सी.आई.टी.यू) का 30 वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन संबद्ध ( सीटू ) अरगडा क्षेत्र के सदस्यों ने आर पी डब्लु यू यूनियन का 30 वें स्थापना दिवस के अवसर पर यूनियन कि क्षेत्रीय बैठक कॉम्रेड प्रदीप रजक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसका संचालन कॉम्रेड जगदीश चन्द्र बेदिया ने किया। बैठक में सर्वप्रथम सदस्यों द्वारा यूनियन के दिवंगत साथियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से अरगडा क्षेत्र में यूनियन के विस्तार हेतु सदस्यता अभियान शुरू कर नये सदस्यों को राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन से जोड़ने पर बल दिया गया। क्षेत्र के मजदूरों, किसानों, महिलाओं, छात्र और युवाओं के विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर प्रशासनिक स्तर पर त्वरित समाधान के लिए ढ़ढ़ता से कार्य करेंगे।कोलियरियों में खासकर रोड सेल में व्यापक तौर पर हो रहे भ्रष्टाचार और मजदूर विरोधी गतिविधियों पर अविलंब लगाम लगाया जाना चाहिए। मजदूर हितों की अनदेखी यूनियन बर्दाश्त नहीं करेगा और उपरोक्त विसंगतियों पर एरिया प्रबंधन के खिलाफ व्यापक आंदोलन चलाया जाएगा। इस अवसर पर कॉम्रेड राजू विश्वकर्मा, कॉम्रेड दिगम्बर रजक, कॉम्रेड विक्की रैन, सुरेश गंझू एवं कॉम्रेड अशोक राम को यूनियन कि सदस्यता प्रदान की गई। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष कॉम्रेड आर पी सिंह चंदेल, विशिष्ट अतिथि कॉम्रेड विशेश्वर ठाकुर सहायक महामंत्री, मनोज गुप्ता केंद्रीय सचिव, कॉम्रेड आजाद भुइयॉ संगठन मंत्री, कॉम्रेड हरी करमाली, कॉम्रेड इंद्रजीत पटेल, कॉम्रेड बिरजा बेदिया, कॉम्रेड अमित कुमार राम, कॉम्रेड मनोज राम, कॉम्रेड राकेश रजक, कॉम्रेड धर्मेंद्र लोहरा, कॉम्रेड सुनिल सिंह, कॉम्रेड पवन बोदरा, कॉम्रेड देवनारायण मिस्त्री, कॉम्रेड कर्मा भुईया, कॉम्रेड विध्येलाल भुईया, कॉम्रेड मगन मांझी, कॉम्रेड मुन्ना मुण्डा, कॉम्रेड प्रबील एवं कॉम्रेड लालचंद राम उपस्थित रहे।




## सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का 59 वां जन्म दिवस मनाया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का 59 वे जन्म दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक सुनिता चौधरी अपने पुत्र पियूष चौधरी के साथ गोशाला पहुंच कर गाय को सेवा प्रदान दलिया खिला कर की द्य मौके पर सुनिता चौधरी ने सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के अच्छे स्वास्थ्य की और दीर्घायु की कामना की और साथ ही क्षेत्र के जनता की खुशहाली की कामना की द्य पूर्व विधायक सुनिता चौधरी के साथ पुत्र पियूष चौधरी, बिमल बुधिया, कृष्ण विद्या मंदिर के प्रशासक एसपी सिन्हा, बिनय कुमार,सिंवागी प्रिया, संजय चौधरी, नीरज मंडल, दीपू गुप्ता, पंकज दांगी सहित कई गौशाला के सभी लोग मौजूद हुए



## मायूम द्वारा कन्या भ्रूण संरक्षण कार्यक्रम के तहत, बेटी के जन्म पर माता-पिता एवं नवजात कन्या को सदर अस्पताल में दिया बेबी किट

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कन्या भ्रूण संरक्षण कार्यक्रम के तहत मारवाड़ी युवा मंच की ओर से लगातार चलने वाले 8 दिवसीय कार्यक्रम के तहत पांचवे दिन सदर अस्पताल रामगढ़ में कन्या को जन्म देने वाले माता पिता एवं नवजात कन्या को बेबी किट वितरण कर मंच के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दी एवं उन्हें सम्मानित किया ताकि उन्हें बेटी के जन्म पर गर्व की अनुभूति हो, हमारे सनातन धर्म में विशेष रूप से कन्या पूजनीय और सम्मानित हैं। वे इस दुनिया में नई आशा, नई ऊर्जा और नई प्रेरणा लेकर आई हैं। उनका स्वागत करना और उन्हें आशीर्वाद देना हमारी परंपरा और कर्तव्य है।साथ ही साथ चौथे दिन गौसेवा के अंतर्गत गौवंशों को रामगढ़ गौशाला में ढाई क्विंटल हरी सब्जियां खिलाई गई।



## सीसीएल बरकासयाल ने ठोकर बनवाने को लेकर 88504 रूपए लागत का निकाला टेंडर

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सयाल व उरीमारी के ग्रामीणों के लिए एक राहत भरी खबर बाहर निकल कर आई है। अब उन्हें बड़े वाहनों के तेज रफ्तार से चलने पर अंकुश लगता नजर आएंगा। सयाल व उरीमारी कि सड़कों पर लगातार हो रहे सड़क दुर्घटना को देखते हुए और इसके रोकथाम हेतु सीसीएल बरकासयाल ने सयाल से उरीमारी तक स्पीड ब्रेकर बनवाने का निर्णय लिया है। जिसका बीड़ा सीसीएल बरकासयाल ने खुद उठाया है। यहां सीसीएल बरकासयाल ने एक टेंडर जारी किया है जिसमें बरकासयाल प्रक्षेत्र के चिन्हित जगहों पर कुल छह कन्क्रिप्ट स्पीड ब्रेकर बनवाने के लिए सीसीएल कि ओफिसियल साइट पर टेंडर निविंदा संख्या 24-25/806 खोला गया है। वहीं इस कन्क्रिप्ट स्पीड ब्रेकर टेंडर कि कुल राशि लागत 88504 रूपए का विवरण दिया गया है। बता दें कि बिते माह उरीमारी-भुरकुंडा मुख्य मार्ग स्थित सयाल हनुमान मंदिर के समीप उरीमारी पिंडरा बस्ती निवासी दो युवको कि सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर स्थानीय ग्रामीणों के साथ उरीमारी व सयाल के प्रबुद्धजनो ने सीसीएल प्रबंधन व पतरातू अंचलाधिकारी से मांग किया था कि इस सड़क पर जल्द से जल्द ठोकर बनवाया जाए। ठोकर ना होने के कारण आय दिन छोटी-बड़ी सड़क दुघर्टना होती रहती थीं। यह भी बता दें कि सयाल पोडा केकेसी हाइ स्कूल से उरीमारी दामोदर नदी पुल तक सड़क ढालान होने के कारण बड़े वाहन चालक गाडी को न्यूटन कर पुरे उरीमारी तक बिना ब्रेक लिए ही तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हैं। जिससे सड़क पर आय दिन सड़क दुघर्टना होती है। हालांकि अब यह देखना है कि सीसीएल कि इस टेंडर को धरातल पर कब उतारा जाता है।



## प्रखंड व अंचल संबंधित ग्रामीण की समस्याओं का बिडिओ, सीओ जल्द करें निदान : ममता देवी

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दुलमी प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रखंड सह अंचल कार्यालय में विधायक कक्ष का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक ममता देवी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि राजीव जयसवाल, समाजसेवी बजरंग महतो, दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रमुख रेणु देवी, बीडीओ अमित कुमार, तथा सीओ किशोरी यादव भी उपस्थित थे।प्रखंड मुख्यालय पहुंचने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। उद्घाटन के बाद सैकड़ों बच्चों के बीच साइकिल और वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण किया गया। यह झारखंड सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहन देने और बुजुर्गों की सहायता के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस अवसर पर विधायक ममता देवी ने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को इन समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, ÷झारखंड सरकार शिक्षा और सामाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। साइकिल वितरण से बच्चों की पढ़ाई में मदद मिलेगी और कंबल वितरण से वृद्धजनों को ठंड से राहत मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं साझा कीं, जिनके समाधान के लिए विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।मौके पर पुर्व प्रमुख सुरेन्द्र करमाली पुर्व जिला परिषद राजू महतो मुखिया अमरुन निशा रंजू देवी उर्मिला देवी प्रकाश करमाली उतम कुमार इकबाल आदि उपस्थित थे।



## साई नाथ मंदिर का वार्षिक उत्सव अरगड्डा में धूमधाम से मनाया, भंडारे का हुआ आयोजन



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** साई नाथ मंदिर अरगड्डा का आठ वा वार्षिक उत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। वार्षिक उत्सव को लेकर मंदिर में सजावट और आकर्षक बिधुत सज्जा की गयी है। मंदिर में वार्षिक उत्सव में विशेष पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना में बतौर मुख्य अतिथि नवजवान संघर्ष समिति के अध्यक्ष समाजसेवी रणधीर गुप्ता व बिशिष्ट अतिथि सुषमा देवी व गोपाल मुंडा उपस्थित थी। बिशेष पूजा अर्चना बाबा का महाभिषेक किया गया। ततपश्चात नये वस्त्र धारण कराये गये। साई नाथ बाबा की कांकड़ आरती की गयी। पूजा के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ थी। पूजा अर्चना के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकफो श्रद्धालुओं ने प्रसाद स्वरूप हलुवा, पूड़ी और सब्जी ग्रहण किया। पूजा अर्चना में समिति के सोहराय राम, गुड्डू चन्दरबंशी, सुसील सिंह, संजू दोषी, मुन्ना सिंह, गरीबा भुईया, ओम प्रधान, सुमन ठाकुर, सन्तु, भूपत, बबलू, समित सागर, मनोज पासवान, वसंत कोलेत सहित कई उपस्थित थे।

## ठंड के मद्देनजर ओल्ड एज होम, वात्सल्य धाम एवं अन्य आवासीय विद्यालयों में कंबलों का हुआ वितरण

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठंड के मद्देनजर शनिवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको एवं सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा शाखा श्री शंकर प्रसाद के द्वारा छतरमांडू स्थित ओल्ड एज होम में बुजुर्गो के बीच तथा वात्सल्य धाम, दिव्यांग आवासीय विद्यालय लारी चितरपुर एवं डिवाइन ओंकार मिशन आवासीय विद्यालय रामगढ़ में बच्चों के बीच कंबलों का वितरण किया गया।



## असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने बरोरा के मोराईडीह क्षेत्र में निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की शुरुआती पहचान के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस शिविर में असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा समुदाय आधारित मूल्यांकन चेकलिस्ट फॉर्म भर कर विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांचें की गई, जिसमें कैंसर स्क्रीनिंग, रक्तचाप, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन और अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच शामिल थी। खास बात यह थी कि शिविर में भाग लेने वाले सभी लोगों को आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण भी किया गया। शिविर में 200 से अधिक लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से लोगों से अपील की गई है कि वे अपनी स्वास्थ्य स्थिति का नियमित रूप से मूल्यांकन कराएं और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

## डीएवी बनियाहीर ने निकाली जागरूकता रैली, प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने की अपील की



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी बनियाहीर के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाली हानियों को लेकर एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य सैयद एज़ाज अहमद तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रमन रॉय सेवानिवृत शारीरिक शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम के तहत विद्यालय के छात्रों के द्वारा एक दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ विद्यालय से प्रारम्भ होकर लोदना मोड़ तक गया। जबकि छात्रों का नेतृत्व एकलव्य सिंह तथा सागर प्रताप ने किया। जबकि छात्राओं का नेतृत्व प्रियंका कुमारी, आकांक्षा भारद्वाज और रितिका प्रसाद ने किया। वापस आते समय बच्चों ने जगह जगह रुक रुक कर प्लास्टिक से प्रकृति को होने वाले नुकसान की जानकारी लोगों को दी। बच्चों ने लोगो से पूरे भारत को प्लास्टिक मुक्त बना कर प्राकृतिक संसाधनों, नदियों, पर्यावरण, मनुष्य और जीवों को बचाएंगे। लोगों ने बच्चों की प्रस्तुति को जम कर सराहा। प्लास्टिक, प्राकृतिक संसाधनों और धरती की उपजाऊ शक्ति को नष्ट करता है। इसके लिए जोर - शोर से लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है।

## 30 जनवरी से 14 फरवरी तक चलाया जाएगा कुष्ठ जागरूकता एवं कुष्ठ रोग खोज अभियान




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के सभागार में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान - 2025 एवं कुष्ठ रोग खोज अभियान (द्वितीय चक्र) के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने गांव स्तर पर ग्रामगोष्ठी का आयोजन करने, आंगनबाड़ी, स्कूलों व स्वास्थ्य केंद्रों में शपथ दिलाने एवं कुष्ठ रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया।वहीं सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन ने कहा कि 30 जनवरी से 14 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता एवं कुष्ठ रोग खोज अभियान के दौरान जिन-जिन गांवों में विगत 5 वर्षो के अंदर एक भी कुष्ठ के रोगी मिले हैं वहां सहिया एवं पुरुष स्वयंसेवक द्वारा घर-घर जाकर लोगों की शारीरिक जांच की जाएगी एवं उन्हें कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा।अभियान के दौरान लोगों को बताया जाएगा कि यह रोग न अभिशाप है न पुश्तैनी रोग है। इलाज करने से इस रोग से निजात मिल जाती है। दवाईयों का खुराक नियमित रूप से करने से यह रोग पूर्ण रूप से ठीक हो सकता है।बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, डीपीएम नीरज कुमार यादव, डॉ विकास राणा, डॉ सुनील कुमार सिंह, फिजियोथैरेपिस्ट दीपाली राय, स्वास्थ्य विभाग के लिपिक रणधीर कुमार, जितेन्द्र कुमार, एनजीओ पाल, आत्मस्वाभिमान, टाटा स्पर्श के प्रतिनिधि, सभी प्रखंड के एमओआईसी एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रवासी मजदूरों के निबंधन, लाभ हेतू निरसा प्रखंड में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दिनांक 18 जनवरी 2025 को जिले के निरसा प्रखंड में प्रवासी मजदूरों से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला स्किल कॉर्डिनेटर आशीष कुमार ने प्रवासी श्रमिकों से संबंधित समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वैसे श्रमिक जो रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों, देशों में रोजगार के बेहतर तलाश में जाते हैं वे अनिवार्य रूप से श्रमाधान.झारखण्ड.जी0ओ0भी0.कॉम पोर्टल पर प्रवासी मजदूर अधिनियम 1979 के अंतर्गत निबंधन कराकर जाएं ताकि श्रमिकों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।उनके द्वारा बताया गया कि सामान्य मृत्यु, दुर्घटना या प्राकृतिक आपदा के कारण जिले के प्रवासी श्रमिक की मृत्यु/अशक्त होने पर उन्हे अपने घर तक लाने के लिए 50 हजार तक की राशि मुख्यमंत्री झारखण्ड प्रवासी श्रमिक दुर्घटना कोष से दी जायेगी,प्रवासी श्रमिक की दुर्घटना में दो अंग या दोनों ऑख या अंग की हानि होने पर एवं दुर्घटना/प्राकृतिक आपदा में श्रमिक की मृत्यु होने पर पंजीकृत एवं अपंजीकृत प्रवासी श्रमिकों को 75 हजार से दो लाख रूपये तक का भुगतान किया जायेगा। उनके द्वारा श्रम विभाग के संचालित सभी योजनाओं का जानकारी विस्तृत रुप में प्रोजेक्टर (ओडियो, विडियो) के माध्यम से प्रदर्शित किया गया एवं सभी आगन्तुकों से अपील किया गया कि जो भी मजदुर अपने राज्य से दूसरे राज्य में कार्य करने जाते है वे अपना निबंधन प्रवासी मजदूर के रुप में श्रम विभाग में जरुर करवायें। साथ ही सहायक श्रमायुक्त द्वारा बिभाग से संचालित झारखण्ड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना/ झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में निबंधन तथा मुख्यमंत्री सारथि योजना अंतर्गत संचालित योजनाओ की विस्तृत जानकारी दी गई।मौके पर ब्लॉक के प्रखंड के प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, वार्ड सदस्य के साथ के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## समाज के हर व्यक्ति को सड़क सुरक्षा के प्रति बनाना है जागरूक : एसएसपी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत शनिवार को रणधीर वर्मा चौक से सिटी सेंटर तक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन एवं ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना कया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 31 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर सड़क सुरक्षा के प्रति समाज के हर व्यक्ति को जागरूक बनाना है। कभी-कभी देखा गया है कि सड़क दुर्घटना में परिवार का एकमात्र कमाने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इसलिए सभी लोगों से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की जाती है।रैली के दौरान पुलिस उपाधिक्षक यातायात अरविंद कुमार सिंह ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत यातायात के नियमों की जानकारी दी। मौके पर नेहरू युवा केन्द्र के रवि मिश्रा, सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनिल कुमार, रोड इंजिनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार, आईटी देवेंद्र कुमार, नेहरू युवा केन्द्र तथा पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज के छात्र, ट्राफिक पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

# जिला आधार निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

- 18 वर्ष से अधिक आयु के आधार पंजीकरण के लिए लंबित मामलों का भौतिक सत्यापन करने के दिए निर्देश
- आधार केंद्रों पर आमजनों से निर्धारित शुल्क ही ली जाए यह सुनिश्चित करें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी की अध्यक्षता में दिनांक 18 जनवरी 2025 को समाहरणालय में जिला आधार निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएससी के द्वारा बताया गया कि जिला में पीएससी(PSC) में 52 एवं यूसीएल (UCL) में 17 किट चलाए जा रहे हैं। एडीएम सप्लाई ने निर्देशित किया कि इन सभी स्थान पर जाकर लगातार जांच करें एवं यह सुनिश्चित करें कि आधार में बदलाव, नए आधार बनाने समेत अन्य कार्यों में निर्धारित दर ही लिए जाए एवं संबंधित कार्य की निर्धारित शुल्क वहां सूचना पट पर उपलब्ध हो।वही शिक्षा विभाग से आए प्रतिनिधि को यह निर्देशित किया गया की विभाग से पत्राचार कर सभी बीआरसी में सारे किट को एक्टिवेट कराएं। साथ हीं जो भी मशीन उपलब्ध कराई गई हो वह स्थाई जगह पर हो या सुनिश्चित करें। साथ ही समाज कल्याण पदाधिकारी को यह निर्देशित किया गया कि टैबलेट एवं आधार मशीन को एक्टिवेट करा कर आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित कर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को शत प्रतिशत बच्चों का आधार बनाएं।18 वर्ष से अधिक आयु के आधार पंजीकरण के लिए लंबित मामलों का प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करने के बाद में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एडीएम सप्लाई ने कहा कि सभी बीडीओ फील्ड वेरिफिकेशन करने के बाद ही 18 से अधिक उम्र वाले आवेदन का निष्पादन सुनिश्चित कराएं।मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, परियोजना पदाधिकारी यूआईडी अमित कुमार समेत स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहें।

## आर.एस. एंटरप्राइजेज का हुआ उद्घाटन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार को रे टॉकीज के समीप आर.एस. एंटरप्राइजेज का भव्य उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मानव अधिकार प्रोटेक्शन झारखण्ड प्रदेश के महासचिव मुख्तार अहमद, धनबाद जिला सचिव हाजी जमीर आरिफ, आर.एस. एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर राहुल सिंह, शादाब आलम आदि ने फीता काट कर इस कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान अतिथिगण को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। वहीं अतिथियों ने कार्यालय के संचालक को इस उद्घाटन के अवसर पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर आर.एस. एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर राहुल सिंह ने बताया की उनके इस कार्यालय से वाहन चालकों को टेली कॉलिंग की जाएगी जिसके द्वारा सभी प्रकार के वाहनों की ईएमआई कलेक्शन एवं रिकवरी से संबंधित कार्य संपन्न होगा।

## रेलवे ठेकेदार रंगदारी जानलेवा हमला प्रकरण में जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय सचिव ने रखा अपना पक्ष



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रेलवे ठेकेदार रंगदारी प्रकरण मामले में जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय सचिव अमित कुमार गुप्ता ने शनिवार को अपना पक्ष रखते हुए आरोप को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने रेलवे ठेकेदार को न तो फोन किया है और न ही किसी तरह का व्हाट्सएप पर मेसेज ही भेजे हैं। उनका यह भी कहना है कि उन्होंने ठेकेदार राजीव रंजन के फोन नंबर को 12 अक्टूबर 2024 में ही ब्लॉक कर चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले 25 दिसंबर को उन्होंने मजदूरों के हक अधिकार को लेकर आंदोलन किया था। जिसका परिणाम है कि मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। धनसार थाना में लिखित शिकायत कर मामले में निष्पक्ष जाँच की मांग की है। रेलवे ठेकेदार ने धनसार थाना में मामला भी दर्ज कराया है। ठेकेदार ने पुलिस को बताया है कि उन पर जानलेवा हमला हुआ है और व्हाट्सएप पर पांच लाख की रंगदारी मांगी गई थी। फिलहाल पुलिस इस पुरे प्रकरण की जाँच कर रही है।

## 21 जनवरी को होगा बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वीर कुंवर सिंह सेवा समिति द्वारा आगामी 21 जनवरी 2025 को बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम सरायढेला, मुख्य द्वार पीके राय कॉलेज के पास, वीर कुंवर सिंह नगर के मुख्य गेट पर सुबह 10ः30 बजे कार्यक्रम होने जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रम से होगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :- **ई-निविदा सं.: C-710-TKS-3-GCT (1) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** टोकीसूद-3-(TKS)स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास **(2) टोकीसूद स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागतः** रू० 49,55,02,347/- **(3) ब्याने की राशि:** रू० 4,95,50,300/- **(4) निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समयः** ई-निविदा बंद होने की तारीख 11.02.2025 को 15:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख 11.02.2025 को 15:30 बजे से। **(5) वेबसाइट, का विवरणः** http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। **मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल/धनबाद**
पीआर/01944/डीएचएन/सीओएमएल/टी/24-25/28

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा सूचना सं. एस.जी.664-26-संकेत-2024-25
भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **(1) कार्य का नामः** धनबाद मण्डल में लाइटनिंग एवं सर्ज प्रोटेक्शन सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग, मतारी और सिंगरौली स्टेशनों पर ईप्रतिष्ठानों के लिए आई. हेतु। **(2) कार्य का आकलित मुल्यः ₹.** 80,83,857.00 (लगभग). **(3) कार्य का अग्रधन राशिः ₹** 1,61,700.00, **(4) निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 06.02.2025 (12:30 बजे)। **(5)** ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http//www. ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्यः प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करे।
**वरीय मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**
पीआर/01945/डीएचएन/एसएण्डटी/टी/24-25/36

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
(जिला योजना)
**ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**
**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)**
**(Very Short term Tender Notice)**
Niti Aayog Award Money अन्तर्गत लोहरदगा जिला में ऑयस्टर मशरूम उत्पादन केन्द्र की स्थापना हेतु उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के आपूर्ति, अधिष्ठापन, प्रशिक्षण, कच्चे माल की उपलब्धता, प्रसंस्करण एवं एक वर्ष तक विपणन लिंकेज, संचालन और रख-रखाव हेतु Turnkey Basis पर इस क्षेत्र के अनुभवी निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों/अर्द्ध सरकारी संगठनों/कम्पनी/संस्थानों/फर्म/ उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **29.01.2025** के **11:30** बजे पूर्वाह्न तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमन्त्रित की जाती है।
"ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग-अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक **29.01.2025** के **12:30** बजे (अपराह्न) जिला क्रय एवं मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात केवल तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा। इसके पश्चात् प्रस्ताव का Power Point Presentation प्रस्तावकों द्वारा क्रय एवं मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रदर्शित किया जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 6204070626/9650845021 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।
ह0/-
उपायुक्त,
लोहरदगा
PR 344583 Lohardaga (24-25)_D

झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।
70वीं औपबंधिक सूची
जिला-हजारीबाग (पार्ट-4)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक-20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण -: चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रामप्रसाद सिंह एवं भुवनेश्वर प्रसाद मेहता द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एव पहचान के आधार पर। | |
| 151. | 1. आवेदन क्र0-4203/24 2. आवेदक-तापेश्वर मेहता, पिता-त्रिवेनी महतो<br>3. ग्राम-बडासी, पोस्ट-जगदिशपुर, थाना-मुफासील, प्रखण्ड-सदर<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह-सर पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 152. | 1. आवेदन क्र0-4204/24 2. आवेदक-किशोरी महतो, पिता-जागो महतो<br>3. ग्राम-गोरिया करमा, पोस्ट-गोरिया करमा, थाना-पदमा, प्रखण्ड-पदमा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 153. | 1. आवेदन क्र0-774/24 2. आवेदक-गयानाथ पाण्डेय, पिता-शिवटहल पाण्डेय<br>3. ग्राम-टुटीलावा, पोस्ट-टुटीलावा, थाना-सिमरिया, प्रखण्ड-सिमरिया<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-71 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 154. | 1. आवेदन क्र0-4205/24 2. आवेदक-अनिरूद्ध महतो, पिता-स्व कविराज महतो<br>3. ग्राम-बोंगा, पोस्ट-बरियठ, थाना-ईचाक, प्रखण्ड-ईचाक<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-68 वर्ष, पहचान चिन्ह-ललाट में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 155. | 1. आवेदन क्र0-4206/24 2. आवेदक-महेन्द्र महतो, पिता-त्रिवेणी महतो<br>3. ग्राम-पबरा, पोस्ट- पबरा, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-69 वर्ष, पहचान चिन्ह-ओठ पर बतौर का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 156. | 1. आवेदन क्र0-775/24 2. आवेदक-मो0 सलीम, पिता-रहीम मियां<br>3. ग्राम-खपिया, पोस्ट- एदला, थाना-सिमरिया, प्रखण्ड-सिमरिया<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह-आँख के उपर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 157. | 1. आवेदन क्र0-776/24 2. आवेदक-शंकर महतो, पिता-जागो महतो<br>3. ग्राम-सोकी, पोस्ट-अमझार, थाना-इटखोरी, प्रखण्ड-इटखोरी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-75 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 158. | 1. आवेदन क्र0-4207/24 2. आवेदक-सीताराम, पिता-खेदम महतो<br>3. ग्राम-डाडीघाघर, पोस्ट-डाडीघाघर, थाना-ईचाक, प्रखण्ड-ईचाक<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-72 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें हाथ में जले का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 159. | 1. आवेदन क्र0-4208/24 2. आवेदक-किशुन साव, पिता-रोहन साव<br>3. ग्राम-लुपूँग, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-70 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ का अँगुली बड़ा है। | कंडिका-2(ix) |
| 160. | 1. आवेदन क्र0-4209/24 2. आवेदक-लाल बहादुर, पिता-जीवलाल महतो<br>3. ग्राम-शेमी, पोस्ट-पदमा, थाना-पदमा, प्रखण्ड-पदमा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायां पेट में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 161. | 1. आवेदन क्र0-4210/24 2. आवेदक-राम लखन महतो, पिता-स्व0 बिशुन महतो<br>3. ग्राम-लुपूँग, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायां पैर में एला का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 162. | 1. आवेदन क्र0-4211/24 2. आवेदक-छोटा राणा, पिता-बढ़न राणा<br>3. ग्राम-लुपूँग, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 163. | 1. आवेदन क्र0-4212/24 2. आवेदक-कुलदीप प्रसाद मेहता, पिता-सरयु महतो<br>3. ग्राम-लुपूँग, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु- 62 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने हाथ में जला का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 164. | 1. आवेदन क्र0-4213/24 2. आवेदक-भेखलाल प्रसाद मेहता, पिता-रोहन महतो<br>3. ग्राम-पबरा, पोस्ट- पबरा, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-64 वर्ष, पहचान चिन्ह-छाती पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 165. | 1. आवेदन क्र0-4214/24 2. आवेदक-उदी भुईयां, पिता-बनवारी भुईयां<br>3. ग्राम-अरिधर, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु- 56 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां अँगुठा में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 166. | 1. आवेदन क्र0-4215/24 2. आवेदक-रिधीकान्त मेहता, पिता-कपिलदेव मेहता<br>3. ग्राम-पबरा, पोस्ट- पबरा, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 167. | 1. आवेदन क्र0-777/24 2. आवेदक-नागेश्वर महतो, पिता-स्व0 इन्द्र महतो<br>3. ग्राम-सोकी, पोस्ट-अमझार, थाना-इटखोरी, प्रखण्ड-इटखोरी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-61 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 168. | 1. आवेदन क्र0-4216/24 2. आवेदक-कृष्णा राम, पिता-स्व0 तुलसी राम<br>3. ग्राम-अरिधर, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु- 45 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायां अँगुठा में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 169. | 1. आवेदन क्र0-4217/24 2. आवेदक-बंगाली राम, पिता-गुनी राम<br>3. ग्राम-अरिधर, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु- 72 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 170. | 1. आवेदन क्र0-4218/24 2. आवेदक-सुभाष कुमार मेहता, पिता-रामअवतार मेहता<br>3. ग्राम-पबरा, पोस्ट- पबरा, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-45 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 171. | 1. आवेदन क्र0-4219/24 2. आवेदक-यशोदा देवी, पति-तिलक महतो<br>3. ग्राम-पिन्डारकोन, पोस्ट-गौरियाकरमा, थाना-पदमा, प्रखण्ड-पदमा<br>4. लिंग-महिला, आयु-64 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 172. | 1. आवेदन क्र0-4220/24 2. आवेदक-दुलार चन्द महतो, पिता-खीरू महतो<br>3. ग्राम-हरहद, पोस्ट-कटकमसांडी, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-69 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 173. | 1. आवेदन क्र0-778/24 2. आवेदक-भुनेश्वर गंझु, पिता-स्व मंजूर गंझु<br>3. ग्राम-एदला, पोस्ट-एदला, थाना-सिमरीया, प्रखण्ड-सिमरीया<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-77 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ में टिका का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 174. | 1. आवेदन क्र0-4221/24 2. आवेदक-महावीर राम, पिता-स्व0 नेमन राम<br>3. ग्राम-लुपूँग, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां आँख पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 175. | 1. आवेदन क्र0-4222/24 2. आवेदक-राजू गोप, पिता-ईश्वर यादव<br>3. ग्राम-पबरा, पोस्ट- पबरा, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 176. | 1. आवेदन क्र0-4223/24 2. आवेदक-महादेव प्रसाद, पिता-स्व0 सरयु महतो<br>3. ग्राम-पबरा, पोस्ट- पबरा, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-66 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 177. | 1. आवेदन क्र0-4224/24 2. आवेदक-सोहर रविदास, पिता-स्व0 मेघन राम<br>3. ग्राम-लुपूँग, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने नाक तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 178. | 1. आवेदन क्र0-4225/24 2. आवेदक-सबिता देवी, पति-रामकृत सिंह<br>3. ग्राम-चपरीकला, पोस्ट-पाण्डेयबारा, थाना-चौपारण, प्रखण्ड-चौपारण<br>4. लिंग-महिला, आयु-54 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 179. | 1. आवेदन क्र0-779/24 2. आवेदक-बिलसी देवी, पति-ढेला महतो<br>3. ग्राम-सोकी, पोस्ट-अमझार, थाना-इटखोरी, प्रखण्ड-इटखोरी<br>4. लिंग-महिला, आयु-70 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 180. | 1. आवेदन क्र0-780/24 2. आवेदक-कौशल्या देवी, पति-मनोज महतो<br>3. ग्राम-सोकी, पोस्ट-अमझार, थाना-इटखोरी, प्रखण्ड-इटखोरी<br>4. लिंग-महिला, आयु-50 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 181. | 1. आवेदन क्र0-781/24 2. आवेदक-खीरू महतो, पिता-इन्द्र महतो<br>3. ग्राम-सोकी, पोस्ट-अमझार, थाना-इटखोरी, प्रखण्ड-इटखोरी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-62 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 182. | 1. आवेदन क्र0-782/24 2. आवेदक-दशरथ ठाकुर, पिता-स्व0 मुखलाल ठाकुर<br>3. ग्राम-बानासाडी, पोस्ट-सिमरीया, थाना-सिमरीया, प्रखण्ड-सिमरीया<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-66 वर्ष, पहचान चिन्ह-माथा में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 183. | 1. आवेदन क्र0-4226/24 2. आवेदक-नागेश्वर राम, पिता-स्व0 चेतलाल राम<br>3. ग्राम-असधीर, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-नाक के उपर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 184. | 1. आवेदन क्र0-4227/24 2. आवेदक-जानकी महतो, पिता-स्व0 लखन महतो<br>3. ग्राम-लुपूँग, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-73 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 185. | 1. आवेदन क्र0-4228/24 2. आवेदक-सुनीता तोपनो, पति-प्रदीप सांगा<br>3. ग्राम-जुलजुल, पोस्ट-सीतागढ़, थाना-मुफासिल, प्रखण्ड-सदर<br>4. लिंग-महिला, आयु-52 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 186. | 1. आवेदन क्र0-4229/24 2. आवेदक-बनवारी मेहता, पिता-स्व0 महादेव मेहता<br>3. ग्राम-लुपूँग, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 187. | 1. आवेदन क्र0-4230/24 2. आवेदक-उर्मिला देवी, पति-दशरथ महतो<br>3. ग्राम-जुलजुल, पोस्ट-सीतागढ़, थाना-मुफासिल, प्रखण्ड-सदर<br>4. लिंग-महिला, आयु-74 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 188. | 1. आवेदन क्र0-4231/24 2. आवेदक-तुलसी साव, पिता-स्व0 तुलसी साव<br>3. ग्राम-लुपूँग, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां पैर में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 189. | 1. आवेदन क्र0-4232/24 2. आवेदक-शंकर प्रसाद मेहता, पिता-स्व0 केदार प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम-पबरा, पोस्ट- पबरा, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-58 वर्ष, पहचान चिन्ह-पेट में ऑपरेशन का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 190. | 1. आवेदन क्र0-4233/24 2. आवेदक-बदरी प्रसाद मेहता, पिता-रामेश्वर मेहता<br>3. ग्राम-लुपूँग, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-65 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने पैर के घुटने में दाग का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 191. | 1. आवेदन क्र0-4234/24 2. आवेदक-उमेश प्रसाद मेहता, पिता-दिनेश्वर मेहता<br>3. ग्राम-लुपूँग, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां पैर में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 192. | 1. आवेदन क्र0-4235/24 2. आवेदक-बिनोद राम, पिता-मुन्सी राम<br>3. ग्राम-लुपूँग, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-59 वर्ष, पहचान चिन्ह-पैर में तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 193. | 1. आवेदन क्र0-4236/24 2. आवेदक-बैजनाथ सोनार, पिता-श्यामलाल सोनार<br>3. ग्राम-लुपूँग, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-79 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ के अँगुली में कट का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 194. | 1. आवेदन क्र0-4237/24 2. आवेदक-रणवीर कुमार, पिता-स्व0 नन्दलाल महतो<br>3. ग्राम-पबरा, पोस्ट- पबरा, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-63 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 195. | 1. आवेदन क्र0-4238/24 2. आवेदक-गोबिन्द महतो, पिता-नान्दो महतो<br>3. ग्राम-पिण्डराकोन, पोस्ट-गोरिया करमा, थाना-पदमा, प्रखण्ड-पदमा<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-51 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 196. | 1. आवेदन क्र0-4239/24 2. आवेदक-सिकन्दर राणा, पिता-स्व0 नारायण राणा<br>3. ग्राम-लुपूँग, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-74 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 197. | 1. आवेदन क्र0-4240/24 2. आवेदक-तेतर प्रसाद मेहता, पिता-स्व0 गांगो महतो<br>3. ग्राम-लुपूँग, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाया हाथ के अँगुली में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 198. | 1. आवेदन क्र0-4241/24 2. आवेदक-घनश्याम सोनार, पिता-श्यामलाल सोनार<br>3. ग्राम-लुपूँग, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-78 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं। | कंडिका-2(ix) |
| 199. | 1. आवेदन क्र0-4242/24 2. आवेदक-छकन महतो, पिता-स्व0 हीरो महतो<br>3. ग्राम-लुपूँग, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-63 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां हाथ में कटा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 200. | 1. आवेदन क्र0-4243/24 2. आवेदक-गुलाब साव, पिता-बली साव<br>3. ग्राम-लुपूँग, पोस्ट-लुपूँग, थाना-कटकमसांडी, प्रखण्ड-कटकमसांडी<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-73 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायां तरफ तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| | विवरण -: चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुखेदव प्रसाद यादव एवं चन्द्रनाथ भाई पटेल द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एव पहचान के आधार पर। | |
| 201. | 1. आवेदन क्र0-4244/24 2. आवेदक-उमेश कुमार दांगी, पिता-ईनु महतो<br>3. ग्राम-हरली, पोस्ट-हरली, थाना-बड़कागांव, प्रखण्ड-बड़कागांव<br>4. लिंग-पुरूष, आयु-49 वर्ष, पहचान चिन्ह-ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |

नोट :- 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 344524 (Home) 24-25 (D)

भुतपूर्व सैनिक वेल्फेयर ट्रस्ट के द्वारा 207 जोड़ों का विवाह संपन्न, सैनिक का कार्य मानव कल्याण : डा0 टी0 साहू

# बृहद रुप से वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न कराने वाले आयोजन समिति भुतपूर्व सैनिक ट्रस्ट बधाई के पात्र : बीडीओ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 18 जनवरी शनिवार को भुतपूर्व सैनिक वेल्फेयर ट्रस्ट के द्वारा कैरो जतरा टांड में 207 नव-दम्पति का सामुहिक रुप से विवाह कार्य कराया गया। मौके पर सभी धर्मो के रितिरिवाज के अनुसार पुरोहित कौशल कुमार त्रिपाठी, एवं ग्राम प्रधान वीरेंद्र उरांव, पहान, पुजार, महतो के द्वारा 207 नव-दम्पति का सामुहिक रुप से कराया गया विवाह। इस अवसर पर सभी जोड़ों को आशीर्वचन देते हुए कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छ्न्दा भट्टाचार्य ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में वैवाहिक कार्यक्रम कराने वाले संस्था भुतपूर्व सैनिक वेल्फेयर ट्रस्ट बधाई के पात्र हैं। प्रविपदाधिकारी ने सभी 207 नव-दम्पति को वैवाहिक जीवन नए जीवन की मंगलमय की कामना किया। ट्रस्ट के स्थायी संरक्षक डा0 टी0 साहू ने कहा कि प्रत्येक वर्ष ट्रस्ट इस प्रकार की आयोजन विगत अनेको वर्षो से कराते आ रही है, पिछ्ले वर्ष 2024 में 131नए जोड़े का सामुहिक विवाह जिले के पेशरार प्रखंड में की गई थी, भुतपुर्व सैनिकों का इस प्रकार का कार्यक्रम करने का उद्देश्य मानव का कल्याण करना है सैनिकों का जीवन हमेशा दुसरे की सेवा के लिये होता है, सेवानिवृत से पहले हम अपने प्राणो को भारतमाता की आन-बान और शान के लिये समर्पित करते हैं वहीं सेवा निवृत के पाश्चात् इस प्रकार के कार्यक्रम करने से हम सभी सैनिकों को सुकून मिलता है। डा0 टी0 साहू ने कहा कि मै अपने पेंशन की राशि से 25,000/- पच्चीस हजार प्रत्येक वर्ष ट्रस्ट को एसे कार्यक्रम करने के लिये राशि सुपुर्द करता हूँ, मेरे साथी पुर्व सैनिकों का भी अपार सहयोग इस प्रकार कार्यक्रम आयोजन के लिये प्राप्त होता है। कार्यक्रम मे कैरो अंचलअधिकारी कुमारी शीला उरांव, थाना प्रभारी कुलदीप राज, एस0आई0 मनोज कुमार गुप्ता ने भी किया सम्बोधित। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज महतो, सचिव कैप्टन शाहदेव भगत, रुनिया, धनेश्वर, रामचरित्र, बासमति, सबिता इत्यादि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# राज्य के मुख्यमंत्री से मिले जिला प्रमुख मोजम्मिल अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जेएमएम के लोहरदगा संयोजक प्रमुख मोजम्मिल अहमद ने मिलकर जनता की होने वाली समस्याओं से अवगत कराया इसके साथ ही कुडू को नगर पंचायत घोषित किए जाने की आवश्यकताओं की ओर भी मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया है। मोजम्मिल अहमद ने सीएम को एक निवेदन पत्र देते हुए कहा है कि कुडू एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है यहां से होकर कई जिलों और राज्य के लिए लोगों का आना-जाना होता है। यहां साफ-सफाई और नागरिक सुविधाओं के विकास को लेकर इसे नगर पंचायत बनाया जाना जनहित में आवश्यक है।

## कोहरा के कारण बॉक्साइड लदा ट्रक पलटा, कोई हताहत नहीं



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोहरा के कारण लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर बक्सीडीपा पेट्रोल पंप के समीप बॉक्साइड लोडेड ट्रक पलटा कोई हताहत नही वाहन क्षतिग्रस्त सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस। घटना लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा पेट्रोल पंप के समीप एन एच 143 ए लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर शुक्रवार रात्रि तीन बजे सुबह घाघरा की ओर से लोहरदगा तरफ जा रही बॉक्साइड लोड ट्रक जे एच 01 ई जेड 8011 पलट गया। जिससे पथ पर बॉक्साइड पत्थर बिखर गया। और कुछ समय के लिए यातायात बाधित हुआ। घटना की सूचना पर रात्रि में ही पुलिस प्रशासन के गस्ती दल घटना स्थल पहुंच सड़क पर सुचारू रूप से यातायात को बहाल कराया। बताया जाता है कि घटना कोहरा के कारण तथा विपरीत दिशा से आ रहे एक वाहन की रौशनी से चालक का आंख चकाचौंध हो गया। जिससे ट्रक अनियंत्रित हो सड़क पर ही पलट गया। हालांकि रात्रि होने के कारण कोई हताहत नहीं हुआ।

## प्रखंड क्षेत्र के झारखण्ड आंदोलन कारी मोर्चा की बैठक 23 जनवरी को

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के झारखण्ड आंदोलन कारी मोर्चा की बैठक 23 जनवरी को प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए झारखण्ड आंदोलन कारी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष भीखराम उरांव ने कहा कि 23 जनवरी को प्रखंड क्षेत्र के झारखण्ड आंदोलन कारी मोर्चा की बैठक बेसिक हाई स्कूल के मैदान में आयोजित किया गया है। बैठक में आंदोलन कारियों की समस्याओं पर विचार विमर्श करते हुए समस्या का समाधान किया जायेगा। तथा मजबूती के लिये संगठन के लिये रूप रेखा तैयार किया जायेगा। जिसके लिये प्रखंड क्षेत्र के सभी आंदोलन कारियों से बैठक में ससमय उपस्थित होने के लिये अपील किया गया है।

## नई दिल्ली के गणतंत्र दिवस समारोह में पतिअम्बा मुखिया बनेगी विशेष अतिथि



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश की राजधानी नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में विशेष अतिथि के रूप में सिमड़ेगा जिले के जलडेगा प्रखण्ड की पतिअम्बा पँचायत की मुखिया विमला देवी को आमंत्रित किया गया है। अपने पँचायत में पेयजलापूर्ति के सफल एवम व्यवस्थित संचालन एवम रखरखाव हेतु मुखिया को विशेष अतिथि के रूप में नई दिल्ली में राष्ट्रपति के कार्यक्रम में जाने हेतु चयनित किया गया है। बताया गया कि सिमडेगा जिला अंतर्गत जलडेगा प्रखण्ड के कारीमाटी ग्राम की निवासी पतिअम्बा पंचायत की मुखिया विमला देवी के द्वारा पतिअम्बा पंचायत में पेयजलापूर्ति स्कीम का सफल संचालन किया जा रहा है। पतिअम्बा पंचायत में कुल 04 गाँव है एवं 22 टोला है। गाँव की कुल जनसंख्या 3412 हैं, जिसमें अनुसूचित जाति के कुल 337, अनुसूचित जन जाति के कुल 2364 तथा सामान्य वर्ग में 711 लोग निवास करते है। पंचायत में कुल 824 घरों की संख्या है। पंचायत के सभी घरों में नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाती है। यह पंचायत हर घर जल सत्यापित है। इस पंचायत के सभी योजनाओं को ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को हस्तांतरित किया गया है। चूकिं मुखिया ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष होते है। इसलिए अपनी जिम्मेवारी को समझते हुए इस पंचायत की मुखिया विमला देवी पेयजलापूर्ति योजनाओं का भली भांती संचालन कराती है। पतिअम्बा पंचायत में कुल 04 स्कुल तथा 04 आंगनबाड़ी केन्द्र है, जिसमें पेयजलापूर्ति की व्यवस्था है। पेयजलापूर्ति योजना के सफल संचालन हेतु मुखिया के द्वारा पम्प ऑपरेटर, प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन चयन कर रखा गया है। मुखिया के द्वारा लगातार सभी ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक की जाती है। पेयजलापूर्ति योजनाओं के निर्माण के समय में मुखिया ने ग्राम सभा कर एवं ग्रामीणों को अपने स्तर से शुद्ध पेयजल की महत्व एवं लाभ के बारे में घुम-घुम कर जानकारी दिया एवं जागरूक किया जिससे प्रभावित होकर लोगों ने हर घर जल ग्राम बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग किया। योजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव हेतु मुखिया के द्वारा बैठक कर ग्रामीणों को मासिक शुल्क जमा करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

# ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण के तहत द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शनिवार को सम्पन्न हो गया। वही द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में उगरा, अलौदी, सेरेंगहातु तोड़ार, अरु पंचायत के ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्यों को प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर वंदना कच्छप, नवलीन कौर तथा रामस्वारथ महतो के द्वारा सहजकर्ता दल के सदस्यों को ग्राम विकास योजना, निर्माण प्रक्रिया सहजकर्ता दल, दल के सदस्यों का कार्य, ग्राम सभा एवं विशेष ग्राम सभा का आयोजन के संबंध में पीपीटी एवं वीडियो के माध्यम से विस्तृत जानकारी दिया गया। वही गांव का विकास के लिये सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का चयन प्रक्रिया साथ सामाजिक मानचित्र,संसाधन मानचित्र और ग्रुप के माध्यम से योजनाओं का संचालन प्रक्रिया की जानकारी दी गई. वही मनरेगा रोजगार योजना के माध्यम से गांव का विकास के लिये सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का जानकारी दिया गया। मौके पर पंचायत सचिव आरती चेरमाको, नागमनी उरांव, माही कुमारी परमिंदर कुमार, सुजीता देवी, पूनम देवी, शिला उरांव, पूर्णिमा देवी, सीता देवी, सुशांती कुजूर के अलावे एवं ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## रुद्र महायज्ञ आयोजन के निमित नगर भ्रमण, शंख की गूंजायमान ध्वनि से रुद्रमय रहा माहौल, किया गया ध्वजारोहण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखण्ड के उतका शिव मंदिर परिसर में 18 जनवरी शनिवार को रुद्र महायज्ञ आयोजन को लेकर कैरो उतका नगर भ्रमण में हर-हर महादेव शंख की ध्वनि व बाबा भोलेनाथ की जयकारे से भक्तिमय हुआ वातावरण वही मंदीर परिसर मे किया गया ध्वजारोहण। इसके पूर्व भ्व्य शोभायात्रा निकालकर ध्वज के साथ नगर भ्रमण किया गया। यज्ञाधीश श्री कल्याण जी महाराज के नेतृत्व में शोभायात्रा कैरो, उतका के सभी गली-मुहलल्लों में भ्रमण किया। इस अवसर पर सैकड़ों भक्त शामिल होकर हर-हर महादेव, बजरंगबली की जय, बोल-बम के नारे लगाए। शोभायात्रा पुनः यज्ञ स्थल पंहुचा, तत्पश्चात विधिपूर्वक पूजन कर ध्वजारोहण किया गया। इसके उपरांत रुद्राभिषेक भी किया गया। नवनिर्मित शिव मंदिर प्राणप्रतिष्ठा के साथ नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ 16 मई से शुरू होकर 25 मई तक चलेगी। इसका शुभारंभ आज से ही हो गया है। इस मौके पर यज्ञाचार्य सूर्यकांत त्रिपाठी, कौशल कांत त्रिपाठी, आशीष बैध, दीपक मिश्रा यज्ञ समिति के अध्यक्ष विपिन सिंह, ओमप्रकाश सिंह, नागेन्द्र सोनी, भोला प्रसाद, बजरंग प्रसाद, शरत कुमार, सूरज मोहन साहू, विवेक महतो, विशेश्वर प्रसाद दीन, गंगा प्रसाद, रामप्रसाद यादव, बृजकिशोर साहू, बालेश्वर साहु, वीरेन्द्र गोप, कमलेश साहू, पप्पू गुप्ता, राजू सोनी, रामबुझावन गुप्ता,दिलीप सिंह लखन उरांव, भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र महतो, किशोर उरांव, प्रभु भगत सहित सैकड़ो महिला पुरुष शामिल हुए।

## 50 दिवसीय बेल मेटल डोकरा प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को लोहरदगा जिले के लोहरदगा प्रखंड अंतर्गत ग्राम बाराटपुर में बेल मेटल (डोकरा) के निर्माण और कौशल विकास के लिए 50 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, रांची झारखंड द्वारा प्रायोजित कौशल उन्नयन योजना के तहत आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में 20 कारीगरों ने भाग लिया। समापन समारोह में जिला उद्यमी समन्वयक ने कहा उन्होंने डोकरा के उन्नत निर्माण हेतु जल्द कारीगरों को टूल किट वितरण किया जायेगा और इसके विक्रय को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया। प्रखंड उद्यमी समन्वयक, लोहरदगा आसिफ अहमद ने कारीगरों को बताया कि पारम्परिक कार्य को करते हुए अपना उत्पादन बढ़ाये लघु कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के माध्यम से आपको बाजार उपलब्ध कराया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान जिला उद्यमी समानवयक श्री सूरज कुमार प्रखंड उद्यमी समन्वयक आसिफ अहमद जन जागरण केंद्र एजेंसी से जैनुल जी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य कारीगरों को उनकी परंपरागत कला में निपुण बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाना है।

दिल्ली एसजी पाइपर की टीम सिमडेगा के प्रशिक्षु खिलाड़ियों से मिले, किया टीशर्ट का वितरण

# ढोल, नगाड़े, मांदर की थाप पर थिरकते हुये पुष्प वर्षा कर सभी मेहमान खिलाड़ियों का सिमडेगा ने किया स्वागत

सिमडेगा के स्वागत से अभिभूत विदेशी खिलाड़ी खुद नगाड़े और मांदर लेकर झूमने पर हुये मजबूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** 18 दिसंबर से 01 फरवरी झारखंड की राजधानी रांची और ओडिसा के राउरकेला में ॥ढ्रु हॉकी इंडिया लीग महिला और पुरुष का आयोजन चल रहा है, जिसमे भारत के सभी उत्कृष्ट खिलाड़ियों के साथ कई विदेशी खिलाड़ी भी सभी टीमों में शामिल है । इन दोनो जगह सभी टीमों का मैच लगातार जारी है ,जिनमे सभी टीमों का आवागमन लगातार रांची राउरकेला भाया सिमडेगा के रास्ते से हो रहा है, इसी क्रम में आज राउरकेला से रांची जाने के क्रम में दिल्ली एसजी पाइपर की महिला टीम का आगमन एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम सिमडेगा में हुआ। सिमडेगा की संगीता कुमारी सहित कई विदेशी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से सुसज्जित दिल्ली एसजी पाइपर टीम सिमडेगा में शानदार स्वागत किया गया। बस से उतरते ही सभी खिलाड़ियों का पुष्प वर्षा कर और माला पहनाकर स्वागत किया गया तत्पश्चात सभी मेहमान खिलाड़ियों नगाड़े, ढोल और मांदर की थाप पर नाचते गाते एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम तक लिया गया, स्वागत से अभिभूत सभी खिलाड़ी खुशी से गदगद हो गए और खुद भी नगाड़े बजाने और नाचने पर मजबूर हो गए। साथ ही उपस्थित सभी प्रशिक्षु खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए कई ज्ञान की बाते बतलाए। जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी, पंखरासियुस टोप्पो, कमलेश्वर मांझी, कोच तारिणी कुमारी, कुनुल भेंगरा इत्यादि ने मेहमान प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किए। टीम के कोच स्मोलेनार्स देव, तुसार खांडेकर, सिमडेगा जिला की संगीता कुमारी सहित लिली पेडलू usa, एम्मा पुवरेज बेल्जियम, स्टीफन डीसी ग्रूफ बेल्जियम, एलिजाबेथ नील usa, मिरी maroney आस्ट्रेलिया सहित भारत की नवनीत कौर, दीपिका, बिच्छू, सुनेलता, प्रीति दुबे इत्यादि कुल 36 सदस्यो का दल सिमडेगा पहुंचे थे। सभी मेहमान टीम ने जिला के उपस्थित प्रशिक्षु हॉकी खिलाड़ियों को टीशर्ट देकर प्रोत्साहित किया।

## संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी का किया निरीक्षण

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी का निरीक्षण शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सह लोहरदगा संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास द्वारा किया गया। संकुल प्रमुख का आगमन प्रातः 8:30 बजे एवं प्रस्थान अपराह्न 3:30 बजे हुआ। इस बीच इन्होंने भैया बहनों एवं आचार्यो के आगमन से लेकर प्रस्थान तक विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया। प्रारंभ में शून्य कालांश एवं वंदना का निरीक्षण किया, वंदना सभा में भैया बहनों को उनका आशीर्वचन प्राप्त हुआ। इन्होंने कार्यालय पंजी, लेखापंजी का गहन निरीक्षण किया। अनुशासन पक्ष, अध्यापन पक्ष, सफाई व्यवस्था एवं पेयजल का अवलोकन किया। विद्यालय अवकाश के बाद आचार्य दीदीजी संग उनकी बैठक हुई, जिसमें उन्होंने कई सुझाव दिए। अंतर विद्यालय निरीक्षण से विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होता है, जिसका लाभ विद्यालय को होता है।

# जिला अधिवक्ता संघ द्वारा अधिवक्ता सम्मान समारोह का हुआ आयोजन






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला अधिवक्ता संघ के बैनर तले शनिवार को अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड स्टेट बार काउंसिल अध्यक्ष श्री राजेंद्र कृष्णा, पीडीजे राजकमल मिश्रा, प्रधान न्यायधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, मेंबर झारखंड स्टेट बार काउंसिल श्री संजय कुमार विद्रोही, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ डा प्रमोद कुमार पुजारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम में सभी न्यायिक पदाधिकारी, लोक अभियोजक, अधिवक्तागण, अधिवक्ता लिपिक आदि उपस्थित थे। वहीं सम्मानित वरिष्ठ अधिवक्ता किशन साहू, राकेश अखौरी, अब्दुल रब, अनूप राय, राज ललित प्रसाद, नवल किशोर अग्रवाल, देवाशीष कार,चंद्र प्रकाश पाठक, जमील अख्तर,अजय कुमार मित्तल और भोले शंकर वर्मा को बुके, शॉल और उपहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं वनांचल कला मंडली द्वारा पारंपरिक नृत्य और गायन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में झारखंड स्टेट बार काउंसिल अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा ने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए सरकार को गंभीरता से कदम उठाना चाहिए। वहीं अधिवक्ता कॉलोनी की भी मांग की गई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो पेंशन योजना अधिवक्ताओं के लिए लाया गया है उसकी राशि बढ़ाई जानी चाहिए ताकि कमजोर अधिवक्ताओं को आर्थिक सहयोग मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह एकेडमी डेवलपमेंट प्रोग्राम होना चाहिए ताकि अधिवक्ताओं को इसका लाभ मिल सके। पीडीजे श्री राजकमल मिश्रा ने कहा कि अनुभव और ज्ञान दो अलग-अलग विषय है। अनुभव समय के साथ अर्जित करते है। अपने अनुभव को अपने तक सीमित नहीं रखें बल्कि इसे अन्य के साथ साझा करें ताकि इसका लाभ सभी को मिले। मेंबर झारखंड स्टेट बार काउंसिल संजय कुमार विद्रोही ने कहा कि वरीय अधिवक्ता बरगद के पेड़ के समान है। जिसके साये में हम फल फूल रहे हैं। यह अपने आप में मिशाल है। कहा कि कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारियों का शामिल होना बताता है कि ये एक दूसरे के पूरक हैं। कहा कि बेंच को कभी दिक्कत होने पर संघ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए तैयार रहेगा। कहा कि अपने वरीय अधिवक्ताओं के साथ रहकर कनीय अधिवक्ता सीखने का काम करें। वहीं उन्होंने अधिवक्ताओं का हेल्थ इंश्योरेंस, पेंशन कम से कम बीस हजार रुपए, बजट में अधिवक्ताओं के लिए प्रावधान की बात कही। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष डा प्रमोद कुमार पुजारी ने कहा कि अधिवक्ताओं को सम्मानित कर संघ गौरवान्वित महसूस कर रहा है। वहीं नए अधिवक्ताओं का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इससे नए अधिवक्ताओं को अपना जौहर दिखने का अवसर मिलेगा। नए अधिवक्ता अपनी प्रतिभा पेश करे। कहा कि संघ कई कल्याणकारी कार्य करता रहा है। आगे भी करता रहेगा। वहीं मंच संचालन संघ के प्रशासनिक सचिव लाल धर्मेंद्र देव ने किया। साथ ही धन्यवाद ज्ञापन संघ के महासचिव लाल दीपक नाथ शाहदेव ने की।

स्वास्थ्य मंत्री झारखण्ड सरकार डॉ. इरफ़ान अंसारी होंगे मुख्य अतिथि

# लोहरदगा खेलकूद का आयोजन भविष्य में खिलाड़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा : धीरज प्रसाद साहू

जिला के ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभा को मंच देने का कार्य करेगा : रीना कुमारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 67 वीं राज्यस्तरीय एथलीट मीट का आयोजन जिला एथेलेटिक्स एसोशिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में स्थानीय ललित नारायण मिश्रा स्टेडियम में दूसरा दिन का खेलकूद हुआ संपन्न। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने पुरुस्कार वितरण की और कहा की लोहरदगा जिला एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा खेलकूद का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभा को आगे लाने का मंच साबित होगा बहुत ही बेहतर ढंग से साहू परिवार दवाई विगत 1951 से कराया जा रहा आयोजन इस बार भी काफ़ी सराहनीय है झारखण्ड राज्य के कई जिलों से प्रतिभागी आये है इससे खेलकूद में विकास होगा। दूसरे दिन के खेल कूद आयोजन को सफल बनाने में संजय साहू, सैफाली साहू, सबिता साहू, साईमा साहू,भावना साहू, दुर्गेश साहू, सौरभ साहू, रीना कुमारी अध्यक्ष जिला परिषद, फुलझरी देवी प्रमुख सेन्हा, निशीथ जायसवाल, संजय बर्मन, राजकिशोर महतो, ऑफिशल अरुण राम, रश्मि खेस, संध्या सिंह, जोहरा जमाल, मुमताज अहमद, मुरारी गोस्वाम, नसीम अख्तर, नईम खलीफा, दिनेश साहू, साबिर हुसैन, तकनीकी पदाधिकारी अनवर हुसैन, अजय प्रसाद, सोमा उरांव, राकेश सिंह, एम वी राव, अभिजीत पात्रा, मोहम्मद कमरुद्दीन, मिथिलेश सिंह, पिंटू सिंह, जयश्री गोराई, सागर, नवीन कुमार,लक्ष्मण राम, सुनील यादव, क्यूंम खान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। साईकिल रेस पुरुष वर्ग प्रथम रामविलास पासवान गुमला, द्वितीय सोमा उरांव लोहरदगा, तृतीया चन्दर उरांव लोहरदगा, महिला वर्ग प्रथम नीमा कुमारी गुमला, द्वितीय आरती कुमारी गुमला, तृतीय संजू कुमारी लोहरदगा,1500 मीटर जूनियर बालक वर्ग में प्रथम राम महली रांची, द्वितीय सोनू मिंज नवाटांर, तृतीय रोहित कच्छप धुर्वा रांची, जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम सिया तिग्गा रामगढ़, द्वितीय क्रांति कुमारी लोहरदगा, तृतीय अनीशा बागे रामपुर,जूनियर बालक वर्ग में प्रथम राम महली रांची,द्वितीय सोनू मिंज नवाटांर, तृतीय रोहित कच्छप धुर्वा रांची, पुरुष वर्ग में प्रथम विपुल कुमार रांची, द्वितीय मंसूर अंसारी लोहरदगा, तृतीय दिनेश तुरी लोहरदगा, महिला वर्ग में प्रथम चंद्रमूनी उरांव गुमला, द्वितीय ऋतु कुमारी रांची, तृतीय ममता कुमारी लोहरदगा, डिस्कस थ्रो पुरुष वर्ग प्रथम मोहम्मद समीर लोहरदगा, द्वितीय अविनाश कुमार धनबाद, तृतीय आदित्य भारद्वाज पलामू, महिला वर्ग प्रथम शिवानी कुमारी पलामू, द्वितीय नीमा कुमारी गुमला, तृतीय भूमिका राय (धनबाद ), पुरुस्कार वितरण में जूनियर बॉयज 600मीटर रवि उरांव (गुमला ) द्वितीय सुखराम एक्का संत जॉन नवातांड, तीसरा स्थान करामचंद भगत (गुमला) बालिका सीमा उरांव प्रथम, अनिशा बागे, द्वितीय, निधि तिग्गा तीसरा स्थान प्राप्त किया जिसे जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी द्वारा एवं सेन्हा प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी द्वारा लॉन्ग जम्प में प्रथम निशांत भगत (लोहरदगा), आनंद उरांव गुमला, अमित ओहदार गुमला को पुरुस्कार दिया गया।

## चलते चलते एक नजर

### अविनाश वर्मा के नेतृत्व में जीसा का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला



रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड इंडिपेंडेंट स्कूल अलायन्स (जीसा) का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश कुमार वर्मा के नेतृत्व में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिलकर निजी विद्यालयों के मान्यता से संबंधित शर्तों में राहत देने से सम्बन्धी एक मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे केंद्रीय अध्यक्ष अविनाश कुमार वर्मा ने राज्यपाल महोदय को नव वर्ष की बधाई देते हुए बुके देकर स्वागत किया और मिलने का अवसर देने पर आभार व्यक्त किया। अविनाश वर्मा ने राज्यपाल को निजी विद्यालयों की समस्यायों से विस्तार पूर्वक अवगत कराते हुए मान्यता के शर्तों में संशोधन का आग्रह किया जिसका उल्लेख मांग पत्र में किया गया है। जिस पर राज्यपाल ने मांग पत्र को सरकार तक भेजने का निर्देश देते हुए सुझाव दिया कि आप सभी सरकार को अपनी ओर से भी सुझाव दें और अगर सरकार इस पर राहत देने से सम्बन्धी कोई प्रस्ताव लाती है तो हम सहयोग करेंगे। ताकि राज्य के निजी विद्यालयों को लाभ मिल सके। भेंटवार्ता में शामिल सभी सदस्यों ने महामहिम के व्यवहार और सुझाव से उत्साहित हो कर कहा कि आज कि मुलाकात काफी हद तक सुखद रही, हम सब उम्मीद करते हैं की सरकार हमारी मांगो पर विचार करते हुए जल्द हमे राहत देने का काम करेगी। प्रतिनिधि मंडल में जीसा के केन्द्रीय अध्यक्ष- अविनाश कुमार वर्मा, केन्द्रीय उपाध्यक्ष- दिनेश साहु, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, गिरिडीह के वरिष्ठ सदस्य रंजीत राणा मौजूद थे।

### पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं : बीएल वर्मा

**सिलीगुडी** : केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। यहां अपराधियों को सरकारी संरक्षण प्राप्त है। केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा जलपाईगुड़ी में एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए दिल्ली से बागडोगरा पहुंचे थे। इस दौरान बागडोगरा हवाईअड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में बीएल वर्मा ने राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आरजी कर की घटना ही नहीं, इस राज्य में कानून का शासन नहीं है। यहां अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण की राजनीति चल रही है। न सिर्फ चिकित्सक, बल्कि देश की जनता भी ऐसी घटनाओं को कभी स्वीकार नहीं करेगी। मंत्री ने कहा कि जहां प्रधानमंत्री देश में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, वहीं इस राज्य में महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। यह देश के लिए शर्म की बात है। हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पश्चिम बंगाल की जनता इसका माकूल जवाब देगी। आरजी कर की घटना पर उन्होंने कहा कि उन्हें न्याय व्यवस्था पर भरोसा है। असली दोषियों को सजा जरूर मिलेगी।

# सीएम से अजा व अजजा के कल्याण हेतु गठित संसदीय समिति के सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रांची के अध्ययन भ्रमण पर आए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण हेतु गठित सात सदस्यीय संसदीय समिति के सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले इस संसदीय समिति के अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य डॉ फग्गन सिंह कुलस्ते के साथ सदस्य डॉ मल्लू रवि (लोकसभा सांसद), श्री वीडी राम (लोकसभा सांसद), श्रीमती प्रतिमा मंडल (लोकसभा सांसद), श्री रवांग्वरा (राज्यसभा सांसद), श्रीमती फूलो देवी नेताम (राज्यसभा सांसद) और श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह (राज्यसभा सांसद) शामिल थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं संसदीय समिति के बीच अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं समेत कई विषयों/मुद्दों पर विस्तृत विचार- विमर्श हुआ।

**एससी -एसटी के उत्थान और विकास के लिए मिलकर कार्य करना होगा:** मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उत्थान और विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार को मिलकर काम करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहाँ अनुसूचित जनजाति



और अनुसूचित जाति की एक बड़ी आबादी निवास करती है, लेकिन प्रगति के रास्ते पर उन्हें जितना आगे आना चाहिए, उसमें कहीं ना कहीं पीछे रह गए हैं। ऐसे मे विकास में उनकी भागीदारी मजबूत करने के लिए ठोस नीति बनाकर उसे योजनाबद्ध तरीके से धरातल पर उतारना होगा ताकि उन्हें सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिशा में हमारी सरकार निरंतर कार्य करती आ रही है और उसके सकारात्मक परिणाम लगातार देखने को मिल रहे हैं। हमारी सरकार अनुसूचित जाति और जनजाति के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है और विजन डाक्यूमेंट तथा रोड मैप तैयार कर आगे कई और ठोस कदम उठाने जा रही है।

**इनकी रही उपस्थितिः** मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात करने वाले संसदीय समिति के सचिव एवं एडिशनल सेक्रेटरी डीआर शेखर, डिप्टी सेक्रेटरी मोहन अरुमाला, अंडर सेक्रेटरी श्री एन टूथांग,जॉइंट डायरेक्टर टीआरएस गोस्वामी तथा कमिटी अफसर श्रीमती पूजा किर्थवाल भी शामिल थे।

### ड्रोन के माध्यम से किया फ़सल पर यूरिया का छिड़काव

**झांसी** : कृषि क्षेत्र में एक नई पहल के तहत नाबार्ड इफको किसान स्मार्ट फार्म परियोजना अंतर्गत ग्राम नोहरा विकास खण्ड बबीना में यूरिया छिडकाव के लिए ड्रोन तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। फसलों में नई तकनीकी का उपयोग किया जा रहा है। सैटेलाइट से फसलों का आंकलन करके किसानों को लिखित व वाणी संदेशों से कृषि की उन्नत तकनीक के बारे में जानकारियां दी जा रहीं हैं। मौसम का ध्यान रखा जा रहा है। फसल उत्पादन में खर्चा कम और अधिक उत्पादन लिया जा रहा है।इस तकनीकी का उपयोग करके वातावरण व मिट्टी को दूषित होने से बचाया जा रहा है। इसी कडी में ड्रोन तकनीक का उपयोग करके कृषि में नई क्रांति लायी जा रही है।

## विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने पर पलामू एसपी से सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगरः** झारखंड विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेशन के हाथों आरक्षी सह पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे को नेक कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। इन्होंने विधानसभा चुनाव में पलामू पुलिस के लिए सदैव तत्पर तैयार रहकर काम किया है। इस संदर्भ में पलामू एसपी के हाथों उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया है। आरक्षी विक्रांत दुबे ने हमेशा गरीबों का मसीहा बनकर खड़े रहते हैं। इन्होंने कई मरीजों का ब्लड बैंक से खून उपलब्ध कराकर जान बचाई है। आरक्षी होकर विभाग से लेकर समाज तक कार्य मे जिओ जान से लगे रहते हैं। इन्होंने कई मेडल उत्कृष्ट कार्य करने पर अपने नाम किया है।

## गढ़वा में विकास की गंगा सूखने नहीं दूंगा : मिथिलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा के पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शनिवार को कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित किया गया। मौके पर बडी संख्या में समर्थक, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सहयोगी इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दलों के नेता और कार्यकर्ता ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में विकास की जो गंगा बहाई गई है उसे सूखने नहीं दिया जाएगा।

कार्यकर्ता मिलन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि गढ़वा विधान सभा की जनता को एक बार फिर आश्वस्त करता हुं कि उनके हित में मोबईल नंबर और घर का दरवाजा सदैव खुला था, खुला है और खुला रहेगा। उन्होने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते



हुए कहा कि जिन्होंने मुझपर विश्वास जताया तथा विगत चुनाव परिणाम से दस हजार से अधिक वोट मुझे आशीर्वाद स्वरुप देने का काम किया। मैं आज भी बिना भेदभाव किए सबकी सेवा में तत्पर रहूंगा। गढ़वा की देव तुल्य जनता की सेवा का अवसर पांच वर्षों तक मिलना मेरा सौभाग्य रहा। आगामी पांच वर्षों तक उस सौभाग्य से वंचित रह गया। इस बात का दुःख जरूर है लेकिन गढ़वा की जनता के प्रति वही श्रद्धा, समर्पण और सम्मान का भाव है जो पहले था। गढ़वा की जनता की सेवा जीवन के अंतिम सांस तक करना मेरा संकल्प था, है और रहेगा। जनता का आशीर्वाद मिलने में जो चूक हुई उसे दुरुस्त करने का संकल्प मेरे सभी साथियों, समर्थकों, पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ता ने ली है। इस आयोजन में लगभग सभी लोगों ने वर्तमान विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के काम काज के नकारात्मक तौर तरीके पर गंभीर आपत्ति जताई। गढ़वा की देव तुल्य जनता को एहसास होने लगा है कि उन्होंने भावनाओं में बहकर गलत प्रतिनिधि चुन लिया है। भाजपा की यह खामोशी उनकी मनसा एवं चरित्र को भी उजागर कर रहा है। पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अपने समर्थकों, कार्यकर्ताओं और साथियों से आग्रह किया कि वर्तमान विधायक की निष्क्रियता एवं कारगुजारी से जनता को अवगत कराते रहें। साथ ही उनके चेहरे पर लगा मुखौटा को हर रोज उतारने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि गढ़वा के वर्तमान विधायक की गलत मंशा सफल नहीं होने दी जायेगी।

### फिल्म स्टार सोनू सूद के हाथों सम्मानित हुए संत मरियम के चेयरमैन

# सोनू सूद से अवार्ड पाना गौरव की बात : अविनाश देव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के संत मरियम आवासीय विद्यालय एक बार फिर से सुर्खियों में है। शिक्षा और संस्कार को समावेशित कर चार बच्चों से प्रारंभ हुई विद्यालय झारखंड बिहार के श्रेष्ठ विद्यालयों के श्रेणी में सुमार होना सिर्फ विद्यालय परिवार के लिए ही गौरव का क्षण नहीं है, बल्कि पूरे जिले को भी गौरवांवित कर रहा है। विदित हो की रांची, होटल ब्लू रेडिशन के सेंट्रल हॉल में टाइम्स ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित बिजनेस अवॉर्ड सह सम्मान समारोह मे सुप्रख्यात फिल्म स्टार, मानवता का मिसाल कायम कर चुके सोनू सूद ने बिजनेस अवार्ड के साथ संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव को सम्मानित किया। यह पुरस्कार टाइम्स ऑफ इंडिया के आंतरिक सर्वे शिक्षा, संस्कार, प्रशासनिक




व्यवस्था, प्रबंधन, स्वच्छता व सेवा के आधार पर विद्यालय का चयन किया गया, जहां संत मरियम एक बार फिर सर्वोपरि साबित हुआ। उक्त मौके पर श्री देव ने कहा कि संत मरियम विद्यालय को समय- समय पर बेहतर शिक्षा के लिए पुरस्कार मिलते रहा है किंतु टाइम्स ऑफ इंडिया जैसा उम्दा अखबार के नजर में एक बार फिर अग्रणी पंक्ति में संत मरियम विद्यालय को शामिल होना विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है। रांची, होटल ब्लू रेडिशन के सेंट्रल हॉल में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता, उससे ऊपर सोशल एक्टिविस्ट और कहें तो सागर सा शख्सियत, हिमालय सा हिम्मत, आसमान सा पसरा सामाजिकता के मालिक सोनू सूद जिन्होंने कोरोना काल में इंसानियत को परिभाषित करते दुनिया को समझा दिया कि पैसा रखने से कुछ नहीं होगा मानवता के लिए खर्च करो। आज वैसे शानदार शख्सियत आदरणीय सोनू सूद के हाथों बेहतर शिक्षा के क्षेत्र में काम करने के एवज में अवॉर्ड दिया गया। टाइम्स ऑफ इंडिया एवं श्री सोनू सूद जी के सोच को शुक्रिया अदा करना चाहूंगा कि मुझे उस योग्य समझा गया। मैं गौरवान्वित हो रहा हूं पर इस पुरस्कार के वाजिब हकदार संत मरियम विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षक,शिक्षकेतर कर्मचारी हैं। अवॉर्ड का श्रेय पूरे विद्यालय के बच्चों अभिभावकों को समर्पित करता हूं, जिन्होंने हम पर भरोसा विश्वास रख तीन साल के मासूम बच्चे और सोलह साल के स्यान बेटी को छात्रावास के हवाले किया।

हम इस विश्वास पर आगे भी खरा उतरेंगे और दामन को सूर्य की भांति बेदाग रखेंगे। आपका विश्वास ही हमारा ताकत है।

### फूड लाइसेंस कैंप का 21 जनवरी को होगा आयोजन

**जयपुर :** मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के दौरान 21 जनवरी को पीएचसी झापड़ कला (कोटखावदा) में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर द्वितीय की टीम की ओर से फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर ही बनाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉक्टर हंसराज भदालिया ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के दौरान आयोजित होने वाले इस शिविर में खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन बनाकर वितरित करने के साथ ही व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 में निहित प्रावधानों की जानकारी प्रदान की जाएगी।

## देश-विदेश के भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बना दूधेश्वरनाथ महादेव कुम्भ मेला शिविर

**एजेंसी**

**महाकुम्भनगर :** श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर द्वारा सेक्टर 20 संगम लोअर मार्ग शास्त्री ब्रिज के नीचे कुंभ मेला क्षेत्र में श्री दूधेश्वर नाथ महादेव कुम्भ मेला शिविर देश-विदेश के संतों व भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शिविर में प्रतिदिन हजारों भक्त पहुंचकर हवन-पूजा-पाठ में भाग लेने के साथ श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर व जूना अखाडा के अंतरराष्टीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। समाधि स्थल भीमगोड सिवाना से नित्य गोपाल राम महाराज, लंदन से राजेश परमार, दिल्ली से अंशुमान, दिल्ली, गाजियाबाद से गौरी शंकर, पत्रकार खुशबू, गंटूर सेजगदीश राज पुरोहित, किशोर राज पुरोहित नत्थू राम प्रजापत, समाधि स्थल सिवाना से मंशाराम, अभयराम आदि ने शिविर में हवन-यज्ञ में आहुति दी। पूजा-पाठ में शामिल होने के बाद



भोजन प्रसाद ग्रहण किया और महाराजश्री से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। सभी ने शिविर की व्यवस्थाओं व सुविधाओं के लिए महाराजश्री की सराहना भी की। शिविर में नित्य रूद्र महायज्ञ, रूद्राभिषेक, हवन, पूजन, बगलामुखी अनुष्ठान, गायत्री अनुष्ठान, राम रक्षा स्त्रोत आदि का आयोजन हो रहा है। श्री दूधेश्वर वेद विद्या पीठ के आचार्य रोहित त्रिपाठी आदि सभी धार्मिक अनुष्ठान करा रहे हैं। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन हजारों भक्त आ रहे हैं और भोजन प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। शिविर में वंचितों के लिए नर सेवा नारायण सेवा निरंतर चल रही है, जिसमें सभी भक्तों का सहयोग मिल रहा है। भक्तों के आग्रह व स्नेह को देखते हुए इसे बढ़ाकर 11 फरवरी तक लगाने का निर्णय लिया गया है। शिविर में 30 जनवरी से 7 फरवरी तक गुप्त नवरात्रि का अनुष्ठान भी होगा।

## बाबूलाल मरांडी ने किया गढ़वा जिला भाजपा कार्यालय का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भाजपा जिला कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी, स्थानीय विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने विधिवत पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर किया।

कार्यक्रम के दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी अटल बिहारी वाजपेयी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने प्रथम मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी को चांदी का मुकुट पहनाकर अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा जिला कार्यालय कार्यकर्ता के संघर्ष का परिणाम है। भाजपा कार्यकर्ता धुप छांव हर परिस्थिति में संगठन को मजबूत करने में लगे रहते हैं। इसलिए संगठन कार्य में कार्यालय की बड़ी भुमिका है। अपना कार्यालय बन जाने से भाजपा संगठन और मजबूत होगा। भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने दिन-रात एक कर संगठन को मजबूत किया है। कार्यकर्ताओं के परिश्रम की बदौलत भव्य कार्यालय बन पाया है। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अच्छे बुरे हर तरह के मौसम में तन-मन धन से पार्टी के लिए लगे रहते हैं। उसी का परिणाम है कि अपना कार्यालय बन कर खडा है। पुर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा कार्यालय होना सौभाग्य की बात है। यह यह ऐतिहासिक क्षण है। कार्यकर्ता ही पार्टी के रिढ़ होते हैं। कार्यकर्ता के दम पर ही इतना बडा कार्यालय बन पाया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुर्व सांसद घुरन राम, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, विकास प्रीतम, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश निरंजन सिन्हा, रघुराज पाण्डेय, ओमप्रकाश केशरी, सुरज गुप्ता, ईश्वर सागर चंद्रवंशी, भाजयुमो पुर्व प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, विवेकानंद तिवारी, अरविंद तुफानी, विजय केशरी, रितेश चैबे, विकास स्वदेशी, डॉ लाल मोहन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता ने किया।

# पद के बाद भी फर्ज निभा रही हूं : अरुणा शंकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरूणा शंकर अपना कार्यकाल खत्म होने के बाद भी लगातार क्षेत्र में लगे रहती है। इसी क्रम में प्रथम महापौर अरुणा शंकर गत 15 दिनों से चौक चौराहों पर अपने निजी खर्चे से अलाव जलवाते हुए इस कड़ाके की ठंड में कल रात भी कई अलाव स्थल पर जाकर राहगीरो एवं स्थानीय लोगों से कुशल कामना पूछी और जरूरतमंद लोगों को कंबल प्रदान की। प्रथम महापौर का इस तरह लगातार कड़ाके की ठंड में रात्रि 9 /10 बजे घूम-घूम कर अलाव जलवाते हुए जरूरतमंद लोगों का हाल-चाल लेना शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों में यह भी चर्चा है कि यह पहली जनप्रतिनिधि है जो अपने कार्यकाल खत्म होने के बाद भी अपने निजी खर्च से अपना निजी इलेक्ट्रीशियन, माली रखकर जहां चौक चौराहो, उद्यान के फूल पत्ती में प्रतिदिन पानी पटवाती वहीं डिवाइड से लेकर कोयल रिवर फ्रंट, गांधी





उद्यान तक के लाइट बत्ती को मेंटेन कर रही ताकि शहर की खूबसूरती बनी रहे। कल रात प्रथम महापौर ने अलाव की व्यवस्था देखते हुए कहा कि मैं शहर की नगर माता रही हूं। जिसका दायित्व एक मां की तरह पद पर रहूं ना रहूं निभा रही हूं।

कोयल रिवर फ्रंट की खूबसूरती बचाए रखना सबों का दायित्व

प्रथम महापौर ने कोयल रिवर फ्रंट पर लगे धौलपुर स्टोन की जाली को स्थानीय चिन्हित युवक के द्वारा लगातार तोड़े जाने पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि मैं पुनः प्रयास कर टूटे हुए धौलपुर स्टोन की जाली निगम द्वारा नया लगवा रही हूं। ताकि कोयल रिवर फ्रंट की खूबसूरती बनी रहे। टेंडर हो चुका है। जिसे बचाने के लिए जगह-जगह पर सीसीटीवी कैमरे भी लग गए हैं। अब शहर की इस खूबसूरती को बचाए रखना स्थानीय लोगों की जवाबदेही है। प्रथम महापौर ने कहा कि जल्द में स्थानीय अभिभावकों की एक कमेटी बनाऊंगी ताकि कोयल रिवर फ्रंट की खूबसूरती को बचाई जा सके। जहां से सैकड़ो लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।